निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शुक्रवार 31 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 75 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में भाग लेते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

## रामकृपाल कंस्ट्रक्शन के कई ठिकानों पर एक साथ आयकर की छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में गुरुवार को आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रामकृपाल कंस्ट्रक्शन से जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई से कंपनी और कारोबारी जगत में हलचल मच गई। आयकर विभाग की टीम ने कंपनी के दफ्तरों और अन्य परिसरों में पहुंचकर दस्तावेजों, वित्तीय रिकॉर्ड और महत्वपूर्ण कागजातों की गहन जांच शुरू कर दी। फिलहाल टीम रिकॉर्ड खंगालने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की कार्रवाई सिर्फ रांची तक सीमित नहीं रही। बिहार के बेगूसराय में भी रामकृपाल कंस्ट्रक्शन से जुड़े ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। विभाग की टीम दोनों राज्यों में कंपनी के दस्तावेजों और वित्तीय गतिविधियों की जांच कर रही है। रामकृपाल कंस्ट्रक्शन का कारोबार झारखंड और बिहार समेत कई राज्यों में फैला हुआ है। कंपनी सरकारी स्तर पर संचालित होने वाली कई बड़ी परियोजनाओं में काम करती है। ऐसे में आयकर विभाग की इस कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की टीम कंपनी के वित्तीय लेन-देन, खातों और अन्य दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही है। हालांकि, विभाग की ओर से अब तक इस कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान या विस्तृत जानकारी जारी नहीं की गई है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष केंद्रीय जांच ब्यूरो ने भी रामकृपाल कंस्ट्रक्शन से जुड़े एक कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की थी। उस दौरान कर्मचारी को कथित तौर पर रिश्वत देते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने का मामला सामने आया था हालांकि, फिलहाल आयकर विभाग की मौजूदा कार्रवाई का उस पुराने मामले से कोई संबंध है या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# छात्रों का हक दिलाइए : हेमंत सोरेन

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखा पत्र, छात्रवृत्ति बढ़ाने की बड़ी मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने और केंद्र से मिलने वाले हिस्से को बढ़ाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि केंद्र से मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि राज्य की वास्तविक जरूरत से काफी कम है। इसकी वजह से बड़ी संख्या में पात्र विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से छात्रवृत्ति के लिए अधिक राशि जारी करने और काल्पनिक आवंटन बढ़ाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने और सामाजिक समानता के साथ शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में छात्रवृत्ति तय करने का आधार किसी समुदाय विशेष के बजाय लाभुक के माता-पिता या आश्रित की वार्षिक आय को बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए झारखंड सरकार ने केंद्र से 66.14 करोड़ रुपये की मांग की थी लेकिन केवल 12.61 करोड़ रुपये ही जारी किए गए। वहीं वर्ष 2025-26 में 45.91 करोड़ रुपये की मांग के मुकाबले केंद्र से सिर्फ 3.95 करोड़ रुपये मिले। पत्र में पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का भी जिक्र किया गया है। मुख्यमंत्री के अनुसार वर्ष 2024-25 में राज्य ने 353.21 करोड़ रुपये की मांग की थी जबकि केंद्र ने केवल 33.57 करोड़ रुपये जारी किए। वहीं



वर्ष 2025-26 में 370.87 करोड़ रुपये की मांग के मुकाबले सिर्फ 58.22 करोड़ रुपये मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बड़े वित्तीय अंतर के कारण लाखों विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिल पा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित काल्पनिक आवंटन बढ़ाने की मांग की है। हेमंत सोरेन ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति का मुद्दा भी प्रधानमंत्री के सामने रखा। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में एसटी विद्यार्थियों की प्री और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए केंद्र सरकार की ओर से कोई राशि जारी नहीं की गई। वहीं वर्ष 2024-25 में जारी किए गए 200 करोड़ रुपये में पिछले वर्षों का बकाया भी शामिल था। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्री-मैट्रिक स्तर पर एसटी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति की दर अन्य वर्गों की तुलना में कम है। वर्तमान में एसटी, एससी और ओबीसी विद्यार्थियों के लिए यह दर क्रमशः 3,000 रुपये, 3,500 रुपये और 4,000 रुपये प्रति छात्र है। उन्होंने एसटी विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति दर बढ़ाने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में अल्पसंख्यक विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यक आबादी 23.29 प्रतिशत है लेकिन वर्ष 2021-22 के बाद से केंद्र सरकार की अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना के तहत कोई राशि जारी नहीं की गई है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस योजना को दोबारा शुरू करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से आर्थिक रूप से पिछड़े और विकासशील राज्यों के लिए विशेष रूप से पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में केंद्र का अंशदान बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे लाखों विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी और वे भविष्य में राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुठभेड़ के बाद अपराधी धराया

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक अपराधी के पैर में गोली लगी जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं उसके दो साथी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापेमारी और सर्च अभियान चला रही है।

### अंधविश्वास में महिला की हत्या

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के खटगांव में अंधविश्वास के चलते एक 40 वर्षीय महिला की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी ने थाना में आत्मसमर्पण कर दिया। मृतका की पहचान तारामणि देवी (40) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गुरुवार को तारामणि देवी खेत से काम कर लौटने के बाद घर से कुछ दूरी पर नल के पास बर्तन धो रही थीं। तभी गांव के सामेल डुंगडुंग ने पीछे से कुल्हाड़ी से उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### भांजी के अपहरण के विरोध पर मामा की हत्या

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के काराकाट बंदुवा में देर रात 15 साल की लड़की के अपहरण के प्रयास में चाकूबाजी और फायरिंग की घटना हुई। इस घटना में लड़की के मामा की चाकू लगने से मौत हो गई जबकि उसकी नानी और पिता जख्मी है। लड़की के पिता को गोली लगी है। मृतक की पहचान मकबूल मियां के रूप में की गई है। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव के साथ कोयल नदी पुल को एक घंटे तक जाम कर दिया।

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के दाउदनगर में एक 35 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर सदर थाना के एसआई अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### फैक्ट्री में विस्फोट, मजदूर की मौत

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि छह मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को तत्काल जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित टीएमएच अस्पताल पहुंचाया गया जहसं उनका इलाज जारी है। इनमें तीन मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों में एक महिला मजदूर भी शामिल है। मृतक की पहचान मुरली पात्रो के रूप में की गई है।

# 26 आजीवन सजायाफ्ता कैदियों की होगी रिहाई

## सीएम की अध्यक्षता में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में लिया गया फैसला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक आयोजित हुई। बैठक मंम राज्य की विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 79 कैदियों की रिहाई से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद 26 कैदियों की रिहाई पर सहमति बनी। बैठक में पर्षद द्वारा अनुशंसित 37 नए मामलों के साथ-साथ पूर्व में अस्वीकृत 42 मामलों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ प्रत्येक मामले में पात्रता, जेल में आचरण, कारावास की अवधि, कानूनी प्रावधान, न्यायालय की



राय, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी प्रमंडलों में ओपन जेल स्थापित करने की दिशा में भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार न्याय व्यवस्था के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं और सुधारात्मक दृष्टिकोण को भी समान महत्व दे रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि रिहा होने वाले कैदियों के पुनर्वास, सामाजिक पुनर्स्थापन और सम्मानजनक जीवन-यापन के लिए आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने मानसिक रूप से बीमार बंदियों का डाटाबेस तैयार करने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजीपी तदाशा मिश्रा, प्रधान सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं के महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल, न्यायिक आयुक्त अनिल कुमार मिश्रा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## केएसएस गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

**नवीन सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** बड़कागांव थाना क्षेत्र में गुरुवार को हजारीबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर प्रिंस खान से संचालित बताए जा रहे केएसएस (कोयलांचल शांति सेना) के पांच सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। घायल आरोपी का इलाज पुलिस सुरक्षा में सदर अस्पताल, हजारीबाग में चल रहा है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सैयद मोहम्मद जीशान, मो. शमशाद उर्फ साहिल, वकास हैदर, अरुण कुमार सिंह और रौशन मालाकार के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गैंगस्टर प्रिंस खान के निर्देश पर कोयला क्षेत्रों में लेवी वसूली के लिए दहशत फैलाने और ट्रांसपोर्ट मार्ग पर चलने वाली हाइवा गाड़ियों पर फायरिंग की योजना बना रहे थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से



एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, 23 जिंदा कारतूस तथा पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस संबंध में बड़कागांव थाना में कांड संख्या 134/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कुछ के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट समेत कई गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं। पूरे अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बड़कागांव) अमित आनंद ने किया। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी और नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए अभियान जारी रहेगा।

## 5 अगस्त को प्रकाशित होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची : सीइओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में दिनांक 23 मई 2026 को 70,62,319 अन-मैप्ड मतदाताओं की सूची सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाशित की गई थी जिसके उपरांत सघन अभियान चलते हुए 29 जुलाई को इन्यूमरेशन फ़ेज से पूर्व कुल 47,42,505 मतदाता अन-मैप्ड श्रेणी में रह गए। इन्यूमरेशन फ़ेज के क्रम में मतदाताओं, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए-2, वोलेंटियर्स के सहयोग से बीएलओ द्वारा अधिक से अधिक मतदाताओं को विगत एसआईआर से मैपिंग का कार्य किया गया। वर्तमान में 5.3% अर्थात कुल 14,02,262 मतदाता ही अन-मैप्ड श्रेणी में बचे हैं। श्री कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग में विगत एसआईआर के मतदाता सूची को सुपीरियर डॉक्यूमेंट के रूप में माना गया है। ड्राफ्ट पब्लिकेशन में जिन मतदाताओं की विगत एसआईआर के मतदाता सूची से मैपिंग सही पाई गई है एवं तार्किक विसंगति नहीं प्राप्त होती है, वैसे सभी मतदाताओं को ड्राफ्ट पब्लिकेशन के उपरांत अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया जा सकेगा। अन-मैप्ड मतदाताओं के संबंध में ईआरओ स्तर से सत्यापन के उपरांत उन्हें मतदाता सूची में शामिल किया जा सकेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 5 अगस्त को मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन किया जाना है। इसके उपरांत राज्य में वैसे सभी पात्र भारतीय नागरिक जो मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन में शामिल नहीं हुए है, नए मतदाता एवं पात्र भारतीय नागरिक जो किसी कारण से 2026 के वर्तमान मतदाता सूची में शामिल नहीं होने वाले सभी मतदाता, फॉर्म 6 एवं घोषणा पत्र भरकर अन्तिम मतदाता सूची में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि विगत एसआईआर से मैपिंग एक सुपीरियर डॉक्यूमेंट है, ऐसे सभी मतदाता, 5 अगस्त के बाद फॉर्म 6 भरते समय इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

## 50 हजार रुपये रिश्वत लेते महिला थाना प्रभारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) रांची की टीम ने खूंटी महिला थाना प्रभारी सुलेखा कुमारी सपना को कथित तौर पर 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार हुरलुंग (तारो सिलादोन) निवासी श्याम कुमार ने एसीबी से शिकायत की थी कि महिला थाना कांड संख्या 06/2025 से उनका नाम हटाने के एवज में थाना प्रभारी ने 4.50 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन किया और जाल बिछाया। योजना के तहत परिवादी के माध्यम से 50 हजार रुपये रिश्वत की पहली किस्त थाना प्रभारी को दिलाई गई। जैसे ही उन्होंने कथित रूप से रकम स्वीकार की, पहले से मौके पर तैनात एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया




और हिरासत में ले लिया। इसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए रांची ले जाया गया। यह पहली बार नहीं है जब खूंटी महिला थाना रिश्वतखोरी के मामले में चर्चा में आया है। इससे पहले वर्ष 2021 में तत्कालीन महिला थाना प्रभारी मीरा कुमारी भी एसीबी की कार्रवाई में गिरफ्तार होकर जेल गई थीं। एसीबी की इस कार्रवाई के बाद जिले में भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। लोगों का कहना है कि कानून-व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली से ही प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास मजबूत हो सकता है।

## सावन की पहली सुबह बाबा बैद्यनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

### 105 किमी तक बोल बम से गूंजा कांवर पथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** सावन माह की शुरुआत के साथ ही झारखंड के विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम में गुरुवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बिहार के सुल्तानगंज स्थित उत्तरवाहिनी गंगा से लेकर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर तक करीब 105 किलोमीटर लंबे कांवर पथ पर गेरुआ वस्त्रधारी कांवड़ियों की लंबी कतारें नजर आईं। पूरा इलाका 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। श्रावणी मेले का औपचारिक शुभारंभ बुधवार को बिहार-झारखंड सीमा स्थित दुम्मा प्रवेश द्वार पर वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा के साथ हुआ था। गुरुवार सुबह चार बजे बाबा बैद्यनाथ मंदिर के पट खोले गए। इसके बाद गर्भगृह का पारंपरिक विधि-विधान से शुद्धिकरण किया गया और सरदारी



पूजा संपन्न हुई। पूजा के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए जलार्पण की व्यवस्था शुरू कर दी गई। पहले ही दिन मंदिर परिसर, शिवगंगा, दुम्मा प्रवेश द्वार और पूरे कांवर पथ पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। धार्मिक मान्यता के अनुसार बाबा बैद्यनाथ धाम देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल है। यह दुनिया का एकमात्र ऐसा तीर्थस्थल माना जाता है जहां ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ एक ही परिसर में स्थित हैं। परंपरा के अनुसार श्रद्धालु सुल्तानगंज से उत्तरवाहिनी गंगा का जल कांवर में भरकर 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी करने के बाद बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करते हैं। इसके बाद दुमका जिले के बासुकीनाथ धाम में पूजा-अर्चना के साथ उनकी कांवर यात्रा पूर्ण मानी जाती है। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा को देखते हुए इस बार प्रशासन ने कई नई व्यवस्थाएं लागू की हैं। पूरे सावन महीने स्पर्श पूजा पर रोक रहेगी और श्रद्धालु आधुनिक अरघा प्रणाली के माध्यम से ही जल अर्पित करेंगे। वीआईपी, वीवीआईपी और आउट-ऑफ-टर्न दर्शन की सुविधा भी बंद कर दी गई है ताकि सभी श्रद्धालुओं को समान अवसर मिल सके। सुरक्षा के लिए पहली बार एआई आधारित निगरानी, फ़ेसियल रिकग्निशन कैमरे और ड्रोन तैनात किए गए हैं। पूरे मेला क्षेत्र में 11,500 से अधिक पुलिसकर्मी, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर के जवान सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। वहीं, शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए क्यूआर कोड आधारित शिकायत प्रणाली भी लागू की गई है।

## सीएम हेमंत से सेल सीएमडी डॉ. अशोक कुमार पांडा ने की शिष्टाचार मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार पांडा ने मुलाकात की। यह बैठक राजधानी रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह सेल के सीएमडी की मुख्यमंत्री से एक औपचारिक शिष्टाचार भेंट थी। इस मुलाकात के दौरान झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक-प्रभारी प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (खनन) वी. मानवटी, राज्य प्रशासन और औद्योगिक क्षेत्र के कई प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक को राज्य में औद्योगिक विकास, बोकारो स्टील प्लांट की गतिविधियों तथा सेल की खनन परियोजनाओं के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



# स्वावलंबन की ओर बढ़े कदम : 37 दिव्यांगजनों को मिली बैटरी चालित ट्राई साइकिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मानजनक जीवन और समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में गुरुवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से नगर भवन में ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएमएफटी डीएमएफटी फंड से जिले के 37 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदीव्य कुमार और उपायुक्त रामनिवास यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद दोनों ने लाभुकों को बैटरी चालित ट्राई साइकिलें सौंपीं। ट्राई साइकिल मिलने पर दिव्यांगजनों और उनके परिजनों ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



मंत्री सुदीव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बैटरी चालित ट्राई साइकिल दिव्यांगजनों के लिए केवल एक वाहन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और नए अवसरों का माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचे।उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम और सम्मानजनक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ऐसी योजनाएं लाभुकों को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सहभागिता के नए अवसर उपलब्ध कराती हैं। साथ ही उन्होंने समाज कल्याण विभाग को सभी पात्र दिव्यांगजनों की पहचान कर समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर महापौर प्रमिला मेहरा, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, सांसद प्रतिनिधि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र, उप महापौर, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता सह आईएएस प्रशिक्षु, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में

# विभावि परिसर में प्रारंभ हुआ विशेष सफाई अभियान

**वर्षा के मौसम में भी परिसर को सुरक्षित तथा साफ रखना है उद्देश्य : डॉ. देवनारायण राम**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को विशेष सफाई अभियान प्रारंभ किया गया है। विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी सह अर्थशास्त्र



विभाग के अध्यक्ष डॉ देवनारायण राम के निर्देशन में लगभग डेढ़ दर्जन सफाई कर्मियों की टोली ने सबसे पहले अतिथि भवन के आसपास साफ-सफाई के कार्य को संपन्न किया।

इसके बाद विश्वविद्यालय के अतिथि भवन के सामने अवस्थित पार्क में सफाई कार्य संचालित किया गया। तीसरे चरण में रविंद्रनाथ टैगोर कला भवन के सामने सफाई अभियान संचालित हुआ। अपने अभियान की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान वर्षा के मौसम में उत्पन्न जंगल-झाड़ी आदि को साफ करने के उद्देश्य से चलाया गया। इसके अलावे झाड़ियों की बाड़ (हेज) का कटिंग का कार्य को भी सलीके से किया गया। डॉ देवनारायण राम ने बताया कि इस मौसम में यह अभियान समय-समय पर निरंतर संचालित किया जाएगा। बताया कि शुक्रवार को गृह विज्ञान भवन के आसपास से सफाई कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य है कि यहां आने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर सुंदर और साफ दिखता रहे। डॉ राम ने बताया कि इस कार्य में उन्हें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा, सीसीडीसी प्रो मिथिलेश कुमार सिंह तथा कुलसचिव श्री सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा सहित पूरे विश्वविद्यालय परिवार का पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन लगातार प्राप्त हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मगध विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**बोधगया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मगध विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग एवं एनईपी सेल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को भारतीय ज्ञान प्रणाली पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का उद्घाटन एवं इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और स्वागत समारोह से हुई। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं पाठ्यक्रम संयोजक प्रो. अंजनी कुमार घोष ने स्वागत भाषण देते हुए पाठ्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जीबीएम कॉलेज, गया की प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की भारतीय ज्ञान प्रणाली मास्टर ट्रेनर डॉ. सीमा पटेल ने नई शिक्षा नीति-2020, भारतीय ज्ञान प्रणाली और भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान की समृद्ध विरासत से जुड़ने का आह्वान किया। एनईपी समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका सिंह ने पाठ्यक्रम का परिचय देते हुए इसकी रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी दी। राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. मोहम्मद एहतेशाम खान ने भारतीय ज्ञान प्रणाली के अध्ययन की आवश्यकता और समकालीन महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की शोधार्थी अर्चना कुमारी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रियंका सिंह ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. मो. शमशाद अंसारी, डॉ. श्रद्धा ऋषि, डॉ. दिव्या मिश्रा, अविनाश कुमार, डॉ. ममता मेहरा, डॉ. एकता वर्मा, घनश्याम, छोटू और श्वेता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय ने इसे नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा को उच्च शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय बौद्धिक विरासत से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

### युवाओं के लिए शुरू होगी कॉफी विद डीएम पहल

**गया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गया जिले के विकास और सुशासन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने ह्यकॉफी विद डीएम झ्र संवाद से सहभागिता तकह्न नामक विशेष युवा सहभागिता पहल शुरू की है। इस पहल के तहत युवाओं को एक अनौपचारिक और संवादात्मक मंच मिलेगा, जहां वे सीधे जिलाधिकारी से अपने विचार, सुझाव और समस्याएं साझा कर सकेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा अपनी आकांक्षाओं, चुनौतियों, नवाचारपूर्ण विचारों, करियर संबंधी चिंताओं, स्थानीय समस्याओं, सुशासन, उद्यमिता, शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य तथा जीवन और समाज से जुड़े अन्य विषयों पर खुलकर चर्चा कर सकेंगे। जिला प्रशासन का उद्देश्य युवाओं और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करना, आपसी समझ विकसित करना तथा विकास प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह संवाद सत्र प्रत्येक बुधवार और शनिवार को जिला समाहरणालय, गया में आयोजित किए जाएंगे। इसमें जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और विविध पृष्ठभूमियों से चयनित प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा, ताकि विभिन्न विषयों पर सार्थक और व्यापक चर्चा हो सके। जिला प्रशासन ने बताया कि गया जिले के 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के वे युवा, जो विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पॉलिटेक्निक अथवा अन्य शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत हैं, आवेदन करने के पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध कॉफी विद डीएम अनुभाग में दिए गए लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि यह पहल युवाओं को प्रशासन से जोड़ने, उनके विचारों को नीति निर्माण तक पहुंचाने और गया के समग्र विकास में उनकी रचनात्मक भूमिका को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### अनुमंडल कार्यालय में अनुश्रवण समिति की बैठक

**खिजरसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नीमचक बथानी अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को अनुश्रवण समिति की बैठकका आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) केशव आनंद ने की। आयोजित बैठक में राशन कार्ड निर्माण, पेयजल सहित आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम केशव आनंद ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी स्थानीय समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मानव वैदिक जागृति सेवा ट्रस्ट के माध्यम से लाल बाबा ने पूजा-अर्चना, हवन, प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन

**गया जी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विष्णुपद के शांतिकुंज भवन में मानव वैदिक जागृति सेवा ट्रस्ट के द्वारा प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। लाल बाबा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया करते रहे हैं। इस अवसर पर सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना एवं हवन संपन्न हुआ । जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति, सुख-समृद्धि एवं मानव कल्याण की कामना की है। इस कार्यक्रम के दौरान कृष्णकांत प्रसाद ने गुरु महिमा पर आधारित प्रेरणादायी प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि गुरु ही ज्ञान का प्रकाश हैं और उनके मार्गदर्शन से ही जीवन सफल एवं सार्थक बनता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से गुरु के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को बढ़ाने का आह्वान किया है। पूजा एवं प्रवचन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया है। पूरे आश्रम परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने गुरु पूर्णिमा का पर्व उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया है।इस कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत प्रसार ,अभीशेख उपाध्यक्ष, देवेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, गुड्डू बाबा, ममता मैडम ,ओमप्रकाश शर्मा, कृष्ण कुमार उपाध्याय ,आशु पांडे ,मुनमुन सिंह एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही है।



# 4.56 लाख महिलाओं के खातों में पहुंची 114.06 करोड़ की सम्मान राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जुलाई 2026 की सम्मान राशि का भुगतान कर दिया गया है। जिले की 4,56,267 महिला लाभुकों के बैंक खातों में डीबीटी (डीबीटी ) के माध्यम से प्रति लाभुक ₹2,500 की दर से कुल ₹114.06 करोड़ (₹1,14,06,67,500) सीधे हस्तांतरित किए गए हैं। जिला प्रशासन के अनुसार योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी प्रखंडों और शहरी निकायों में लगातार निगरानी की गई, जिससे पात्र महिलाओं को समयबद्ध और




पारदर्शी तरीके से राशि मिल सकी। प्रशासन का कहना है कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है सबसे अधिक लाभुक जमुआ (53,785) और धनवार (47,805) प्रखंड में रहे, जबकि गिरिडीह प्रखंड (39,374), डुमरी (41,075), बिरनी (35,565), देवरी (34,257), गांडेय (32,546), बगोदर (31,844), बेंगाबाद (28,880) तथा अन्य प्रखंडों एवं नगर निकायों की महिलाओं को भी योजना का लाभ मिला।जिला प्रशासन ने सभी लाभुक महिलाओं से बैंक खाते और आधार संबंधी विवरण अद्यतन रखने की अपील की है, ताकि भविष्य में भी सम्मान राशि का भुगतान बिना किसी बाधा के समय पर होता रहे।

# गिरिडीह में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, वाहनों की सघन जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर बुधवार देर शाम पचम्बा थाना क्षेत्र में विशेष एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के तहत अलकापुरी चौक एवं पचम्बा चौक पर आने-जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की गई चेकिंग अभियान का नेतृत्व पचम्बा थाना के सब इंस्पेक्टर रंजीत पिंगुआ ने किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं सूत्रों के अनुसार, पुलिस इस अभियान को हाल ही में क्षेत्र में हुई आपराधिक घटना के मद्देनजर भी महत्वपूर्ण मान रही है। पुलिस का उद्देश्य क्षेत्र में अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना और आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है।

# 5 अगस्त से शुरू होगी दावा-आपत्ति प्रक्रिया, 7 अक्टूबर को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में 30 जून से चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत गणना प्रपत्रों का संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 05 अगस्त को प्रकाशित



होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि कोई पात्र मतदाता एसआईआर अभियान के दौरान गणना प्रपत्र नहीं भर पाया है, तो वह प्रपत्र-6 एवं घोषणा पत्र भरकर संबंधित बीएलओ को जमा करें, ताकि नियमानुसार उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।उन्होंने बताया कि 05 अगस्त से 04 सितंबर तक मतदाता सूची पर दावा एवं आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। इस दौरान नाम जोड़ने, संशोधन और विलोपन से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। वहीं 05 अगस्त से 03 अक्टूबर तक इन दावों एवं आपत्तियों का परीक्षण और निष्पादन किया जाएगा। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 07 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना तथा शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची का प्रकाशन करना है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जयपुर के चतुर्वेद वेद-विद्यापीठ में आयोजित हुआ डॉ. अनिल सुलभ का व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** वेदों के संरक्षण में भारतीय ऋषियों और विप्रों का बलिदान अविस्मरणीय है। सहस्राब्दियों तक भारत के विप्रजन अपनी समस्त सुख-सुविधाओं का त्याग कर नित्य वेदों के गायन की साधना की और आने वाली असंख्य पीढ़ियों को इस कार्य और वेदों के रक्षण के लिए बलिदान की प्रेरणा दी। इन विप्रों ने वेदों को कंठस्थ किया और आनेवाली पीढ़ियों को इन्हें सौपते आए। जिन्होंने चारों वेदों को आद्योपान्त नियमित क्रम से कंठस्थ किया, उन्हें चतुर्वेदी, जिन्होंने तीन वेदों को कंठस्थ किए उन्हें त्रिवेदी, दो को कंठस्थ करने वालों को ह्विद्विवेदीह्न तथा एक वेद को



कंठस्थ करने वालों को ह्वेदीह्न की उपाधि दी गई । वेदों में विश्व का समस्त ज्ञान और विज्ञान है। इसलिए वेदों का प्रचार और उसका अनुसरण देश का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आंदोलन है, जिसे सभी प्रकार से बल दिया जाना चाहिए। वेद-पाठशालाओं की संख्या बढ़ानी चाहिए। संस्कृत और वेद सभी विद्यालयों में पढ़ाई जानी चाहिए। इससे भारत आध्यात्मिक और वैज्ञानिक रूप से समृद्ध होगा। तभी मानव जाति में मानवीय गुणों का विकास होगा। यह बातें विगत संध्या जयपुर के सांगानेर में स्थापित सुप्रसिद्ध गौशाला श्री पिंजरापोल गोशाला परिसर में प्राचीन गुरुकुल पद्धति से संचालित गोविन्द देव चतुर्वेद वेद विद्यापीठ में बटुकों को संबोधित करते हुए, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। इस अवसर पर विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने वेद-ऋचाओं का पाठकर डा सुलभ को सम्मानित किया। आरंभ में, व्याख्यान की संयोजिका और भारत स्काउट ऐंड गाइड फेलोशिप की राष्ट्रीय महासचिव सीमा राठी ने डा सुलभ का राजस्थानी वंदन-वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्रीमती राठी ने विद्यापीठ के आचार्य श्री नितिन द्विवेदी एवं सभी बटुक विद्यार्थियों से डा सुलभ का परिचय कराया और आशीर्वचन के लिए आग्रह किया।

# बरही में बढ़े सर्पदंश के मामले, एक ही दिन चार लोग बने शिकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** बरसात के मौसम में बरही प्रखंड में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि दर्ज की जा रही है। गुरुवार को क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में सर्पदंश की चार घटनाएं सामने आईं। सभी घायलों को पहले बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सर्पदंश के शिकार होने वालों में कटियां निवासी नरेश सिंह (70), देवचंदा निवासी कुंती देवी (40), बरही निवासी रामेश्वर यादव (60) तथा चौपारण प्रखंड के कारीपहरी निवासी हरि दास शामिल हैं। सभी की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें उच्च स्तरीय उपचार के लिए रेफर किया। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि बरसात के मौसम में खेतों, बगीचों, झाड़ियों और जलजमाव वाले क्षेत्रों में सांप निकलने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में ग्रामीणों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए । चिकित्सकों ने सलाह दी है कि सर्पदंश होने पर झाड़-फूंक या घरेलू उपचार के भरोसे समय न गंवाएं।

# जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच हो, सभी जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी बर्खास्त हों : बाबूलाल मरांडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को हजारीबाग के परिषदन भवन में प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने मांग की कि जेपीएससी और जेएसएससी में कार्यरत सभी संबंधित कर्मचारी एवं पदाधिकारियों को तत्काल बर्खास्त कर पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। प्रेस वार्ता की शुरूआत भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की। अपने संबोधन में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 14वीं सिविल सेवा परीक्षा सहित असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट, फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर और




अन्य भर्ती परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ओएमआर शीट में हेराफेरी की गई, कम उत्तर भरने वाले अभ्यर्थियों का भी मुख्य परीक्षा के लिए चयन कर लिया गया तथा श्रेणीवार कट-ऑफ अंक सार्वजनिक नहीं किए गए। मरांडी ने आरोप लगाया कि ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को परीक्षा संचालन का कार्य सौंपा गया और जांच के नाम पर अभ्यर्थियों को गुमराह किया गया। उन्होंने दावा किया कि मुख्य आरोपी के माध्यम से कथित रूप से होटल से पूरे नेटवर्क का संचालन किया गया, जहां अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले प्रश्न-उत्तर याद कराए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीजीएल परीक्षा से पहले बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को कथित रूप से विशेष तैयारी कराकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं के दोषियों पर लोकसभा से पारित कानून के तहत शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के आरोपों पर पूछे गए सवाल के जवाब में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक बूथ पर सभी राजनीतिक दलों को बीएलए-2 नियुक्त करने का अवसर दिया गया था और बीएलओ के साथ मिलकर प्रक्रिया पूरी कराई गई। ऐसे में विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। प्रेस वार्ता में भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, उदयभान नारायण सिंह, अशोक यादव, सुनील मेहता, गणेश यादव, कुणाल किशोर, मनोज गिरी, विवेक सिंह, राजेश गुप्ता सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

*नोट : यह समाचार प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाए गए आरोपों और उनके बयानों पर आधारित है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।*

# सर्पदंश से भाई-बहन की मौत

## दोनों का विम्स में चल रहा था इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (विम्स) पावापुरी में इलाज के दौरान सर्पदंश के शिकार सगे भाई-बहन की मौत हो गई। मृतक नवादा जिले के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पश्चिम बेलदारी लखौरा गांव निवासी संजय चौहान के 12 वर्षीय पुत्र चिंटू कुमार एवं 8 वर्षीय सरस्वती कुमारी के रूप में हुई है। दोनों लखौरा गांव निवासी संजय चौहान के पुत्र-पुत्री थे। स्वजन ने बताया कि दोनों भाई-बहन रात में घर के अंदर सो रहे थे। इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उन्हें डंस लिया। कुछ देर बाद दोनों की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में स्वजन उन्हें इलाज के



लिए भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने दोनों का उपचार शुरू किया।

इलाज के दौरान पहले बुधवार को सरस्वती कुमारी की मौत हो गई, जबकि गुरुवार सुबह चिंटू कुमार ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों की मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

सहायक थाना पावा पुरी के थाना अध्यक्ष गौरव कुमार सिंह ने बताया कि नवादा जिले के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पश्चिम बेलदारी लखौरा गांव निवासी संजय चौहान के 12 वर्षीय पुत्र चिंटू कुमार की आज सुबह डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। वहीं, 1 दिन पहले उसकी 8 वर्षीय बहन की भी मौत हो गई है।

अस्पताल में मृतक बच्चें के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। गांव में 24 घंटे में भाई-बहन की अर्थी उठने से हर किसी की आंखें नम हो गईं। बरसात के मौसम में सर्पदंश की इस घटना ने ग्रामीणों को भी झकझोर कर रख दिया।

## एक ही रात तीन घरों में चोरी

**रसूलपुर(एकमा)।** एनएच-531पर के किनारे थाना से महज चार सौ मीटर की दूरी पर चड़वां गांव में बुधवार की द रात अज्ञात चोरों ने एक साथ तीन घरों को निशाना बनाकर पुलिसिया गश्त की पोल खोल दी। बेखौफ चोरों ने गांव के तीन अलग-अलग घरों में घुसकर नकद समेत लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और सामान पर हाथ साफ कर दिया। एक ही रात में हुई चोरी की इस दुस्साहसिक वारदात से पूरे गांव के लोग सहमे हुए हैं और स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं।

चोरों ने सबसे पहले छत के रास्ते रौशन श्रीवास्तव के घर को निशाना बनाया, वहां से कई कमरों के आलमीरा तोड़कर कीमती कपड़े और लाखों रूपए मूल्य की संपत्ति बटोर ले गए। इसके बाद चोरों ने मुकुल श्रीवास्तव के घर में धावा बोला और वहां भी कई लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों का तांडव यहीं नहीं रूका उन्होंने इब्रान अली के घर को भी खंगाला जहां साठ हजार रूपए नकद समेत तकरीबन बीस लाख के गहने ले उड़े। हालांकि थानाध्यक्ष प्रिंस राज ने एक घर में चोरी की पुष्टि की है,

# राज्य व्यापी कार्यक्रम के तहत निकाली गयी संकल्प यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड के आइसा - आरवाईए - भाकपा (माले) के लोकल कमिटी ने गुरुवार के दिन संयुक्त रूप से मिल राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत नगरनौसा में संकल्प यात्रा निकाला गया।संकल्प यात्रा का नेतृत्व कॉमरेड रामदास अकेला ने किया।संकल्प यात्रा नगरनौसा बाजार के विभिन्न स्थानों से घूमते हुए बस स्टैंड के पास पहुंच खत्म हुआ।इस मौके पर कॉमरेड रामदास अकेला ने कहा कि भाजपा सरकार अपने किए गए वादे से हमेशा मुकरती रही है। इसलिए हमें सभी साथियों के घर वापस आने तक चौकन्ना रहना होगा और इसके लिए प्रशासन पर जरूरी दवाब बनाए रखना होगा।

उन्होंने सरकार से पालीगंज विधायक का. संदीप सौरभ के ऊपर नीट आंदोलन के दौरान भाजपाई साजिश के तहत भाजपा द्वारा कराया गया मुकदमा वापस लेने की मांग किया साथ ही नगरनौसा के सभी आंदोलनकारियों पर से मुकदमें वापस लेने,सरकार अखबार में आंदोलनकारियों को दुर्दांत अपराधी की तरह लुकआउट नोटिस/फोटो जारी करने के लिए माफी मांगने, आंदोलनकारियों पर अङ 47 से



फायरिंग का आदेश देने वाले अधिकारी पर कार्रवाई कब की मांग एवं सम्राट सरकार जबाव देने की मांग,पुलिस की गोली या लाठी से घायल सभी आंदोलनकारियों को मुआवजा देने,बिहार के विश्वविद्यालयों में 300 प्रतिशत फीस वृद्धि वापस लो,ऑनर्स में नामांकन के लिए 7.5 सीजीपीए की अनिवार्यता खत्म करने,शिक्षा का बाजारीकरण बंद करो, प्राइवेट विश्वविद्यालय अधिनियम वापस लेने,एनटीए को भंग करने,सभी रिक्त पदों पर अविलंब बहाली करने,डिग्री कालेजों को विश्वविद्यालयों से अलग करने वाला विधेयक वापस लेने की मांग किया।

# चोर गिरोह की महिला सदस्या गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले की गड़हनी थाना पुलिस ने चोरी के मामले का उद्भेदन करते हुए फरार चल रही चोर गिरोह की महिला सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित महिला के पास से करीब ढाई लाख रुपये नकद, सोने के तीन झुमके, तीन मंगलसूत्र, तीन चेन तथा करीब दो किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

गिरफ्तार महिला की पहचान पटना जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र के एतवारूपुर गांव निवासी रंजीत पासवान की पत्नी सीमा देवी के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक राज ने बुधवार को प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, 17 जुलाई को गड़हनी थाना क्षेत्र के लसाढ़ी गांव निवासी राकेश रोशन के घर एक अज्ञात महिला खुद को उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मलथर गांव निवासी शिवाजी सिंह की बेटी बताकर पहुंची थी।

राकेश रोशन की मां ने उसे रिश्तेदार समझकर घर में ठहरा लिया था। रात में महिला ने काढ़ा बनाकर उसमें नशीला पदार्थ मिला दिया, जिसे पीने के बाद परिवार के सभी सदस्य बेहोशी की हालत में सो गए थे।

इसके बाद आरोपित घर में रखे करीब साढ़े छह लाख रुपये नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गई थी। घटना के बाद राकेश रोशन ने गड़हनी थाना में अज्ञात महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

अनुसंधान के दौरान सीमा देवी की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद वह फरार चल रही थी।

# नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) शिवाजीनगर में गुरुवार को मिशन लाइफ मॉडल क्लब के प्रभावी संचालन एवं विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामजन्म सिंह ने की प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों से एक-एक नामित नोडल शिक्षक ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रशिक्षण पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, मास्टर ट्रेनर जीत बहादुर सिंह तथा समीर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामजन्म सिंह ने कहा कि मिशन लाइफ का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने शिक्षकों से अपने-अपने विद्यालयों में मिशन लाइफ मॉडल क्लब का गठन कर नियमित रूप से पौधारोपण, जल संरक्षण, ऊर्जा की बचत, प्लास्टिक मुक्त परिसर,



स्वच्छता अभियान तथा अन्य पर्यावरणीय गतिविधियों का संचालन कराने का आह्वान किया पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान मिशन लाइफ मॉडल क्लब के गठन, उसकी कार्यप्रणाली, वार्षिक गतिविधियों, अभिलेख संधारण एवं विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। वहीं मास्टर ट्रेनर जीत बहादुर सिंह एवं समीर कुमार ने शिक्षकों को क्लब के माध्यम से विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित नवाचारों, व्यवहार परिवर्तन तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों के सफल संचालन के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा उन्हें निर्देश दिया गया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी को विद्यालय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करें कार्यक्रम में प्रखंड के सभी विद्यालयों से आए नोडल शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# गयाजी को रामायण सर्किट से जोड़ा जाये : कांग्रेस

## लोगों ने लगाया गयाजी के साथ नाइंसाफी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** भारत सरकार से स्वदेश दर्शन योजना के तहत शुरूआती तौर पर 09 राज्यों और नेपाल के कुल 15 मुख्य स्थलों शहरों, जिलों को चिन्हित किया है, जिसके अंतर्गत बिहार के सीतामढ़ी, बक्सर और दरभंगा को जोड़ते हुए गयाजी के नाम के वर्षों पूर्व से रामायण सर्किट के लिए प्रस्तावित होने के बाद भी लिस्ट में नाम नहीं जोड़ना भारी नाइंसाफी होगी।

बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह ₹ गयाजी रामायण सर्किट जोड़ों संघर्ष समिति के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू , जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह संतोषी पंडा दामोदर गोस्वामी, मुरारी प्रसाद, आदि ने कहा की गयाजी का विश्व प्रसिद्ध सीता कुंड मन्दिर जो माता सीता जी, भगवान रामचंद्र जी भगवान लक्ष्मण जी द्वारा अपने पिता दशरथ जी के फल्गु नदी में पिंडदान की वाक्या किसी से छुपी नहीं है, परंतु बिहार राज्य से झारखंड के विभाजन के उपरांत बिहार से ही बुद्धा सर्किट के तर्ज.पर रामायण सर्किट विकसित करने की सूची में गयाजी का नाम नहीं रहना न्याय संगत नहीं है।

नेताओं ने कहा कि गयाजी में विश्व प्रसिद्ध सीता कुंड मंदिर सहित पिंडदान की बातें शायद केंद्र सरकार के पास कोई प्रस्ताव राज्य सरकार ने नहीं भेजा तथा स्थानीय सांसद या विधायक द्वारा बातें को प्रमुखता से उठाया नहीं गया, जिसके कारण गयाजी को देश के रामायण सर्किट से नहीं जोड़ा गया। नेताओं ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से गयाजी को अविलंब रामायण सर्किट से जोड़ने की मांग दोहराई है।

# जल जमाव से लोग हलकान

## गड्ढों में फंस रहे वाहन, सोशल मीडिया पर उठ रहे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** डुमरांव शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल राज हाई स्कूल से कृषि कालेज मोड़ तक का रास्ता इन दिनों सिर्फ राहगीरों की परेशानी का कारण नहीं, बल्कि इंटरनेट मीडिया पर व्यवस्था की बदहाली का मुद्दा बन गया है।

करीब एक साल से अधूरे मरम्मत कार्य, गड्ढों और जलजमाव से लोग परेशान हैं। आए दिन बाइक, ई-रिक्शा और आटो चालक सड़क पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

यह सड़क डुमरांव-बिहारशरीफ एनएच-120 का हिस्सा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच घोषित होने के बाद भी सड़क की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

लंबे समय से निर्माण और मरम्मत कार्य अधूरा रहने के कारण लोगों का गुस्सा अब सोशल मीडिया पर खुलकर सामने आ रहा है।

सड़क की बदहाली को लेकर



स्थानीय युवा लगातार रील्स और वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर साझा कर रहे हैं।

इनमें सबसे ज्यादा चर्चा उस वीडियो की हो रही है, जिसमें जलजमाव से भरी सड़क दिखाते हुए तंज कसा गया है।रील में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान चर्चित व्यंग्य गीत ह्वता-ता तुना, ना धी धीना...ह्ल का इस्तेमाल कर सड़क की हालत और व्यवस्था की कथित उदासीनता पर सवाल उठाए गए हैं।

वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों की नाराजगी का डिजिटल चेहरा बन गया है।

स्थानीय युवक अजमेर खान, गोलू राय समेत कई सोशल मीडिया यूजर सड़क की स्थिति को लेकर लगातार वीडियो पोस्ट कर रहे हैं।

लोगों का सवाल है कि आखिर एक साल बीत जाने के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य पूरा क्यों नहीं हो पाया।

एक इंटरनेट मीडिया पेज पर सड़क के गड्ढों में फंसते और गिरते वाहनों के वीडियो भी लगातार साझा किए जा रहे हैं।

इन पोस्ट पर लोग कमेंट कर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं और जिम्मेदार विभाग व जनप्रतिनिधियों से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। स्थानीय व्यवसायी संजय दयाल, रोहित शर्मा, अजय केशरी और अजीत कुमार सिंह समेत अन्य लोगों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति का सीधा असर बाजार पर पड़ रहा है।

जलजमाव और गड्ढों के कारण ग्राहक इस रास्ते से आने से बच रहे हैं, जिससे दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। व्यवसायियों का कहना है कि सड़क की स्थिति जल्द सुधारी नहीं गई तो परेशानी और बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाता तो आज सड़क की यह हालत नहीं होती।

## गया में आईजी का पद बनाए रखने की मांग

**टिकारी।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मगध क्षेत्र में गया में आईजी का पद बरकरार रखने की मांग जोर पकड़ने लगी है। बोधगया की अंतरराष्ट्रीय पहचान और गया के विष्णुपद क्षेत्र की धार्मिक महत्ता को देखते हुए करीब सात वर्ष पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में गया में डीआईजी का पद समाप्त कर आईजी का पद सृजित किया गया था। इसका लोगों ने स्वागत किया था।वर्तमान आईजी विकास वैभव की कार्यशैली को लेकर भी आम लोगों में सकारात्मक धारणा बनी है। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि आईजी कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं और उन्हें अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। इससे पुलिस-पब्लिक के बीच संवाद मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि गया में आईजी का पद समाप्त कर पुनः डीआईजी का पद स्थापित किए जाने से आम लोगों में निराशा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने राष्ट्रपति, केंद्रीय गृह मंत्री और मुख्यमंत्री से गया में आईजी का पद बरकरार रखने तथा विकास वैभव को आईजी के रूप में बनाए रखने का अनुरोध किया है।

# रांची से चलेंगी दो जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेंनें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पूर्व मध्य रेल दानापुर मंडल की ओर से रांची से भागलपुर और भागलपुर से रांची के लिए केजी रेलखंड पर दो जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।जो नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किउल होते सुल्तानगंज के रास्ते भागलपुर जंक्शन तक परिचालित होगी। श्रावण मास में सुल्तानगंज से गंगा जल भरकर देवघर पैदल यात्रा करने वाले कांवरिया भक्तों को सुविधा मिलेगी।

नवादा स्टेशन से कांवरिया इस ट्रेन से सुल्तानगंज तक आसानी से पहुंच सकेंगे। ट्रेन परिचालन को लेकर दानापुर मंडल जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र द्वारा समय सारणी भी जारी कर दिया गया है।

गाड़ी सं. 08690/08689 रांची-भागलपुर-रांची श्रावणी मेला स्पेशल (सप्ताह में दो दिन) (बोकारो-गोमो-कोडरमा-तिलैया-नवादा-किउल-जमालपुर-सुलतानगंज के रास्ते): - गाड़ी सं. 08690 रांची-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल 26 जुलाई से 09 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को रांची से 17.40 बजे चलकर अगले दिन 1:08 बजे तिलैया, 1:28 बजे दोपहर नवादा, 01.46 बजे वारिसलीगंज, 02.08 बजे शेखपुरा, 05.25 बजे सुल्तानगंज रुकते हुए 06.30 बजे भागलपुर पहुंचेगी।

वापसी में, गाड़ी सं. 08689 भागलपुर-रांची श्रावणी मेला स्पेशल 27 जुलाई से 10 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को भागलपुर से 09.10 सुबह बजे चलकर 09.35 बजे सुलतानगंज, 12.48 बजे वारिसलीगंज, 13.06 बजे नवादा, 13.30 बजे तिलैया स्टेशन के रास्ते अगले दिन 22.20 बजे रांची पहुंचेगी।



इसी प्रकार गाड़ी सं. 08646/08645 रांची-भागलपुर-रांची श्रावणी मेला स्पेशल (सप्ताह में दो दिन) (बरकाकाना-हजारीबाग टाउन-कोडरमा-तिलैया-नवादा-किउल-जमालपुर-सुलतानगंज के रास्ते) परिचालित होगी।

गाड़ी सं. 08646 रांची-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल 27 जुलाई से 11 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को रांची से 17.30 बजे चलकर अगले दिन 01.06 बजे तिलैया, 01.28 बजे नवादा, 01.46 बजे वारिसलीगंज, 02.08 बजे शेखपुरा होते 05.25 बजे सुल्तानगंज रुकते हुए 06.30 बजे भागलपुर पहुंचेगी।

वापसी में, गाड़ी सं. 08645 भागलपुर-रांची श्रावणी मेला स्पेशल 28 जुलाई से 12 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को भागलपुर से 09.10 बजे खुलकर 09.35 बजे सुलतानगंज होते 12.48 बजे वारिसलीगंज, 13.06 बजे नवादा, 13.30 बजे तिलैया समेत अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 21.40 बजे रांची पहुंचेगी ।

# श्रावणी मेले को ले नया रूट चार्ट तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला-2026 के दौरान पहलेजा घाट से गंगाजल लेकर बाबा गरीबनाथ धाम, मुजफ्फरपुर सहित विभिन्न शिवालयों की ओर जाने वाले लाखों कांवरियों की सुरक्षा, सुविधा एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और वैशाली पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है।

यह व्यवस्था 30 जुलाई से प्रत्येक शुक्रवार शाम छह बजे से सोमवार रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगी। जिलाधिकारी वर्षा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) की ओर से जारी ट्रैफिक प्लान के अनुसार, पटना स्वीट्स से त्रिमूर्ति चौक तक दाहिने लेन में केवल बाइक एवं निजी चारपहिया वाहनों का परिचालन होगा। इस मार्ग पर बस, ट्रक, व्यावसायिक वाहन, पिकअप, जुगाड़ वाहन एवं ठेला के परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पुरानी गंडक एवं कौनहारा घाट से रामाशीष चौक होते हुए महुआ मोड़ तक बायां लेन केवल कांवरियों एवं अन्य श्रद्धालुओं के पैदल आवागमन के लिए सुरक्षित रहेगा।

इसके अलावा पुरानी गंडक क्षेत्र में किसी भी प्रकार के वाहन का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और यह मार्ग सिर्फ पैदल श्रद्धालुओं के लिए आरक्षित रहेगा। जिला प्रशासन ने निर्देश दिया है कि सड़क अथवा सड़क के बीच में किसी भी प्रकार का डीजे, मंच या अन्य अतिक्रमण नहीं किया जाएगा। जल, फल, फूल एवं अन्य सेवा शिविर अथवा डीजे की व्यवस्था सड़क की कच्ची पट्टी के बाद ही की जाएगी, ताकि यातायात बाधित न हो। न्यू गंडक पुल के दोनों ओर स्थित फुटपाथ केवल पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित रहेंगे। इन पर बाइक एवं साइकिल का परिचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार अंजानपीर ओवरब्रिज के बाएं लेन एवं अंजानपीर अंडरपास क्षेत्र को श्रद्धालुओं के पैदल आवागमन के लिए सुरक्षित रखा जाएगा, जबकि अंजानपीर कट से दाहिने लेन में वाहनों का परिचालन होगा।

# सुंदरगंज पशु चिकित्सालय का हाल बेहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के बारूण प्रखंड के सुंदरगंज में लाखों रुपये की लागत से निर्मित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भवन वर्षों बाद भी अपने मूल उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है। पशुपालकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए इस अस्पताल में आज तक नियमित चिकित्सा सेवा शुरू नहीं हो सकी है। वहीं भवन उपयोग के अभाव में बदहाल होता जा रहा है और परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। अस्पताल भवन के चारों ओर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। अस्पताल तक जाने वाला रास्ता भी घास और झाड़ियों से पट गया है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। परिसर में नशीले पदार्थों के खाली रैपर, शराब की बोतलें और अन्य कचरा बिखरा पड़ा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है, जिससे आसपास के लोगों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है। बताया कि पशुपालकों की सुविधा के लिए वर्षों पहले आधुनिक पशु चिकित्सालय भवन बनाया गया, लेकिन आज तक इसमें इलाज शुरू नहीं हो सका। शिकायत के बाद उप विकास आयुक्त ने पशुपालन विभाग और भवन निर्माण विभाग को संयुक्त जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर अपनी जांच रिपोर्ट भी सौंप दी है। पशुपालन विभाग के अनुसार प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय सुंदरगंज में चार कर्मी और एक पशुधन सहायक पदस्थापित हैं। चिकित्सक का पद रिक्त होने के कारण दूसरे अस्पताल के चिकित्सक को सप्ताह में तीन दिन प्रतिनियुक्ति पर सेवा देने के लिए लगाया गया है। फिलहाल अस्पताल का संचालन सुंदरगंज स्थित समविकास भवन के तीन कमरों से किया जा रहा है। इन कमरों में पर्याप्त जगह और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। जानकारी के अनुसार भवन निर्माण विभाग ने अस्पताल का निर्माण पूरा करने के बाद वर्ष 2०21 में इसे विधिवत पशुपालन विभाग को हस्तांतरित कर दिया था। बावजूद करीब पांच वर्ष बाद भी नए भवन में अस्पताल का संचालन शुरू नहीं हो सका है। लंबे समय से उपयोग नहीं होने और रखरखाव के अभाव में भवन की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि असामाजिक तत्वों ने भी भवन को नुकसान पहुंचाया है। परिसर में फैली गंदगी और झाड़ियों के कारण भवन की उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र के पशुपालकों ने जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग से जल्द से जल्द नए भवन में अस्पताल का संचालन शुरू कराने, परिसर की साफ-सफाई कराने और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है ताकि लाखों रुपये की लागत से बने भवन का सदुपयोग हो सके और पशुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

## नशे में मां के साथ दुष्कर्म

**मुजफ्फरपुर।** सकरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि नशे के आदी 38 वर्षीय युवक ने अपनी मां के साथ दुष्कर्म किया।

बताया गया कि आरोपित टेंपो चलाता है और नशे का आदी है। आरोप है कि नशे का सेवन करने के बाद वह अक्सर घर पहुंचकर मां के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करता था। दो दिन पहले आरोपित की पत्नी मायके चली गई थी। इसके बाद बुधवार दोपहर उसने मां को कमरे में बुलाया। आरोप है कि मां के विरोध करने पर युवक ने धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। घटना के बाद उसने पीड़िता को धमकाया और वहां से फरार हो गया।

इसके बाद पीड़िता ने साहस जुटाकर सकरा थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपित की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी।

# खेत में बेहोश मिली सामूहिक दुष्कर्म की शिकार छात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायरंजन।** समस्तीपुर जिले में मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। स्वजनों के अनुसार, छात्रा मक्के के खेत में बेहोश व अर्द्धनग्न मिली। घटनास्थल से एक चिट्ठी भी बरामद हुई है, जिसमें 3 लोगों द्वारा घटना को अंजाम देने की बात लिखी गई है।पीड़ित परिवार ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे छात्रा घर से लगभग 50 मीटर दूर बकरी के लिए घास लेने गई थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटी तो स्वजन खोजने के लिए निकले।

गांव के समीप स्थित मक्के के एक खेत में छात्रा बेहोशी की हालत में मिली। घरवालों का कहना है कि छात्रा के पास से एक कागज का टुकड़ा भी मिला, जिसमें 3 लोगों द्वारा घटना को अंजाम देने की बात लिखी है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया।

घरवालों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद इलाज शुरू करने में करीब 2 घंटे की देरी हुई। बताया गया कि घटना के समय छात्रा ने जो कपड़े पहने थे, वह खून से सने थे। स्वजनों ने उन कपड़ों को बदलकर थाने में जमा कर दिया था।

पुलिस ने उन कपड़ों को भी साक्ष्य के तौर पर जब्त कर लिया है। मुसरीघरारी थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता का सदर अस्पताल में मेडिकल कराया जा रहा है। अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

मेडिकल रिपोर्ट और जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# गोली मारकर दुकानदार की हत्या

## हत्या से गुस्साये लोगों ने पावरगंज चौक किया जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा शहरी क्षेत्र में अपराधियों ने फिर एक बार बड़ी घटना को अंजाम दिया है। शहर के पतरटोली में प्रिया स्टोर नामक एक स्टेशनरी दुकान में अपराधियों ने घुसकर दुकानदार को गोली मार दी, जिससे मौके पर ही दुकानदार की मौत हो गई।

मृतक की पहचान मूल रूप से किस्को थाना क्षेत्र के नारी नवाडीह गांव निवासी सुनील प्रसाद के पुत्र शुभम कुमार के रूप में हुई। सुनील प्रसाद और उनका परिवार फिलहाल शहरी क्षेत्र के किस्को मोड़ में घर बना कर रहते हैं।

शुभम ने पतराटोली में अनिल साहू के मकान में किराए में कमरा लेकर दुकान खोल रखी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मामले की जांच और आगे के कार्रवाई में जुट गई है।



बताया जा रहा है कि दो अपराधी पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर दुकान में पहुंचे और उन्होंने सीधे शुभम कुमार को गोली मार दी। इसके बाद अपराधी मोटरसाइकिल में बैठकर फरार हो गए।

घटना के सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। तत्काल शुभम को सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस घटना से आक्रोशित लोगों ने शहर के पावरगंज चौक को जाम कर दिया है। लोग अपराधी की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## शराब के साथ दो तस्कर धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बारसोई। पुलिस ने दो शराब तस्कर गिरफ्तार कर बाइक जब्त किया है।अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को विदेशी शराब की बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक होंडा एसपी 125 सीसी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि बुधवार 29 जुलाई की रात्रि गश्ती एवं वाहन जांच के दौरान गुप्त सूचना मिली कि दो युवक बाइक से विदेशी शराब लेकर जा रहे हैं।

सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने बारसोई स्टेशन से सुधानी जाने वाली पक्की सड़क पर धनुक टोला के समीप घेराबंदी कर वाहन की जांच की। तलाशी के दौरान बाइक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई।गिरफ्तार तस्करों की पहचान मीर मुनाफ पिता- मीर मासूम, निवासी मौलानापुर वार्ड संख्या-8 तथा मोहम्मद राशिद पिता- मतिउर रहमान निवासी चौंदी वार्ड संख्या-8, थाना बारसोई, जिला कटिहार के रूप में हुई है।

# जिला परिषद की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



खूंटी। जिला परिषद् अध्यक्ष मसीह गुड़िया की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला परिषद्, खूंटी सभागार में जिला परिषद की बैठक आयोजित की गई।

बैठक का संचालन कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, खूंटी द्वारा किया गया। बैठक में पूर्व के बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा के साथ-साथ विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान पशुपालन, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, सहकारिता, मत्स्य, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विभागों द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली गई तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में सिविल सर्जन ने बरसात के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों पर विशेष बल देते हुए आमजन से घर के आसपास जल जमाव नहीं होने देने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिले में सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए ऐसी स्थिति में मरीज को घबराने नहीं दें तथा यथाशीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाकर उपचार कराएं। उन्होंने जानकारी दी कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटीवेनम उपलब्ध है।

बैठक में कृषि विभाग को किसानों के बीच समयबद्ध तरीके से बीज वितरण सुनिश्चित करने तथा अन्य विभागों को भी अपनी योजनाओं का लाभ निर्धारित समय सीमा के भीतर पात्र लाभुकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परिषद सदस्यों द्वारा भी कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं कई आवश्यक सुझाव दिए गए। बैठक में जिला परिषद् उपाध्यक्ष मंजू देवी, सभी जिला परिषद सदस्य, सभी प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, खूंटी तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अशर्फी अस्पताल पर जुर्माना से अतिक्रमणकारियों में खलबली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। नगर निगम धनबाद ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों का जुर्माना लगाया है।

नगर निगम ने यह कार्रवाई झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं झारखंड भवन उपविधि 2016 के प्रावधानों के तहत किया है। इस कार्रवाई से स्थानीय अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प की स्थिति पैदा हो गयी है।

शहर के बड़े अस्पतालों में शुमार असर्फी अस्पताल ने स्वीकृत भवन मानचित्र से अधिक निर्माण किया है। केवल यही नहीं अस्पताल निर्माण में अतिरिक्त तल के साथ-साथ क्षेत्रफल का अनधिकृत निर्माण भी किया गया है।

नक्शा में दिखाया गया स्वीकृत पार्किंग व्यवस्था का भी उल्लंघन तथा भवन उपविधियों के अलावा अन्य उल्लंघन भी किए गए हैं। इसका खुलासा नगर निगम की जांच में हुआ है।

नगर निगम की ओर से भवन वाद संख्या 05-2025 में असर्फी हास्पिटल धनबाद के संबंध में विस्तृत जांच, संयुक्त निरीक्षण, फिर से मापन एवं सभी पक्षों को पर्याप्त सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए नगर निगम की ओर से विधिसम्मत आदेश पारित किया गया है।

जांच में स्वीकृत भवन में कई तरह के उल्लंघनों की पुष्टि हुई है। जिसके बाद नगर निगम धनबाद ने आदेश पारित करते हुए असर्फी अस्पताल प्रबंधन को धनबाद नगर निगम में कुल 3,27,64,750 रुपये जमा करने का आदेश दिया है।

वहीं 1335.30 वर्गमीटर असमायोज्य अनधिकृत निर्माण को हटाने के लिए अवधि निर्धारित की गई है। इसके अलावा नगर निगम की ओर से दी गई निर्धारित अवधि में स्वीकृत पार्किंग व्यवस्था को फिर से स्थापित करने तथा भवन की ऊंचाई 15 मीटर से अधिक होने के कारण आवश्यक फायर सेफ्टी एनओसी एवं अन्य अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

नगर निगम की ओर से दी गई निर्धारित अवधि में आदेश का अनुपालन नहीं होने पर नगर निगम की ओर से ध्वस्तीकरण, सीलिंग, बकाया राशि की वसूली एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने सभी नागरिकों, भवन स्वामियों, अस्पतालों, संस्थानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कहा है कि भवन निर्माण, विस्तार अथवा उपयोग के दौरान झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं झारखंड भवन उपविधि 2016 का पूर्ण रूप से पालन करें।

इसकी अनदेखी अथवा अन्य भवन उपविधियों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध विधि के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मतदान संपन्न होते ही जीत-हार के गणित में उलझे कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

*पटना। बांकीपुर उपचुनाव में आयोग और दलों के अथक प्रयास के बाद भी मतदान का प्रतिशत अबतक का सबसे कम रिकॉर्ड किया गया। निर्वाचन आयोग के शाम साढ़े छह बजे तक के अपडेट के आधार पर पिछले वर्ष के आम चुनाव की तुलना में 7.23 प्रतिशत कम मतदान हुआ है।*

*2025 में 41.39 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार शाम साढ़े छह बजे तक 34.39 प्रतिशत दर्ज किया गया है। भाजपा, राजद व जन सुराज तीनों दल कम मतदान को अपने-अपने पक्ष में बता रहे हैं।*

*पिछले वर्ष कुल मतदान का 62.66 प्रतिशत वोट नितिन नवीन, 29.55 प्रतिशत राजद की प्रत्याशी रेखा गुप्ता को तथा 4.92 प्रतिशत जन सुराज की प्रत्याशी वंदना कुमारी को मिला था। चौथे स्थान पर 1460 मत के साथ नोटा था। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। किसी भी मतदान केंद्र से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। कुछ केंद्रों पर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता के बीच हल्की नोकझोंक की सूचना मिली है। तीन केंद्रों पर ईवीएम में खराबी के बाद बदला गया है।*

*भाजपा ने मतदान शुरू होते ही जन सुराज पर फर्जी मतदाता से मतदान कराने का आरोप लगाकर चुनाव आयोग को पत्र लिखा। इसके बाद बोरिंग कैनाल रोड, किदवईपुरी, पीएनटी कालोनी आदि के बूथों पर जन सुराज और भाजपा के कार्यकर्ताओं में नोकझोंक दिखा गया।*



*पुलिस-प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। वहीं, बूथ प्रबंधन सहित विभिन्न कार्यों से जुड़े कार्यकर्ताओं की बुधवार को गिरफ्तारी को लेकर जन सुराज के सूत्रधार और प्रत्याशी प्रशांत किशोर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता जक्कनपुर थाना में डटे रहे।*

*कार्यकर्ताओं के लोकेशन को लेकर थानाध्यक्ष और प्रशांत किशोर के समर्थकों में लंबे समय तक नोकझोंक की स्थिति बनी रही। वहीं, सब्जी बाग के बूथ पर राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फर्जी मतदान कराने का अरोप लगाई।*

# शिक्षक हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा पुलिस ने बड़गड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सालो जंगल में शिक्षक दीपक कुजूर की गोली मारकर और धारदार हथियार से की गई नृशंस हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। इस ब्लाइंड मर्डर केस का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता प्रेमी समेत दो अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। गुरुवार को इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

एसपी के अनुसार पुलिस अनुसंधान में खुलासा हुआ कि मृतक दीपक कुजूर की पत्नी का शादी से पूर्व मेदिनीनगर में काम करने के दौरान मतिन अख्तर उर्फ मुन्ना खान से प्रेम प्रसंग था। दिसंबर 2025 में शादी के बाद महिला अपने पति दीपक के साथ सिमडेगा चली गई। इस बीच उसे एक बेटी भी हुई। मतिन अख्तर चाहता था कि वह अपनी बेटी के साथ पलामू जिले के मेदिनीनगर में आकर उसके साथ रहे, लेकिन महिला के इनकार करने पर वह प्रतिशोध की आग में जलने लगा। इसके बाद मतिन ने दीपक को रास्ते से हटाने का खौफनाक प्लान बनाया।

बीती 19 जुलाई को जब शिक्षक दीपक कुजूर अपने ससुराल रमकंडा से वापस सिमडेगा लौट रहे थे, तभी सालो जंगल में मतिन ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उन पर गोलियां बरसा दीं और धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर रंका के एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मतिन अख्तर निवासी नावाटोली, मेदिनीनगर और महफूज अंसारी निवासी कुमनी, थाना चैनपुर, जिला पलामू को दबोच लिया।

इससे पूर्व एक अन्य आरोपी मेदिनीनगर निवासी परवेज आलम को जेल भेजा जा चुका है।

# शराब पीते 10 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बारसोई /कटिहार। बारसोई प्रखंड के कचना थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।कचना थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कचना रेलवे पूर्वी गेट के समीप कुछ लोग एकत्र होकर शराब का सेवन कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस बल ने घेराबंदी कर सभी दस लोगों को मौके से पकड़ लिया। गिरफ्तार सभी लोगों की चिकित्सीय जांच के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बारसोई भेजा गया । जहां ब्रेथ एनालाइजर एवं चिकित्सीय परीक्षण में शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद सभी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया तथा उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई।गिरफ्तार आरोपित में कुंदन चौधरी (28) पिता- प्रयाग चौधरी, बाजेदोगाछ बिंद टोला, रमण कुमार पिता हरिहर चौधरी, बाजेदोगाछ बिंद टोला, परेखा चौधरी पिता चंदर चौधरी, बाजेदोगाछ बिंद टोला, मोहन कुमार पिता सुखदेव चौधरी, बाजेदोगाछ बिंद टोला, संतोष कुमार पिता- स्व. नंदकिशोर नया टोला मनिहारी, राजू नुनिया पिता दबीर प्रसाद बड़ा शिकारपुर थाना आबादपुर, रतन नुनिया पिता- रामधनी नुनिया बड़ा शिकारपुर, विनोद नुनिया पिता गनिक प्रसाद नुनिया, बड़ा शिकारपुर, मोतीलाल नुनिया पिता- हरिल प्रसाद नुनिया बड़ा शिकारपुर, शिव कुमार नुनिया (28) पिता संतलाल प्रसाद, बड़ा शिकारपुर शामिल है थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कचना थाना पुलिस में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने को मजबूर हैं बच्चे



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

लावालौंग। झारखंड के लावालौंग प्रखंड के हेडुम पंचायत स्थित पोटम गांव में बरसात के मौसम में स्कूली बच्चों की पढ़ाई खौफनाक चुनौती बन गई है। गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोटम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रतिदिन उफनती नदी पार कर विद्यालय जाना पड़ रहा है। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिससे बच्चों के लिए स्कूल पहुंचना बेहद जोखिम भरा साबित हो रहा है। स्थायी पुल का निर्माण न होने के कारण बच्चे अपनी जान हथेली पर रखकर नदी पार करने को विवश हैं। कई बार बच्चे एक-दूसरे का हाथ पकड़कर तो कभी गहरे पानी में तैरकर नदी के उस पार पहुंचते हैं। पढ़ाई के प्रति लगन और मजबूरी के चलते बच्चे हर दिन इस कठिन रास्ते से गुजरते हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी रहती है। बच्चों की इस खतरनाक दिनचर्या ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से इस नदी पर पुल बनाने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। मॉनसून के दौरान यह समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है।

नदी का बहाव तेज होने पर बच्चों का स्कूल जाना पूरी तरह बंद हो जाता है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

ग्रामीणों का मानना है कि पुल बनने से न केवल मासूमों की जान सुरक्षित होगी, बल्कि गांव में शिक्षा का माहौल भी सुधरेगा।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाते हुए जल्द से जल्द पुल निर्माण कराने की पुरजोर अपील की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# 10वीं इंटरनेशनल कराटे गिरिडीह की टीम रवाना

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। जिले के सोनू वारियर मार्शल आर्ट्स एकेडमी, इसरी के तीन खिलाड़ी कोलकाता में आयोजित होने वाली 10वीं इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप इंडियन चैलेंजर्स कप-2026 में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गए। यह प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल के नेताजी इंडोर स्टेडियम में तीन दिनों तक आयोजित होगी।

गिरिडीह का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर-17 46 किलोग्राम वर्ग में आरुषि दीप, अंडर 14 56 किलोग्राम वर्ग में अनुशील तथा अंडर 14 25 किलोग्राम वर्ग में अनमोल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे सभी खिलाड़ी शोतोकान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया, गिरिडीह जिला के अध्यक्ष प्रवीण कुमार एवं जिला सचिव सह कोच सेंसाई सोनू कुमार के नेतृत्व में पारसनाथ रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए रवाना हुए।



रवानगी के अवसर पर एकेडमी की अध्यक्षा संगीता बरनवाल एवं उपाध्यक्ष डॉ. लखी गुप्ता ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतकर लौटने की कामना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की पूरी उम्मीद है।एकेडमी परिवार ने विश्वास जताया कि गिरिडीह के खिलाड़ी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल जिले बल्कि पूरे झारखंड का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

# माले की जिला कमेटी की बैठक में गिरिडीह व गांडेय में संगठन विस्तार पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। भाकपा (माले) की गिरिडीह और गांडेय जिला कमेटी की संयुक्त बैठक गुरुवार को गिरिडीह जिला मुख्यालय स्थित पपरवाटांड़ में पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। करीब आठ घंटे तक चली इस बैठक में दोनों विधानसभा क्षेत्रों के जिला कमेटी सदस्यों और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।बैठक में गिरिडीह एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्रों में जनसंगठनों के विस्तार, सदस्यता अभियान तेज करने तथा विभिन्न जन मुद्दों पर आंदोलन को मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। संगठन की ओर से झामस, अखिल भारतीय किसान महासभा, इंकलाबी नौजवान सभा, एपवा, मोटर कामगार यूनियन, आईसा सहित अन्य जनसंगठनों को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और मजबूत किया जाएगा। इसके लिए नगर स्तर पर चार सदस्यीय टीम का गठन कर शहर के सभी 36 वार्डों में संगठन का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न जनसंगठनों के माध्यम से नए कार्यकर्ताओं को जोड़कर उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी दी जाएगी बैठक में गांडेय, बेंगाबाद, पीरटांड़, मुफस्सिल एवं अन्य क्षेत्रों में संगठन विस्तार के साथ-साथ स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया बैठक के दौरान बालमुकुंद फैक्ट्री से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। नेताओं ने फैक्ट्री से निकाले गए 17 मजदूरों के मामले में लंबित जांच रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने की मांग की। साथ ही पाइपलाइन, औद्योगिक प्रदूषण, कृषि भूमि को हो रहे नुकसान तथा सीएसआर फंड के समुचित उपयोग जैसे विषयों पर भी आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई गई। सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर इन मुद्दों पर व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर भी सहमति बनी जिला सचिव अशोक पासवान ने पूरे जिले में जनसंगठनों के विस्तार के लिए अभियान तेज करने का आह्वान किया। किसान नेता पूरन महतो ने किसानों को संगठित कर उनके मुद्दों पर संघर्ष तेज करने की आवश्यकता बताई। वहीं राजेश सिन्हा, मनोवर हसन बंटी, अजीत राय, कन्हाई पांडेय, रामलाल मुर्मू, नागेश्वर महतो, सलामत अंसारी, शंकर पांडेय, मसूदन कोल और पानो देवी सहित अन्य नेताओं ने भी संगठन को मजबूत बनाने पर अपने विचार रखे बैठक में नवीन पांडेय और अखिलेश राज भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुए। अंत में नेताओं ने जल्द ही संगठन विस्तार अभियान को धरातल पर उतारने और विभिन्न जन मुद्दों पर आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया।



## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की गयी जानें

दुमका। जिले में देर शाम रानीश्वर, जामा और शिकारीपाड़ा में हुए सड़क हादसे में दो महिला समेत तीन की मौत हो गई रानीश्वर में 40 साल की देवश्री, जामा में जरमुंडी निवासी बजरंग गुप्ता व शिकारीपाड़ा में होपनी मुर्मू की जान चली गई। केवल होपनी का शव का दुमका मेडिकल कालेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। जबकि देवश्री का सिउड़ी व बजरंगी का देवघर में पोस्टमार्टम हुआ है।

रानीश्वर में मंगलवार की देर शाम एकताल्ला मोड़ के पास पिकअप वैन की टक्कर से टोटो सवार 40 वर्षीय देवश्री गंभीर रूप से घायल हो गई। वह टोटो से दो पुत्रियों के साथ सिउड़ी स्थित उखड़ा बाजार से अपने मायके रानीश्वर के रंगालिया आ रही थी।

मोड़ के पास विपरीत दिशा रानीश्वर से जा रहे पिकअप वैन ने टोटो में टक्कर मार दी। टक्कर की वजह से टोटो रोड किनारे पलट गई। हादसे में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके घरवाले उसे इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के सिउड़ी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार ने बताया कि सिउड़ी अस्पताल में ही शव का पोस्टमार्टम हुआ है। मृतका रंगालिया गांव के मिलन दास के पत्नी थी। वह उखड़ा बाजार से दो पुत्री के साथ मायके से आ रही थी।

इधर, शिकारीपाड़ा में देर शाम को शिकारीपाड़ा के अंबाजोड़ा में सड़क पार करने के दौरान बाइक सवार ने 65 साल की होपनी मुर्मू को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया।


पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: आईएचएसीईएसएम _आर-26-27, दिनांक 28.07.2026; मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पब) द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा सं.: आईएचएसीईएसएम_आर-26-27, कार्य का नाम एवं उसका स्थान: कैरेज कॉम्पलेक्स, कांचरापाड़ा में पीओ सं. 752/2024-25 एवं 365/2025-26 के तहत स्वीकृत बल्क आरएसपी कार्य के लिए 106 कोचों हेतु महत्वपूर्ण देखरेख के दौरान साइकिल डाउनटाइम कम करने हेतु 1 वर्ष की अवधि के लिए कोचों का पुनरुद्धार/ओवरहॉलिंग। कार्य की अनुमानित लागत: रु. 2,05,99,301.18; जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा: रु.4,12,000/-। निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। कार्य समापन अवधि: 1 वर्ष। निविदा की वैधता: 66 दिन। प्रस्ताव जमा अवधि: 15 दिन पहले से दिनांक 19.08.2026 को 14.00 बजे तक। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 19.08.2026 को 14.00 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: निविदा दिनांक 19.08.2026 को 15.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोली जाएगी।

(MISC-115/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 29.07.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, केयर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं.: टीएन-141-26-27; कार्य का नाम: सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन जल जमाव रोकने के लिए सियालदह-पार्क सर्कस, ब्रेस ब्रिज यार्ड, ब्रेस ब्रिज-संतोषपुर तथा अन्य स्थानों में ट्रैक निकासी नाली का सुधार कार्य। निविदा मूल्य: रु. 1,61,17,147.69; ईएमडी: रु. 3,22,400; कार्य समापन अवधि: 12 महीने । निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 25.08.2026 को 15.00 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 25.08.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-156/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बिहार में तैयार हो रही आपदा सेनानियों की फौज

- युवा आपदा मित्र के रूप में 7 महीने में ट्रेंड हुए 10 हजार से अधिक युवा
- राष्ट्रीय युवा आपदा मित्र योजना में युवाओं को दी जा रही आपदा प्रबंधन संबंधी सात दिवसीय ट्रेनिंग
- राज्य में आपदा के समय राहत और बचाव संबंधी करेंगे कार्य, बनेंगे समाज का सच्चा साथी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** किसी भी आपदा में लोगों को त्वरित सहायता प्रदान करने की मंशा से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तेजी से कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत बिहार में अभी तक 19 हजार से भी अधिक युवा आपदा मित्र तैयार किए जा चुके हैं। इनमें अकेले जनवरी 2026 से जुलाई 2026 के बीच 10233 युवाओं को आपदा के समय राहत पहुंचाने और बचाव संबंधी प्रशिक्षित दिया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संगठित, प्रशिक्षित और समर्पित युवा स्वयंसेवी नेटवर्क तैयार करने की दिशा में एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, नेहरू युवा केंद्र संगठन एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवकों का चयन कर उन्हें सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहकर अनुशासन, टीम भावना, त्वरित निर्णय क्षमता, नेतृत्व और समन्वय जैसे गुणों पर आधारित है। प्रशिक्षण का उद्देश्य है कि राज्य में ऐसे आत्मविश्वासी स्वयंसेवक तैयार किया जाय जो कठिन परिस्थितियों में भी संयम रखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने में सक्षम हो। प्राधिकरण के वरीय सलाहकार अशोक कुमार शर्मा का कहना है कि बिहार जैसे आपदा-प्रवण राज्य में युवाओं का प्रशिक्षित नेटवर्क अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। बाढ़, वज्रपात, अग्निकांड और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान स्थानीय स्तर पर सबसे पहले सहायता पहुंचाने वाले यही युवा होंगे। उनकी भूमिका केवल आपदा आने के बाद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वे अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने, सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देने और समुदाय को तैयार करने में भी योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि राज्य के किसी भी कोने में आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर यह युवा आपदा मित्र विभागों से समन्वय स्थापित कर त्वरित मदद पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही संकट की घड़ी में समाज का सच्चे साथी के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेंगे। योजना का सबसे बड़ा संदेश यह है कि आपदा प्रबंधन का कार्य केवल सरकारी एजेंसियों तक सीमित न रहकर प्रशिक्षित युवाओं के हाथों से भी हो।

# बाबाधाम जाने वाले श्रद्धालुओं को गोटिया धर्मशाला शिविर में मिलेगी मुफ्त रहने की सुविधा

## मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने बाबाधाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बांका के सुईया नामक स्थान पर दीनानाथ साह शिविर का उद्घाटन किया। गोटिया धर्मशाला नाम के इस शिविर में बाबाधाम जाने वाले सभी लोगों को मुफ्त रहने, आराम करने से लेकर सभी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। मोतिहारी के रहने वाले दीनानाथ साह ने अपने स्तर से इस धर्मशाला का निर्माण कराया है। इसका उद्घाटन करने में मंत्री श्रवण कुमार के साथ राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जयसवाल भी शामिल थे। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि सावन की शुरुआत हो गई है। लाखों की संख्या में लोग बैधनाथधाम बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए जाते हैं। इन सभी लोगों को रास्ते में बांका जिला में सुईया नामक स्थान पर इस धर्मशाला में उन्हें मुफ्त में विश्राम करने की सुविधा मिलेगी। यहां पीने का पानी समेत सभी जरूरी सुविधाएं श्रद्धालुओं को मिलेगी। इस सराहनीय पहल से यात्रियों को लंबी यात्रा के बीच में आरादायक वातावरण में विश्राम करने से लेकर शौचालय, पीने का पानी समेत अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर से भी श्रावणी मेला में तमाम सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। इस बार बाबाधाम जाने वाले किसी व्यक्ति को कोई असुविधा नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सुरक्षा के भी तमाम इंतजाम किए गए हैं। इस बार मेला को नए स्तर से आयोजित किया जा रहा है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**हाजीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना में चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मॉडल ब्लड बैंक, जयप्रभा अस्पताल, कंकडबाग, पटना के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संपूर्ण पर्यवेक्षण डॉ. संध्या किरण, एसीएचडी/प्रशासन द्वारा किया गया। शिविर में अस्पताल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ सहित कुल 17 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचा सकती है। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की तथा कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

# श्रावणी मेला को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने दीं शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रावणी मेला के पावन अवसर पर बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने देश-विदेश से बाबा भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है। राज्य के सभी संबंधित जिलों में चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों पैरामेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस एवं आवश्यक दवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विभाग द्वारा 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यकता पड़ने पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। श्रावणी मेला के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य के 16 जिलों–बांका, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, मुजफ्फरपुर, सारण, वैशाली, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, जहानाबाद, लखीसराय, रोहतास, मधुबनी, मधेपुरा, समस्तीपुर एवं सिवान में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का संचालन किया जा रहा है। इन शिविरों में श्रद्धालुओं को 24 घंटे प्राथमिक परामर्श एवं उपचार, रक्तचाप एवं रक्त शर्करा की जांच, आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण, बेड सहित आपातकालीन चिकित्सा सुविधा तथा आवश्यकता पड़ने पर 102 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने मेला क्षेत्र में कार्यरत सभी खाद्य सामग्री विक्रेताओं एवं दुकानदारों से भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के निर्धारित मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री का उपयोग करने का निर्देश दिया है। विभाग ने निर्देश दिया है कि भोजन तैयार करने एवं परोसने से पहले साबुन से हाथ धोएँ, स्वच्छ पानी का उपयोग करें, भोजन को सदैव ढककर रखें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा गीले एवं सूखे कचरे का अलग-अलग निस्तारण करें। सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य मंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या या आपात स्थिति में निकटतम स्वास्थ्य शिविर से संपर्क करें अथवा 104 स्वास्थ्य हेल्पलाइन पर जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधा स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा पूरे मेला अवधि में विभाग सतत निगरानी रखते हुए हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएगा।

# एचडीएफसी बैंक की सीएसआर पहल से 10.77 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर इनिशिएटिव के ज़रिए 10.77 करोड़ से ज़्यादा लोगों की ज़िंदगी पर असर डाला है। इन प्रोग्राम का अम्ब्रेला प्रोग्राम 'परिवर्तन' अब भारत के सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में फैला हुआ है। बैंक एनजीओ पार्टनर्स, लोकल एडमिनिस्ट्रेशन और कम्युनिटी इंस्टीट्यूशन के साथ पार्टनरशिप में काम करता है ताकि यह पक्का हो सके कि इंटरवेंशन लोकल लेवल पर रेलिवेंट, स्केलेबल और सस्टेनेबल लॉन्ग-टर्म असर देने में कैपेबल रहें। बैंक ने फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में अपनी सीएसआर इनिशिएटिव पर 1,316.18 करोड़ रुपए खर्च करने की जानकारी दी। यह पिछले फाइनेंशियल ईयर के मुकाबले 248 करोड़ रुपए से ज़्यादा की बढ़ोतरी है, जिससे बैंक के अम्ब्रेला प्रोग्राम 'परिवर्तन' के तहत कुल सीएसआर इन्वेस्टमेंट, शुरू से अब तक लगभग 7,492 करोड़ रुपए हो गया है। बैंक के फ्लैगशिप होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम ने देश भर के 11,000 से ज़्यादा गांवों तक अपनी पहुंच बढ़ा ली है। यह प्रोग्राम पानी की देखभाल, खेती, रोजी-रोटी, शिक्षा, हेल्थकेयर, सफाई और कम्युनिटी इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे इंटीग्रेटेड अप्रोच के ज़रिए, ग्रामीण इकोसिस्टम को मजबूत करते हुए जीवन की क्वालिटी में सुधार कर रहा है। बैंक ने साल के दौरान दूर-दराज और मुश्किल से पहुंचने वाले इलाकों में भी अपना काम बढ़ाया और बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम और भारत सरकार के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत नेशनल प्रायोरिटी को ध्यान में रखते हुए, पिछले साल के 298 गांवों से बढ़कर 498 बॉर्डर गांवों तक अपनी कवरेज बढ़ाई। एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैज़ाद भरूचा ने कहा, परिवर्तन के ज़रिए हमारी सीएसआर पहल इस विश्वास से गाइड होती है कि स्थायी बदलाव गांव-गांव, परिवार-परिवार, उन समुदायों के साथ करीबी पार्टनरशिप में किया जाता है जिनकी हम सेवा करते हैं।

# नई तकनीको को जानने के लिए विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

## अगस्त में होगा शैक्षणिक परिभ्रमण : डॉ. आनन्द रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जन्दाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के संस्थापक-सह- निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने जब कक्षा का निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर उनकी पढ़ाई, कैरियर और तकनीकी शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, आधुनिक कम्प्यूटर तकनीकों तथा उद्योगों में उपयोग होने वाली नई डिजिटल तकनीकों के बारे में जानने की गहरी उत्सुकता व्यक्त की। विद्यार्थियों के उत्साह और जिज्ञासा को देखते हुए डॉ. झा ने घोषणा की कि अगस्त माह में इंटर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए पटना का एक शैक्षणिक परिभ्रमण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी संस्थानों एवं उद्योगों का अवलोकन कराया जाएगा, ताकि वे नई तकनीकों, रोजगार के अवसरों तथा कौशल आधारित शिक्षा को व्यवहारिक रूप से समझ सकें। इससे विद्यार्थियों को अपने कैरियर के प्रति नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि 'शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को वास्तविक तकनीकी वातावरण से भी परिचित कराना आवश्यक है। शैक्षणिक परिभ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास और व्यावहारिक समझ का विस्तार करना है।'

विद्यार्थियों ने इस घोषणा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया तथा शैक्षणिक परिभ्रमण में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की।

# सभी महिला थानों में बनेगी एक एंटी ट्रैफिकिंग इकाई : डीजीपी

## विश्व एंटी ट्रैफिकिंग दिवस के मौके पर पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को डीजीपी विनय कुमार ने किया संबोधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार में साइबर क्राइम से भी ज्यादा खतरनाक और तेजी से बढ़ता अपराध मानव तस्करी है। मानव तस्करी के मामले साइबर अपराध से तीन गुणा अधिक दर्ज होते हैं। इसे रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की जरूर है। हर जिले में मौजूद महिला थानों में ही एक एंटी ट्रैफिकिंग इकाई की स्थापना करने की आवश्यकता है। हर जिले में मानव तस्करी के खिलाफ सेल विकसित किया जाए। ये बातें डीजीपी विनय कुमार ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में मानव तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का विषय 'ट्रैप्ड बिहाइंड द स्कैम' रखा गया था। पुलिस महकमा के अंतर्गत साआईडी के कमजोर वर्ग इकाई की तरफ से यह कार्यक्रम आयोजित की गई थी। डीजीपी ने कमजोर वर्ग इकाई को इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर भेजने के लिए कहा। इसके तहत सभी जिलों में मौजूद महिला थानों में कम से कम दो इकाई का गठन किया जाए, एक इकाई मानव तस्करी के खिलाफ काम करे और दूसरी इकाई महिला एवं बच्चों के खिलाफ अपराध से जुड़े मामले को देखें। दोनों इकाईयों की कमान इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी संभाले। जबकि, महिला थाने की कमान डीएसपी रैंक के अधिकारी के पास होनी चाहिए। उन्होंने मानव तस्करी को साइलेंट क्राइम की श्रेणी में रखते हुए कहा कि दूसरे अन्य अपराधों की तरह इस अपराध के जख्म और प्रभाव तुरंत दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन यह लंबे समय तक पीड़ित परिवार के ऊपर अपना प्रभाव डालते हैं। बिहार देश में पहला राज्य है, जहां सभी जिलों में इस तरह के मामले देखने के लिए डीएसपी (स्पेशल क्राइम) का पद सृजित हैं और इन पर पदाधिकारी की तैनाती भी है। परंतु यह व्यवस्था नाकाफी है, क्योंकि मानव तस्करी अपराध के आयाम तेजी से बदल रहे हैं और इसके पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और विकराल होती जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई गायब बच्चा तीन महीने तक नहीं मिलता है, तो इन मामलों को एंटी ट्रैफिकिंग इकाई में ट्रांसफर कर दिया जाए। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन करते हुए एडीजी (कमजोर वर्ग) कासे एस अनुपम ने कहा कि राज्य के 1200 थानों को वात्सल्य पोर्टल से जोड़ दिया गया है। सभी थानों को गुमशुदा बच्चों की पूरी जानकारी प्राथमिकता के आधार पर तुरंत इस पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। इससे बच्चों को खोजने में आसानी होगी। इस कार्यक्रम के दौरान एडीजी (सीआईडी) पारसनाथ, डीआईजी (कमजोर वर्ग) आमिर जावेद समेत अन्य मौजूद थे।

**श्रेष्ठ कार्य करे वालों को मिला सम्मान**

इस दौरान डीजीपी ने ऑपरेशन नया सवेरा 3.0 और ट्रैफिकिंग के चंगुल से नाबालिगों समेत अन्य को मुक्त कराने में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों के कप्तानों को सम्मानित भी किया गया। संबंधित जिलों के एसपी के प्रतिनिधि के तौर पर वहां के डीएसपी (स्पेशल क्राइम) ने पुरस्कार ग्रहण किए। पटना जिला पहले स्थान पर रहा, यहां 56 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। दूसरे स्थान पर सहरसा रहा। नाबालिग और महिलाओं की बरामदगी में किशनगंज पहला और सीतामढ़ी दूसरे स्थान पर रहा। वहीं, बगहा के जज मानवेंद्र कुमार मिश्रा के अलावा एसडीपीओ कुमार दयेंद्र और एपीपी जितेंद्र कुमार भारती को विशेषतौर से सम्मानित किया गया।

# बांकीपुर में रिकॉर्ड जीत दर्ज करेगी भाजपा, जनता ने विकास पर लगायी मुहर

## मतदान के रुझानों से उत्साहित भाजपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा की रिकॉर्ड मतों से जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान मिले रुझानों, स्थानीय लोगों की प्रतिक्रियाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं से प्राप्त फीडबैक से स्पष्ट है कि बांकीपुर की जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व के पक्ष में मतदान किया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बांकीपुर हमेशा से विकास और राष्ट्रहित की राजनीति का समर्थन करने वाली विधानसभा रही है। इस बार भी मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और बिहार की एनडीए सरकार के विकास कार्यों पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान लोगों में भाजपा के प्रति व्यापक उत्साह देखने को मिला और मतदाताओं ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह खारिज कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव अभियान में जुटे सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ घर-घर पहुंचकर जनता के बीच पार्टी की उपलब्धियों और विकास के संकल्प को पहुंचाया। यही मेहनत भाजपा की ऐतिहासिक जीत का आधार बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मतगणना के दिन भाजपा उम्मीदवार रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे और बांकीपुर की जनता एक बार फिर कमल खिलाकर विकास की राजनीति को मजबूत करेगी। सरावगी ने कहा कि भाजपा जनता के विश्वास और अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पहले की तरह पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करती रहेगी तथा बांकीपुर के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास जारी रखेगी।

## जनता ने विकास के पक्ष में दिया संकेत : मंगल पांडेय

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मंगल पांडेय ने कहा कि बांकीपुर जनता ने एक बार फिर विकास और सुशासन की राजनीति पर अपना विश्वास जताया है। मतदान के दौरान जिस तरह का शांतिपूर्ण वातावरण देखने को मिला, वह लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारियों और चुनाव ड्यूटी में लगे सभी कर्मियों को बधाई। श्री पांडेय ने कहा कि बांकीपुर लंबे समय से एनडीए का मजबूत गढ़ रहा है। उपचुनाव में भी मतदाताओं का रुझान यह संकेत दे रहा है कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संतुष्ट है। उन्होंने दावा किया कि जनता ने जाति और भ्रम की राजनीति को नकारते हुए विकास, स्थिरता और सुशासन को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि बांकीपुर के मतदाताओं ने अपने मतदान के माध्यम से एक सकारात्मक संदेश दिया है। शांतिपूर्ण मतदान और व्यापक जनभागीदारी ने यह साबित कर दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति लोगों का विश्वास पहले से अधिक मजबूत हुआ है। उपचुनाव में एनडीए की जीत तय है।

# मंत्री श्रवण कुमार ने किया आधुनिक मल्टीप्लेक्स, कॉनप्लेक्स सिनेमाज का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत की तेजी से विस्तार कर रही मल्टीप्लेक्स श्रृंखला कॉनप्लेक्स सिनेमाज ने खगौल, पटना में अपने नए स्मार्ट-फॉर्मेट मल्टीप्लेक्स का शुभारंभ किया, जिसका भव्य उद्घाटन आज बिहार सरकार में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने पारंपरिक रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, कॉनप्लेक्स सिनेमाज के प्रबंध निदेशक चंदन कुमार एवं रोहित कुमार सपन सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस पहल को खगौल और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए आधुनिक मनोरंजन सुविधाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं अपने संबोधन में श्रवण कुमार ने कहा कि यह शुरुआत बिहार के विकास में सहचर की भूमिका निभाएगा. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह मल्टीप्लेक्स खगौल और आसपास के लोगों के लिए विश्वस्तरीय मनोरंजन का केंद्र बनेगा तथा शहर के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे पहले कॉनप्लेक्स सिनेमाज के प्रबंध निदेशक चंदन कुमार एवं रोहित कुमार सपन ने बताया कि खगौल में कॉनप्लेक्स सिनेमाज के शुभारंभ के साथ ही यह बिहार में कंपनी का 13वां और पटना का छठा सिनेमा बन गया है।

# शिक्षकों के समायोजन में व्यावहारिक समस्याओं को दूर करे विभाग :

## छह महीने पहले ट्रांसफर के जरिए स्कूलों में आये शिक्षक भी सरप्लस लिस्ट में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू होते ही हंगामा प्रारंभ हो गया है। बुधवार से ही ई शिक्षाकोष पोर्टल के जरिये शिक्षकों का आवदेन शुरू हो गया है। पहले चरण में सरप्लस शिक्षकों को आवदेन करना है।। बिहार युवा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव ने बताया कि एक ओर जहाँ वर्षो से जमे शिक्षकों का भी सरप्लस की लिस्ट में नाम है वहीं छह महीने पहले ट्रांसफर लेकर नए विद्यालय में आये शिक्षक भी सरप्लस के लिस्ट में शामिल हैं। हजारों ऐसे शिक्षक हैं जो अपने विषय में एकमात्र शिक्षक होने के बाबजूद सरप्लस शिक्षक के लिस्ट में शामिल हैं। शिक्षक अब परेशान है। जो शिक्षक ट्रांसफर नही चाह रहें उनका भी ट्रांसफर किया जा रहा है। सबसे ज्यादा परेशान मॉडल स्कूलों के शिक्षक हैं जिन्हें इस ट्रांसफर प्रक्रिया से दूर रखा गया है। शिक्षकों का नही हो रहा एच्छिक ट्रांसफर संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर ने शिक्षा विभाग पर सरप्लस के नाम पर शिक्षकों को जबरिया ट्रांसफर करने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की की ट्रांसफर प्रक्रिया की विसंगतियों को शिक्षा विभाग अबिलम्ब दूर करें।

# मोकामा स्टेशन पर 279 बेटिकट यात्री धराए

## 254750 रुपए का वसूला गया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 30.07.2026 (गुरुवार) को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के निर्देशनुसार दानापुर मंडल के पटना-किऊल रेलखंड के मोकामा स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाडी) के साथ एक सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान इस स्टेशन से गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेनों को प्रमुखता से चेक किया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 279 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 254750/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया । इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप पटना-किऊल रेलखंड के सभी स्टेशनो के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए हैं ।

# संपादकीय

## राष्ट्रमंडल खेल की घटती प्रासंगिकता

रविवार को ग्लासगो में ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक-विजेता मीराबाई चानू जब पोडियम पर खड़ी हुईं, तो राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला वेटलिफ्टर बनने के बाद उनके गालों पर आंसू ढुलक पड़े। उनकी इस उपलब्धि ने इन खेलों को, जिनके कुछ साल पहले गुमनामी में चले जाने का खतरा पैदा हो गया था, बड़ा सहारा प्रदान किया। यह देखते हुए कि भारत साल 2030 में अहमदाबाद में इन खेलों के शतवार्षिकी संस्करण की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, मीराबाई की स्वर्णिम विजय से बेहतर कोई विज्ञापन नहीं हो सकता था। कुल 190 किलोग्राम के साथ महिलाओं के 48-किलोग्राम वर्ग में यह उनका लगातार चौथा पदक था, अगर पदक के रंग पर न जाएं तो। स्कॉटलैंड के इस शहर में, तपी-तपायी वेटलिफ्टर का कारनामा शायद इकलौता गौरवशाली अध्याय न रहे, क्योंकि एथलेटिक्स व पैरा-एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग व पैरा-वेटलिफ्टिंग, बॉक्सिंग, जूडो, और लॉन बॉल्स व पैरा-बॉल्स में भी भारत के दूसरे अग्रणी एथलीटों के पोडियम तक पहुंचने की उम्मीद है। केंद्रीय खेल मंत्रालय के एक अंदरूनी अनुमान के मुताबिक, भारतीय एथलीटों के लगभग 30 पदक जीतने की उम्मीद है, भले ही ग्लासगो में छोटे स्तर के इस आयोजन से कई ऐसे खेल हटा दिये गये जिनमें भारतीय पारंपरिक रूप से अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं – जैसे कि कुश्ती, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी और स्क्वॉश। नीरज चोपड़ा, मुरली श्रीशंकर, प्रवीण चित्रवेल, और मुक्केबाजों लवलीना बरगोहाई और जैस्मिन लंबोरिया से पदक की उम्मीद है।

छोटे किये गये राष्ट्रमंडल खेल पूर्व ब्रिटिश साम्राज्य की इस खेल परंपरा की घटती प्रासंगिकता को उजागर करते हैं। मूल रूप से विक्टोरिया को आवंटित 2026 संस्करण के सामने उस समय अस्तित्व का खतरा पैदा हो गया था जब इस ऑस्ट्रेलियाई राज्य ने बढ़ती लागत के चलते तीन साल पहले मेजबानी से पैर खींच लिये। साल 2014 में मेजबान रहे ग्लासगो ने, आठ मील के गलियारे के भीतर चार आयोजन स्थलों में 10 एकीकृत खेलों वाले, एक संक्षिप्त संस्करण का प्रस्ताव रखकर इन खेलों को शर्मिंदगी से बचाया। भले ही राष्ट्रमंडल खेल ओलंपिक या एशियाई खेलों की वैश्विक या क्षेत्रीय उत्कृष्टता के जोड़ के नहीं हैं, यह मंच अब भी भारतीय खिलाड़ियों और प्रशासकों के लिए काफी आकर्षण रखता है। अलग-अलग खेलों में एलीट विश्व स्तर पर भारत की सफलता छिटपुट रही है, लेकिन उसने लगातार तीन साल तक ग्लोबल डोपिंग चार्ट में शीर्ष पर रहने की अपमानजनक विशिष्टता दिखाई है। ग्लासगो 2026 के आयोजन से पहले भी, अलग-अलग खेलों के कई एथलीट प्रतिबंधित पदार्थों का सेवन करने के लिए पकड़े गए हैं।

# बिट्टू की एंट्री से बदली पंजाब की चुनावी बिसात, नया समीकरण गढ़ने में भाजपा कामयाब

(नीरज कुमार दुबे )

**हालांकि शिरोमणि अकाली दल के साथ भाजपा के रिश्तों को लेकर राजनीतिक अटकलें अब भी खत्म नहीं हुई हैं। इसका ताजा उदाहरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान देखने को मिला था। जालंधर की सभा में प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और अकाली दल तीनों पर निशाना साधते हुए कहा कि अकाली दल भी आपसी स्वार्थों के कारण पंजाब की प्रभावी सेवा नहीं कर पाया। प्रधानमंत्री ने किसी विशेष अकाली गुट का नाम नहीं लिया, लेकिन शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने बाद में दावा किया कि यह टिप्पणी उनकी पार्टी पर नहीं, बल्कि अन्य अकाली धड़ों के लिए थी।**

दरअसल, रवनीत सिंह बिट्टू की वापसी भाजपा की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है, जिसके तहत पार्टी पंजाब में अपने पारंपरिक शहरी हिंदू वोट बैंक से आगे बढ़कर सिख, दलित और अन्य पिछड़ा वर्ग के बीच भी मजबूत आधार तैयार करना चाहती है।

केंद्रीय मंत्री पद से रवनीत सिंह बिट्टू का इस्तीफा पंजाब की राजनीति में भाजपा के सबसे बड़े चुनावी दांव के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि बिट्टू विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं और पार्टी के चुनाव अभियान का प्रमुख चेहरा भी बन सकते हैं। उल्लेखनीय है कि रवनीत सिंह बिट्टू का राज्यसभा कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो चुका था। इसके बाद उन्होंने रेल तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया। बिट्टू ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें देश और विशेष रूप से पंजाब की सेवा करने का अवसर मिला तथा उनका सार्वजनिक जीवन राष्ट्रवाद, सेवा और विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे भी जारी रहेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पौत्र बिट्टू लंबे समय तक कांग्रेस में रहे। वर्ष 2009 में वह आनंदपुर साहिब से सांसद बने और बाद में दो बार लुधियाना का प्रतिनिधित्व किया। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने भाजपा का दामन थामा, लेकिन लुधियाना से कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के खिलाफ चुनाव हार गए। इसके बाद उन्हें राजस्थान से राज्यसभा भेजा गया और केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया।

पंजाब की राजनीति में बिट्टू की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि वह पिछले कुछ समय से पंजाब में भाजपा के संगठन और चुनावी तैयारी में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने पहले ही सार्वजनिक रूप से दावा किया था कि भाजपा का लक्ष्य पंजाब में डबल इंजन सरकार बनाना है और प्रधानमंत्री मोदी के विकास के विजन को हर विधानसभा क्षेत्र तक पहुंचाना है।

दरअसल, बिट्टू की वापसी भाजपा की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है, जिसके तहत पार्टी पंजाब में अपने पारंपरिक शहरी हिंदू वोट बैंक से आगे बढ़कर सिख, दलित और अन्य पिछड़ा वर्ग के बीच भी मजबूत आधार तैयार करना चाहती है। पंजाब में लगभग 58 प्रतिशत आबादी सिखों की है, जबकि करीब 39 प्रतिशत हिंदू हैं। इसके अलावा राज्य में लगभग 32 प्रतिशत दलित और लगभग 16 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग है। भाजपा की कोशिश इन चारों सामाजिक वर्गों में समानांतर स्वीकार्यता बढ़ाने की है।

भाजपा की इसी नई रणनीति की झलक हाल में आई सतलुज फिल्म को लेकर हुए विवाद में भी देखने को मिली थी। रवनीत सिंह बिट्टू ने फिल्म का खुलकर विरोध करते हुए आरोप लगाया कि यह ऐसे संवेदनशील विषय को उभारने का प्रयास है, जिससे पंजाब का माहौल दोबारा तनावपूर्ण हो सकता है। उन्होंने इसे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली कोशिश बताते हुए फिल्म पर सवाल उठाए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिट्टू का यह रुख भाजपा की बदली हुई चुनावी रणनीति का संकेत था। पहले जहां पार्टी राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद के मुद्दों पर अपेक्षाकृत आक्रामक भाषा का प्रयोग करती थी, वहीं अब वह सिख समुदाय की धार्मिक और ऐतिहासिक संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखते हुए अपनी राजनीतिक अभिव्यक्ति को अधिक संतुलित और संयमित बना रही है। माना जा रहा है कि भाजपा पंजाब में सिख मतदाताओं के बीच भरोसा बढ़ाने के लिए ऐसे मुद्दों पर सावधानीपूर्वक राजनीतिक संदेश देना चाहती है, ताकि हिंदू, सिख, दलित और अन्य पिछड़ा वर्ग, इन चारों प्रमुख सामाजिक समूहों में समानांतर स्वीकार्यता विकसित की जा सके।

राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन टूटने के बाद भाजपा ने स्वतंत्र राजनीतिक ताकत बनने की दिशा में लगातार काम किया है। इसका असर चुनावी आंकड़ों में भी दिखा, जहां 2022 विधानसभा चुनाव में लगभग 6.6 प्रतिशत मत पाने वाली भाजपा का वोट प्रतिशत 2024 के लोकसभा चुनाव में बढ़कर लगभग 19 प्रतिशत तक पहुंच गया। यही कारण है कि पार्टी अब पंजाब में अकेले दम पर सत्ता हासिल करने का सपना देख रही है।



हालांकि शिरोमणि अकाली दल के साथ भाजपा के रिश्तों को लेकर राजनीतिक अटकलें अब भी खत्म नहीं हुई हैं। इसका ताजा उदाहरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान देखने को मिला था। जालंधर की सभा में प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और अकाली दल तीनों पर निशाना साधते हुए कहा कि अकाली दल भी आपसी स्वार्थों के कारण पंजाब की प्रभावी सेवा नहीं कर पाया। प्रधानमंत्री ने किसी विशेष अकाली गुट का नाम नहीं लिया, लेकिन शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने बाद में दावा किया कि यह टिप्पणी उनकी पार्टी पर नहीं, बल्कि अन्य अकाली धड़ों के लिए थी। इस बयान ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी, क्योंकि भाजपा और अकाली दल का लगभग 25 वर्षों पुराना गठबंधन 2020 में कृषि कानूनों के मुद्दे पर टूटने के बाद भी दोनों दलों के हर सार्वजनिक बयान को संभावित राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जाता है। हालांकि भाजपा नेतृत्व फिलहाल गठबंधन पुनर्जीवित करने की किसी संभावना से इंकार कर रहा है और अपने संगठन को स्वतंत्र रूप से मजबूत करने की बात कह रहा है, फिर भी राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पंजाब की राजनीति में भाजपा और अकाली दल के संबंध इतने महत्वपूर्ण रहे हैं कि दोनों दलों के बीच होने वाला हर संवाद भविष्य की संभावनाओं के नजरिए से परखा जाता है। राजनीति

साथ ही भाजपा ने अपने राजनीतिक संदेश और भाषा में भी उल्लेखनीय बदलाव किया है। कभी ऑपरेशन ब्लू स्टार को लेकर बेहद आक्रामक रुख अपनाने वाली पार्टी अब सिख समाज की धार्मिक भावनाओं और ऐतिहासिक शिकायतों को अधिक संवेदनशीलता से संबोधित करती दिखाई दे रही है। पार्टी लगातार कांग्रेस को ऑपरेशन ब्लू स्टार, पंजाब में आतंकवाद के दौर और 1984 के सिख विरोधी दंगों के लिए जिम्मेदार ठहराती है, जबकि स्वयं को सिख समाज की भावनाओं का सम्मान करने वाली पार्टी के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही है।

देखा जाये तो भाजपा की इस बदली हुई राजनीतिक रणनीति की पृष्ठभूमि को समझने के लिए उसके पुराने रुख पर भी नजर डालना जरूरी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने अपनी आत्मकथा माय कंट्री, माय लाइफ में पंजाब में उग्रवाद के दौर के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक हितों के लिए उग्रवाद को बढ़ावा दिया और हालात इतने बिगड़ने दिए कि अंततः ऑपरेशन ब्लू स्टार की नौबत आ गई। आडवाणी ने यह भी लिखा था कि भाजपा और अन्य दलों के देशव्यापी आंदोलनों के दबाव में तत्कालीन केंद्र सरकार को स्वर्ण मंदिर परिसर से उग्रवादियों को हटाने के लिए सैन्य कार्रवाई करनी पड़ी थी। हालांकि अब पंजाब में चुनावी विस्तार की कोशिशों के बीच भाजपा की सार्वजनिक भाषा पहले की तुलना में कहीं अधिक संतुलित और संवेदनशील दिखाई देती है। पार्टी अब ऑपरेशन ब्लू स्टार को राष्ट्रीय त्रासदी बताते हुए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराती है, लेकिन साथ ही सिख समाज की धार्मिक भावनाओं और ऐतिहासिक पीड़ा को भी प्रमुखता से स्वीकार करने का प्रयास कर रही है।

इसी बदलाव के तहत भाजपा ने हाल के वर्षों में कई प्रतीकात्मक और राजनीतिक कदम उठाए हैं। वीर बाल दिवस की घोषणा, करतारपुर साहिब गलियारे का उद्घाटन, अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप भारत लाना, 1984 दंगों के मामलों की जांच में तेजी, हवाई अड्डों पर कृपाण ले जाने की अनुमति, स्वर्ण मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लगातार दौरे तथा लंबे समय से जेल में बंद कुछ सिख कैदियों को मानवीय आधार पर राहत जैसे फैसलों को इसी व्यापक सिख पहुंच अभियान का हिस्सा माना जा रहा है। भाजपा ने यह भी संकेत दिया है कि सत्ता में आने पर धर्मांतरण विरोधी कानून लाया जा सकता है। भौगोलिकसंदर्भ हालांकि भाजपा इस पूरे अभियान के दौरान एक संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रही है। पार्टी स्पष्ट करती है कि उसका आतंकवाद और खालिस्तानी हिंसा के प्रति रुख नहीं बदला है। पंजाब भाजपा के नेताओं का कहना है कि ऑपरेशन ब्लू स्टार को राष्ट्रीय त्रासदी मानने का अर्थ आतंकवाद का समर्थन नहीं है, बल्कि उस समय की परिस्थितियों के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराना है। फिर भी भाजपा की इस नई राजनीतिक भाषा को लेकर संदेह भी कम नहीं है। कई राजनीतिक विश्लेषकों और सिख बुद्धिजीवियों का मानना है कि पार्टी का यह बदलाव मुख्य रूप से चुनावी गणित से प्रेरित है। उनका कहना है कि केवल हिंदू मतों के सहारे पंजाब में सरकार बनाना संभव नहीं है, इसलिए भाजपा सिख मतदाताओं के बीच स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए अपने राजनीतिक संदेश को नया स्वरूप दे रही है। बहरहाल, अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भाजपा की सामाजिक समीकरणों पर आधारित नई रणनीति और सिख समाज तक पहुंच बनाने की कोशिश पंजाब के मतदाताओं को प्रभावित कर पाएगी या फिर राज्य की पारंपरिक राजनीतिक ध्रुवीकरण की राजनीति ही चुनाव परिणाम तय करेगी। अगले विधानसभा चुनाव इस सवाल का सबसे बड़ा जवाब साबित होंगे।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# संसद में आक्रामकता बनाम रक्षात्मकता- कैसे विपक्ष के दबाव में झुकी सरकार

(सुधीश पचौरी)

सरकार जितना 'हाथजोड़ू मुद्रा' में नजर आती है, उतने ही सबसे बड़े विपक्षी दल के तेवर कड़े होते दिखते हैं। अफसोस कि सत्तापक्ष के पास इसका कोई तोड़ नहीं !सत्तापक्ष, विपक्ष के आगे एक 'हाथजोड़ू प्रार्थना' है। इसके बरक्स विपक्ष एक 'शोर' है, 'नारेबाजी' है, 'काला वस्त्र' है और 'पोस्टर' है। एक जिद है कि हमारा एजंडा मानो, तब चलने देंगे संसद यानी हम चलाएंगे संसद..। सत्तापक्ष आग्रह करता है ‒ हे विपक्ष जी! कृपया संसद चलने दें, सरकार हर मुद्दे पर विचार करने के लिए तैयार है, नियम एवं समय तय करने पर विचार करेंगे। आसन की ओर से भी विपक्ष के नेताओं से बार-बार आग्रह किया जाता है कि आप वरिष्ठ अनुभवी सांसद हैं, शोर न करें, पोस्टर न लहराएं, सदन चलने दें..। कुछ देर बाद संसद पहले बारह बजे तक, फिर दो बजे, फिर तीन बजे तक और चार बजे तक स्थगित होती रहती है।. सरकार जितना 'हाथजोड़ू मुद्रा' में नजर आती है, उतने ही सबसे बड़े विपक्षी दल के तेवर कड़े होते दिखते हैं। अफसोस कि सत्तापक्ष के पास इसका कोई तोड़ नहीं! जब से मानसून सत्र शुरू हुआ है, तभी से विपक्ष आक्रामक है और सत्तापक्ष रक्षात्मक! विपक्ष पूरी तरह सक्रिय है और उसमें राहुल गांधी आगे हैंजविपक्ष का सारा 'स्पेस' उनका है। सत्तापक्ष, विपक्ष को यह कहकर लज्जित करना चाहता है कि उसका ऐसा अड़ियल व्यवहार गैरजिम्मेदाराना है। एक ओर वह कहता है कि संविधान खतरे में है, तो दूसरी ओर संसद न चलने देकर वह संविधान को ही खतरे में डालता है। सरकार को रक्षात्मक देख विपक्ष अपनी करता रहता है कि संसद चलाना सत्तापक्ष का कामज हमारा काम विरोध करना है। पहले विपक्ष की तीन मांगें मानो कि शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें, छात्रों से माफी मांगें और नीट पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों के परिवारों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दें। फिर 'काकरोच जनता पार्टी' की एक और मांग कि प्रदर्शनकारियों पर केस वापस लें। उधर, 'काकरोच जनता पार्टी' के कुछ नेताओं के लिए 'भूख हड़ताल' भारी पड़ी। एक 'काकरोच' ने भूख हड़ताल के दौरान 'बर्गर' खाया और फिर टीवी चैनलों को स्वयं बताया कि खाया। इसके बाद वह 'काकरोच जनता पार्टी' के प्रवक्ता पद से बाहर हो गया, लेकिन वह बंदा भी गजब कि जाते-जाते कह गया कि 'उन्होंने' भी कचौड़ी खाई है। 'काकरोच' के नेता उतनी सुर्खियों में नहीं दिखते, जितने कि सोनम वांगचुक या विपक्ष के नेता हैं। संसद में हर दिन अब सिर्फ लंबा 'स्थगन' है! संसद स्थगित, लेकिन बाहर मकर द्वार पर विपक्ष का लगभग हर रोज प्रदर्शन। फिर एक दिन सत्तापक्ष के सांसदों का मकर द्वार पर जवाबी प्रदर्शनज। मानसून सत्र के पहले दिन ही 'काकरोच जनता पार्टी' का संसद की ओर 'कूच' का एलान। पुलिस द्वारा रास्ते बंद करना, लेकिन बढ़ती भीड़ बेकाबू, फिर पत्थरबाजी और पुलिस का बल प्रयोग। ऐसे दृश्य दिल्ली सहित कई बड़े शहरों में देखे गए। चैनलों पर सब कुछ का सीधा प्रसारणज कुछ चैनलों के पत्रकार भी प्रदर्शनकारियों का निशाना बनेज्बहसें विपक्ष के नेताओं और प्रदर्शनकारियों के पक्ष में झुकती हुई..। उधर, पुलिस का कथन कि प्रदर्शन में बहुत से बाहरी तत्त्व भी शामिल दिखते हैंज वे अपने चेहरों को छिपाकर, हेल्मेट पहनकर पत्थर चलाते हैं, कुछ तलवारें भी लहराते हैं, वे पुलिस या सार्वजनिक संपत्ति को निशाना बनाते हैं। कुछ एंकर और चर्चकों के लिए कथित 'जेन-जी पीढ़ी' का आचरण आपत्तिजनक, कइयों को संदेह कि ये विद्यार्थी हैं या असामाजिक तत्त्व? ये किसी विदेशी 'टूलकिट' से प्रेरित हैं और मांग कि पुलिस सख्ती बरते इनको हटाए। इस बीच, बॉलीवुड अभिनेताओं समेत कई हस्तियां छात्रों के समर्थन में खड़ी हो गईं! फिर एक शाम सबसे बड़े विपक्षी दल का प्रधानमंत्री आवास के पास प्रदर्शन और नारे।


राहुल गांधी और प्रियंका गांधी इसका नेतृत्व करते हुए। एक मंत्री का राहुल से मिलकर बातचीत करना कि विपक्षी नेता सुरक्षा की दृष्टि से इस संवेदनशील इलाके से हट जाएंज सरकार बातचीत करने को तैयार है। जब नहीं हटे, तो पुलिस ने जबरन हटाया। कई चर्चक कहिन कि विपक्ष एक बार फिर सरकार को हिलाकर निकल गया। उधर, गुरुवार की रात को प्रधानमंत्री ने एक नया एलान किया कि प्रश्नपत्र लीक मामलों में दोषियों को जल्द सजा दिलाने के लिए त्वरित अदालतें बनाई जाएंगी, सख्त कानून लाएंगे, जिसमें सजा की अवधि और जुर्माने को बढ़ाने के प्रावधान होंगे। जब पूछा गया कि क्या विपक्ष नए कानून का समर्थन करेगा, तो जवाब आया कि पहले संबंधित विधेयक को देखेंगे, तब बताएंगे। इसी बीच, सोनम वांगचुक की ओर से 26 दिन पुरानी भूख हड़ताल को समाप्त करने की खबर आई। साथ ही यह खबर भी आई कि किसी 'न्यूट्रल' जगह पर 'काकरोच जनता पार्टी' के नेता सरकार से बातचीत करने के लिए तैयार हैं।

# विश्वासघात के बाद हार नहीं मानें, वो समय खुद को फिर से गढ़ने का होता है

(आकांक्षा दीक्षित )

**मनोविज्ञान में एक महत्त्वपूर्ण सिद्धांत है, जिसे 'पोस्ट-ट्रामेटिक ग्रोथ' यानी आघात-पश्चात विकास कहा जाता है। मनोवैज्ञानिक डा रिचर्ड टेडेशी और लारेंस कैलहौन के शोध बताते हैं कि जीवन में गहरे संकट, मानसिक आघात या गंभीर विश्वासघात का सामना करने वाले अधिकतर लोग केवल अवसाद में ही नहीं डूबते, बल्कि एक समय के बाद वे मानसिक रूप से पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ हो जाते हैं। इस संकट से गुजरने के बाद लोगों में रिश्तों की बेहतर समझ विकसित होती है, वे सही और गलत लोगों की पहचान करना सीख जाते हैं और उन्हें अपनी उस आंतरिक शक्ति का अहसास होता है, जिससे वे पहले अनजान थे। जब कोई हमें धोखा देता है, तो वह हमारे भरोसे को तोड़ता है। हमारा जीवन किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं हो सकता।**

टूटने के बाद अधिकांश वस्तुएं टुकड़ों में बंट कर बिखर जाती हैं। जब उनको किसी चिपकाने वाले पदार्थ से जोड़ा जाता है, तो वे अपना मूल स्वरूप बदल देती हैं, क्योंकि टूटने के बाद जुड़ने में ऐसा होना स्वाभाविक है। जिंदगी भी कुछ ऐसी ही होती है। जब अप्रत्याशित विश्वासघात या जीवन के संघर्षों के झंझावात किसी व्यक्ति को भीतर तक तोड़कर रख देते हैं, तो उस एक कमजोर क्षण में आात्मघात सबसे पहला और आसान उपाय लगता है। मगर क्या वास्तव में यह समाधान है? क्या किसी धोखेबाज, किसी विपरीत परिस्थिति या किसी कठिन दौर के आगे घुटने टेककर अपनी जीवन-लीला समाप्त कर लेना न्यायसंगत है? बिल्कुल नहीं। जब चोट पहुंचाने वाले, धोखा देने वाले लोग दुनिया में मुस्कुरा रहे हैं और खुश हैं, तब अपनी ही अनमोल जान को दांव पर लगा देना किसी भी समस्या का सही जवाब नहीं हो सकता। यह समय बिखरने का नहीं, बल्कि खुद को पहले से ज्यादा मजबूत बनाकर परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करने का है। जापान में एक पुरानी परंपरा है 'किंत्सुगी'। जब मिट्टी या चीनी के बर्तन टूट जाते हैं, तो जापानी लोग उन्हें फेंकते नहीं हैं। वे उन टूटे हुए टुकड़ों को सोने, चांदी या प्लैटिनम मिश्रित लाख से जोड़ते हैं। परिणाम यह होता है कि वह बर्तन पहले से कहीं अधिक मजबूत हो जाता है और उसकी दरारें सोने की चमक से जगमगा उठती हैं। वह बर्तन अपनी कमियों को छिपाता नहीं, बल्कि उन्हें गर्व से दिखाता है। इंसानी जिंदगी भी ऐसी ही है। विश्वासघात या असफलता से जब हमारा दिल टूटता है, तो हमारे व्यक्तित्व में दरारें आती हैं। लेकिन जब हम धैर्य, आत्म-प्रेम और साहस के अवलेह से खुद को दोबारा जोड़ते हैं, तो हमारा नया स्वरूप पहले से कहीं ज्यादा निखर कर सामने आता है। हमारा मूल स्वरूप बदल जरूर जाता है- हम अधिक परिपक्व और संजीदा हो जाते हैं- लेकिन हमारी आंतरिक मजबूती कई गुना बढ़ जाती है। मनोविज्ञान में एक महत्त्वपूर्ण सिद्धांत है, जिसे 'पोस्ट-ट्रामेटिक ग्रोथ' यानी आघात-पश्चात विकास कहा जाता है। मनोवैज्ञानिक डा रिचर्ड टेडेशी और लारेंस कैलहौन के शोध बताते हैं कि जीवन में गहरे संकट, मानसिक आघात या गंभीर विश्वासघात का सामना करने वाले अधिकतर लोग केवल अवसाद में ही नहीं डूबते, बल्कि एक समय के बाद वे मानसिक रूप से पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ हो जाते हैं। इस संकट से गुजरने के बाद लोगों में रिश्तों की बेहतर समझ विकसित होती है, वे सही और गलत लोगों की पहचान करना सीख जाते हैं और उन्हें अपनी उस आंतरिक शक्ति का अहसास होता है, जिससे वे पहले अनजान थे। जब कोई हमें धोखा देता है, तो वह हमारे भरोसे को तोड़ता है। हमारा जीवन किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं हो सकता। मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक, आत्मघाती विचार एक 'अस्थायी मानसिक कोहरा' होते हैं।



अगर उस एक कमजोर पल को धैर्य से पार कर लिया जाए, तो आगे की जिंदगी में सफलता की नई राहें खुलती हैं। इतिहास और वर्तमान ऐसे नायकों की कहानियों से भरा पड़ा है, जिन्होंने गहरे विश्वासघात और जीवन के झंझावातों को सहा, लेकिन हार मानने के बजाय इतिहास रच दिया। इस बात पर गहराई से विचार करना चाहिए कि जिसने हमें धोखा दिया, विश्वास का कत्ल किया, वह अपनी जिंदगी में मुस्कुरा रहा है, पार्टियां कर रहा है और आगे बढ़ चुका है। ऐसे में हमारे द्वारा उठाया गया कोई भी आत्मघाती कदम उसे दंड नहीं देगा, बल्कि उसे हमारे जीवन के अध्याय को हमेशा के लिए बंद करने का एक बहाना दे देगा। हमारी मृत्यु से सबसे ज्यादा दुख हमारे माता-पिता, सच्चे मित्रों और शुभचिंतकों को होगा, जिनका कोई दोष नहीं था। दोषी व्यक्ति को इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इसलिए सबसे बड़ा प्रतिशोध यह नहीं है कि हम खुद को मिटा दें। सबसे बड़ा और खूबसूरत प्रतिशोध यह है कि हम खुद को इतना कामयाब, खुश और मजबूत बना लें कि हमें चोट पहुंचाने वाले लोग हमारी ऊंचाई को देखकर खुद अपनी नजरों में बौने साबित हो जाएं। अगर कोई वर्तमान में किसी ऐसे ही दौर से गुजर रहा है, जहां सब कुछ बिखरा हुआ लग रहा है, तो कुछ बातों को अपने जीवन का मंत्र बना लेना चाहिए। सबसे पहले, उस एक कमजोर पल को टाल दिया जाए, क्योंकि आत्महत्या का विचार अक्सर एक तीव्र और क्षणिक आवेग होता है। जब भी ऐसा महसूस हो, किसी विश्वसनीय मित्र, परिवार के सदस्य या हेल्पलाइन से बात करने की जरूरत है। जैसे शरीर बीमार होने पर हम डाक्टर के पास जाते हैं, वैसे ही मन के बीमार होने या टूटने पर मनोचिकित्सक या काउंसलर की मदद लेना पूरी तरह सामान्य और जरूरी है। अपने भीतर की पीड़ा, गुबार, गुस्से और दुख को किसी रचनात्मक कार्य, करिअर या समाज सेवा में झोंक देना चाहिए। इतिहास गवाह है कि महानतम कला और सफलताएं गहरे दर्द की कोख से ही पैदा हुई हैं। इस बात को स्वीकार कर लेना चाहिए कि टूटने के बाद हमारा पुराना स्वरूप शायद वापस न आए, लेकिन यह नया रूप अधिक सतर्क, अधिक समझदार और कहीं अधिक शक्तिशाली होगा। जिंदगी एक अनमोल उपहार है, जिसे किसी भी विश्वासघाती या कठिन परिस्थिति की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। टूटना अंत नहीं है, बल्कि यह एक नए और अधिक मजबूत स्वरूप के निर्माण की शुरुआत है। जब चीनी मिट्टी का बर्तन सोने से जुड़कर पहले से ज्यादा कीमती बन सकता है, तो हम हाड़-मांस के जीवित इंसान हैं, जिसके भीतर अदम्य इच्छाशक्ति का वास है। याद रखना चाहिए कि झंझावात पेड़ की सूखी पत्तियों को गिराते हैं, उसकी जड़ों को मजबूत करते हैं। खुद को समेट कर, उठने, अपनी दरारों को अपने तजुर्बे का सोना बनाने और दुनिया को दिखा देने की जरूरत है कि हम बिखरने के लिए नहीं, बल्कि निखरने के लिए बने हैं।

# श्रावणी मेला को लेकर स्टेशन पर सुरक्षा कड़ी

## • स्निफर डाग के साथ चली सघन जांच

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददातजा।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू होने के साथ ही मॉडल रेलवे स्टेशन जमालपुर पर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेल पुलिस ने स्टेशन परिसर और ट्रेनों में लगातार सघन जांच अभियान चला रहे हैं। अभियान के दौरान प्लेटफार्मों पर आने-जाने वाले यात्रियों के सामानों की गहन जांच की गई। वहीं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई।

सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए स्निफर डॉग की सहायता से स्टेशन के वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर,पोर्टिको परिसर तथा सभी चारों प्लेटफार्मों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। डाग स्क्वॉड की मदद से लावारिस वस्तुओं और यात्रियों के बैग की बारीकी से जांच की गई, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को समय रहते टाला जा सके।प्रभारी रेल थाना अध्यक्ष अर्चना कुमारी ने बताया कि



श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में कांवरियों और श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है। इसे देखते हुए स्टेशन परिसर, ट्रेनों और प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम चौबीसों घंटे निगरानी कर रही है। यात्रियों से भी अपील की जा रही है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, लावारिस सामान या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल रेल पुलिस या आरपीएफ को दें।अभियान में प्रभारी रेल थाना अध्यक्ष अर्चना कुमारी, सुमन कुमार के अलावा डॉग स्क्वॉड के सुनील पासवान, मुंगेरीलाल चौधरी समेत रेल पुलिस कई जवान मौजूद रहे।

# नगर परिषद का 2026-27 का 167.56 करोड़ का बजट सदन में पेश

## 9.03 करोड़ अधिशेष का अनुमान

**जमालपुर(मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद जमालपुर की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्यय (बजट) पर विस्तार से विचार किया गया। बैठक की शुरूआत कार्यपालक पदाधिकारी के अनुरोध पर मुख्य पार्षद द्वारा सदन की कार्यवाही प्रारंभ किए जाने के साथ हुई। सबसे पहले पिछली बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि सर्वसम्मति से की गई।बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करने से पहले नगर परिषद द्वारा 12 फरवरी 2026 को विभिन्न समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित कर 25 फरवरी तक आम लोगों से सुझाव आमंत्रित किए गए थे। इसके बाद 9 से 11 मार्च 2026 तक सभी वार्डों में आमसभा आयोजित कर स्थानीय आवश्यकताओं एवं विकास योजनाओं का चयन किया गया। इन्हीं सुझावों के आधार पर बजट का प्रारूप तैयार किया गया।

प्रस्तुत बजट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में रेवेन्यू आय 46 करोड़ 14 लाख 36 हजार 500 रुपये तथा रेवेन्यू व्यय 47 करोड़ 23 लाख 2 हजार 400 रुपये प्रस्तावित है। वहीं कैपिटल रिसिप्ट 105 करोड़ 25 लाख रुपये और कैपिटल व्यय 111 करोड़ 30 लाख 50 हजार



रुपये का प्रावधान किया गया है।नगर परिषद ने पिछले वर्ष की शेष राशि को जोड़ते हुए कुल 167.56 करोड़ रुपये की आय तथा 158.53 करोड़ रुपये के कुल व्यय का अनुमान प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 9.03 करोड़ रुपये के अधिशेष (सरप्लस) बजट का प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा गया, जिसे पारित किए जाने पर विचार किया गया।नगर परिषद के इस बजट में वार्डों से प्राप्त सुझावों के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अगार्घाट रोड पर शुरू हुआ ए.के. ट्रेडर्स, बर्जर पेंट समेत हार्डवेयर सामग्री की मिलेगी पूरी रेंज

**गिरिडीह, नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के अगार्घाट रोड स्थित ए.के. ट्रेडर्स का बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भव्य शुभारंभ किया गया। दुकान का उद्घाटन बबिता देवी के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित लोगों ने फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना कर नए प्रतिष्ठान की सफलता एवं समृद्धि की कामना की दुकान संचालक अशोक केसरी एवं प्रभु केसरी ने बताया कि ए.के. ट्रेडर्स में बर्जर पेंट की सभी आधुनिक वैरायटी उपलब्ध हैं। इसके अलावा हार्डवेयर से संबंधित सभी प्रकार के सामान, एसीसी सीमेंट, सीमेंट रिंग, तार, रंग, निर्माण सामग्री सहित अन्य आवश्यक उत्पाद ग्राहकों को एक ही छत के नीचे उचित एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद, उचित मूल्य और बेहतर सेवा देना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोगों ने नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए व्यवसाय की उन्नति की कामना की। इस अवसर पर प्रदीप यादव, गुड्डू, दीनानाथ केसरी, सोनू रजक, प्रो. मुकेश साह, आरती देवी, शिवानी गुप्ता, विशाल केसरी, भोलू केसरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।यदि यह समाचार अखबार में प्रकाशित होना है, तो यह संस्करण शीर्षक और भाषा दोनों के लिहाज से उपयुक्त रहेगा।

### ग्रामीण मण्डल की संगठनात्मक बैठक

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** ग्रामीण मण्डल की संगठनात्मक बैठक मण्डल अध्यक्ष रूकमिला सारू की अध्यक्षता में जिला कार्यालय खूंटी में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी श्रीमती सुनीता सिंह उपस्थित रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती सिंह ने कहा कि स्क्रू का अभी एक चरण पूरा हुआ है। पांच अगस्त से वोटर लिस्ट चुनाव आयोग के द्वारा जारी किया जाएगा। इसमें कोई योग्य व्यक्ति छुट गया है तो अपना आपत्ति दावा कर सकता है। सर में रांची से लगभग 70 हजार अयोग्य लोगों का नाम कट गया है। सुनीता सिंह ने आगे बतायी कि संत शिरोमणि रविदास जी की 650 वीं जयंती पर 29 जुलाई से 20 फरवरी तक समरसता अभियान के तहत भाजपा उनके जन्मस्थली से मिट्टी लेकर पूरे देश में कलश वंदन करते हुए संत रविदास जी की उद्देश्य सामाजिक न्याय, मानवता, सेवा, सद्भाव, समानता और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। वह पवित्र मिट्टी प्रत्येक मण्डल तक पहुंचाया जाएगा। और वह मिट्टी को स्थानीय मंदिर पर विश्राम दिया जाएगा। मण्डल प्रभारी संजय साहू ने अपने संबोधन में कहा कि मण्डल के सभी पांचों शक्ति केन्द्र पर एक चार सदस्यीय समिति बनाई जाएगी। यह समिति सभी बुथों पर जाकर बुथ समिति का निर्माण कराएगी। संगठन के छः कार्य के संयोजक का भी गठन हर बुथ में करना है। महीने के हर तीसरे रविवार को एक बैठक करना है और महिने के अन्तिम रविवार को मन की बात सुनना है साथ ही कार्यक्रम के बाद एक बैठक भी करना है। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष श्रीमती रूकमिला सारू ने किया। बैठक में जिला महामंत्री निखिल कन्डुलना, महावीर राम, राजेश महतो, केशव राम, बासमती देवी, दिनेश महतो, अमित कश्यप, उमेश मांझी, जीतन स्वांसी, सुषमा देवी, अनिल महतो, मनोज गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संत रविदास की जयंती पर दीपोत्सव

## कर्म को बताया जीवन का सर्वोच्च धर्म

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी प्रखंड जमालपुर की ओर से रामनगर पंचायत के रविदास टोला में संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी ने की। मुख्य अतिथि भाजपा मुंगेर जिला अध्यक्ष अरुण कुमार पोद्दार ने कहा कि संत रविदास 15वीं-16वीं शताब्दी के महान संत, कवि, समाज सुधारक एवं निर्गुण भक्ति धारा के प्रमुख संत थे। उनकी 40 रचनाएं सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास का स्पष्ट संदेश था कि व्यक्ति की पहचान उसकी जाति से नहीं, बल्कि उसके कर्म से होती है। कर्म ही मनुष्य को सम्मान और




पूजनीयता प्रदान करता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वाराणसी स्थित संत रविदास के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए देशभर के दलित परिवारों के आंगन की मिट्टी एकत्र कर मंदिर निर्माण में उपयोग की जा रही है।

भाजपा संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रविदास जयंती कार्यक्रम के संयोजक विवेकानंद चौधरी एवं मुंगेर मंडल अध्यक्ष चेतन कुमार मौजूद रहे। मौके पर प्रखंड महामंत्री प्रेम कुमार, उपाध्यक्ष सोनू पोद्दार, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष टिंकू दास, राजेश दास, गोरे दास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं रविदास समाज के लोग उपस्थित थे।

# महागामा पुलिस ने ज्वेलरी दुकान चोरी कांड का किया खुलासा

**महगामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोड्डा जिले के महागामा थाना क्षेत्र में ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के चांदी के आभूषण, तीन मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है पुलिस के अनुसार, महागामा थाना कांड संख्या 33/26 24 फरवरी 2026) में दर्ज मामले की जांच पुलिस अधीक्षक गोड्डा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महागामा के नेतृत्व में की जा रही थी। जांच के दौरान तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पहले आरोपी छोटू कुमार (18), निवासी सन्हौला, भागलपुर (बिहार) को गिरफ्तार किया गया पूछताछ में छोटू कुमार ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अन्य साथियों के नाम बताए। इसके आधार पर पुलिस ने मो. मोकर्रम (19), जिया उर्फ जियाउर्रहमान (20) तथा सूरज कुमार (24) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपियों ने महागामा थाना क्षेत्र के इस मामले के अलावा हनवारा थाना क्षेत्र की दो ज्वेलरी दुकानों में चोरी की घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक चांदी का ब्रेसलेट, एक चांदी की गले की चेन, तीन मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत के लिए न्यायालय भेज दिया गया है।

छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो, थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल, हनवारा थाना प्रभारी ध्रुव कुमार, सहायक अवर निरीक्षक खालिद अहमद खान, सहायक अवर निरीक्षक अजय सिंह रवानी तथा महागामा एवं हनवारा थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# 02 अगस्त को मर्सी हॉस्पिटल में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर

**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के पहले मल्टी-स्पेशलिटी मर्सी हॉस्पिटल में 02 अगस्त 2026 (रविवार) को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श देंगे। इसके अलावा शुगर एवं ब्लड प्रेशर (बीपी) की मुफ्त जांच की जाएगी।

साथ ही 2डी ईको और पीएफटी (पीफटी ) जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी शिविर में जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अनुज अनिल लड्डा, ऑर्थोपेडिक एवं ट्रॉमा सर्जन डॉ. रोईश उद्दीन, मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. मो. शहजाद शेख, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. लीलावती पाडिगेला, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका अग्रवाल एवं डॉ. समीक्षा सोनथालिया, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल शाहाबादी एवं डॉ. सौरभ जगनानी (सेवानिवृत्त), रेडियोडायग्नोसिस विशेषज्ञ डॉ. निकेश सिंह, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. विवेक डोकानिया, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष गेडा तथा गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रवण कुमार अपनी सेवाएं देंगे शिविर के दौरान विभिन्न जांच एवं उपचार पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जाएगी मर्सी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. पी. एच. मिश्रा ने बताया कि अस्पताल का उद्देश्य गिरिडीह एवं आसपास के लोगों को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से लोगों को समय रहते बीमारियों की पहचान और उचित उपचार का लाभ मिलेगा अस्पताल प्रबंधन ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है। यह शिविर मर्सी हॉस्पिटल, बस स्टैंड रोड, गिरिडीह में आयोजित होगा। पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 06532-351518 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जाति प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानी पर वार्ड पार्षदों ने जताई नाराजगी

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर अंचल कार्यालय में जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आम लोगों को हो रही परेशानियों को लेकर नगर परिषद के कई वार्ड पार्षदों ने नाराजगी जताई है।

पार्षदों ने कहा कि प्रमाण पत्र निर्गत होने में देरी और आवश्यक दस्तावेजों की जटिल प्रक्रिया के कारण विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर स्कूल-कॉलेजों में नामांकन, छात्रवृत्ति, सरकारी योजनाओं तथा विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों पर पड़ रहा है।

पार्षदों ने आरोप लगाया कि बिहार सरकार द्वारा जाति प्रमाण पत्र के लिए केवाला की प्रति अनिवार्य किए जाने से ऐसे परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं, जिनके पास अपनी जमीन या मकान नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में ऐसे गरीब एवं भूमिहीन लोग हैं, जिनके पास कोई भूमि अभिलेख उपलब्ध नहीं है। ऐसे में उनके लिए जाति प्रमाण पत्र बनवाना मुश्किल हो गया है।पार्षदों ने कहा कि



सरकार को जमीनी हकीकत को ध्यान में रखकर नियम बनाने चाहिए। उनका कहना था कि किसी भी वार्ड में कौन व्यक्ति किस जाति का है, इसकी जानकारी संबंधित वार्ड पार्षद को सबसे बेहतर होती है।

### आंदोलन की दी चेतावनी

इसलिए सरकार चाहें तो सत्यापन का अधिकार वार्ड पार्षदों को भी दे सकती है, जिससे लोगों को राहत मिलेगी और अनावश्यक भागदौड़ समाप्त होगी।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं करती और लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तो वे जनहित में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।बैठक में वार्ड पार्षद राकेश तिवारी, रूपेश कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार तथा पार्षद प्रतिनिधि दीपक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जरूरतमंद मरीज के लिए मुखिया मो. सिद्दीक अंसारी बने जीवनदाता



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानवता और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए मधवाडीह पंचायत के मुखिया मो. सिद्दीक अंसारी ने एक जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान कर समाज के सामने सेवा और संवेदनशीलता का प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने से मरीज की स्थिति गंभीर हो रही थी। सूचना मिलते ही मुखिया बिना किसी विलंब के सदर अस्पताल पहुंचे और स्वेच्छा से रक्तदान कर मरीज की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।जानकारी के अनुसार, मधवाडीह पंचायत के बैजनाथपुर निवासी खुर्शीद खान (पिता- स्वर्गीय कमाल खान) को अचानक रक्त की आवश्यकता पड़ गई थी। परिजनों द्वारा मदद की अपील किए जाने पर मुखिया मो. सिद्दीक अंसारी तुरंत अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर मरीज को आवश्यक रक्त उपलब्ध कराया रक्तदान के बाद मुखिया मो. सिद्दीक अंसारी ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने सभी स्वस्थ लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने के लिए हर सक्षम व्यक्ति को आगे आना चाहिए वहीं, मरीज के परिजनों ने मुखिया के इस मानवीय सहयोग के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में मिला यह सहयोग उनके परिवार के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

# बेकाबू होकर पेड़ से टकराई बाइक सवार, गंभीर रुप से घायल

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के रनिया थाना इलाके में सड़क हादसा हुआ है जिसमें एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है. यह घटना खूंटी-सिमडेगा राज्य राजमार्ग पर मरचा मोड़ के समीप जिओ टावर के पास हुई है.

जहां बुधवार (29 जुलाई) को तेज रफ्तार पल्सर बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है. घायल की पहचान तपकरा थाना क्षेत्र के फटका गांव निवासी सनिका होरो (30 वर्ष) के गंभीर रूप में हुई है.

# प्रवासी मजदूर शहजाद को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई



**गिरिडीह, नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** कर्नाटक के मंगलौर में असमय मौत का शिकार हुए बेंगाबाद प्रखंड के खुटरीबाद गांव निवासी 20 वर्षीय प्रवासी मजदूर शहजाद अंसारी का शव गुरुवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा। शव के गांव पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

बेटे का शव देखते ही माता-पिता बेसुध हो गए, जबकि परिजनों की चीत्कार से माहौल गमगीन हो उठा। ग्रामीणों ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने का प्रयास किया घटना की जानकारी मिलते ही झामुमो के युवा नेता फरदीन इम्तियाज अहमद, बेंगाबाद प्रखंड सचिव खुर्शीद अनवर हादी, समाजसेवी अबू अंसारी, इसराइल अंसारी सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मृतक के घर पहुंचे तथा परिजनों को ढांढस बंधाया इस दौरान फरदीन इम्तियाज अहमद ने गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन से दूरभाष पर बात कर घटना की जानकारी दी। विधायक ने शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया ग्रामीणों के अनुसार शहजाद अंसारी परिवार का सबसे छोटा और होनहार बेटा था। उसके माता-पिता वृद्ध हैं, जबकि दोनों बड़े भाई लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। ऐसे में परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी काफी हद तक शहजाद के कंधों पर थी। बेहतर भविष्य और परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने की उम्मीद लेकर वह मजदूरी करने कर्नाटक गया था, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।

उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।गुरुवार दोपहर बाद शहजाद अंसारी के पार्थिव शरीर को स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और शुभचिंतक शामिल हुए। सभी ने नम आंखों से शहजाद को अंतिम विदाई दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# वंदे भारत सहित उच्च गति ट्रेनों की व्यवहार्यता पर माडल का लोकार्पण

## • हाईस्पीड रेल तकनीक पर इरिमी छात्रों ने दिखाया दम • इरिमी में तकनीकी नवाचार और अनुसंधान को मिल रहा लगातार बढ़ावा

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियांत्रिकी संस्थान (इरिमी) जमालपुर में बुधवार को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (यातायात) देवेंद्र कुमार के स्वागत में आयोजित समारोह में हाईस्पीड रेल तकनीक पर आधारित छात्र परियोजना चर्चा का केंद्र रहा।

वंदे भारत सहित देश की उच्च गति वाली रेलगाड़ियों की तकनीक और उनकी व्यवहार्यता पर तैयार परियोजना को रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने सराहा और इसे भविष्य की रेल तकनीक से जुड़ा महत्वपूर्ण नवाचार बताया। अपर सदस्य का स्वागत संस्थान के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। इस दौरान संस्थान की उपलब्धियों, प्रशिक्षण व्यवस्था और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके बाद नव सभागार में आयोजित समारोह की शुरूआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। प्रशिक्षुओं ने महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम के साथ मैथिली एवं हिंदी समूह गीत और नृत्य प्रस्तुत कर समारोह को गरिमामय बनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जीएमसीसी, बड़ौदा के तृतीय वर्ष के बीटेक छात्र एपल सत्यालम और उत्कर्ष उज्ज्वल की परियोजना रही। प्रो. सीएंड आइटी सिद्धार्थ शंकर के मार्गदर्शन में तैयार इस परियोजना में भारतीय परिस्थितियों में उच्च गति रेल संचालन की तकनीकी संभावनाओं और व्यवहारिक पहलुओं का प्रस्तुतीकरण किया गया।

अपर सदस्य यातायात और महानिदेशक ने परियोजना की थीम रिपोर्ट का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। अपर सदस्य रेलवे बोर्ड देवेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय रेल आधुनिक तकनीक के नए दौर में प्रवेश कर रही है। ऐसे समय में अनुसंधान, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से नई तकनीकों को अपनाने और भारतीय रेल को अधिक सुरक्षित, दक्ष और भविष्य के अनुरूप बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। महानिदेशक ने कहा कि इरिमी में तकनीकी नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

संस्थान का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को ऐसी तकनीकों से जोड़ना है जो भारतीय रेल की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। समारोह के अंत में वरिष्ठ आचार्य डब्ल्यूएमटी रजनी कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता ह्यूम आरके झा ने किया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, आचार्य, प्रशिक्षु और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शुद्ध वातावरण के लिए पूर्व सैनिकों ने लगाए 100 पेड़

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व सैनिक संघ द्वारा हरित क्रांति, हरियाली, शुद्ध वातावरण को ध्यान में रखते हुए पौधा लगाने का कार्य किया। गुरुवार को बालाजी नगर न्यू मैनपुरा सगुना मोड़ दानापुर में पूर्व सैनिकों ने 100 पेड़ लगाकर इसका शुरूआत किया। जिससे आने वाले दिनों में यहां के लोग इसका फल, फूल और शुद्ध वातावरण का लाभ मिलेगा। इस संदर्भ में संघ के संयोजक अरुण फौजी ने कहा कि हर एक व्यक्ति अपने जीवन में कर्तव्य दिखाते हुए 1 पेड़ लगाने का कार्य करें। जिससे वातावरण हरा भरा होने के साथ लोगों को ताजी हवा मिल सके। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि संघ द्वारा इस महीने में प्रत्येक सप्ताह पेड़ लगाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष बी एन सिंह, प्रवक्ता मनोज सिंह, कृष्ण सिंह, एस पी वर्मा, संतोष कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, टी एन तिवारी एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित थे।





### बगीचे से किलोस्कर कंपनी की मोटर, पाइप और तार चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र में इन दिनों किसानों के खेतों मे और बागिचे मे लगा मोटर पंपसेट की चोरी बढ गई है,ऐसे मे गुरुवार को भी एक बगीचे से अज्ञात चोरों ने किलोस्कर कंपनी का समरसेबल मोटर, पाइप और तार चोरी कर ली। घटना की शिकायत पीड़ित ने धनरुआ थाने में दी है। भखरी निवासी संजीव कुमार पाण्डेय उम्र 57 पिता स्व. राजेश्वर पाण्डेय ने आवेदन में बताया कि 30 जुलाई 2026 की सुबह 6:00 बजे जब वह अपने बगीचे पहुंचे तो वहां लगा किलोस्कर कंपनी का 1 त्न्ढ का मोटर, पाइप और तार नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद भी सामान का कुछ पता नहीं चल सका। आशंका है कि किसी अज्ञात चोर ने रात में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।पीड़ित ने थानाध्यक्ष से आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच करने और चोरी गए सामान को बरामद कराने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी और लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### सावन को लेकर जीआरपी की कड़ी चौकसी

बोल बम यात्रियों की भीड़ की आशंका, आरपीएफ-जीआरपी मुस्तैद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन के पावन महीने की शुरूआत गुरुवार से हो गई। बाबा धाम और विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक के लिए ट्रेनों के जरिए शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की आशंका को देखते हुए जीआरपी और रेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।रेलवे प्रशासन के निर्देश पर तारेगना रेलवे स्टेशन पर रेल थाना अध्यक्ष सोनू कुमार के नेतृत्व में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। गुरुवार से स्टेशन पर आने-जाने वाली सभी ट्रेनों में विशेष सघन तलाशी अभियान चलाया जायेगा,पुलिस ने सभी प्लेटफार्मों पर संदिग्ध सामान, अवैध वस्तुओं और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जांच-पड़ताल की। स्टेशन के कई जगहों पर पुलिस का कड़ा पहरा देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि सावन माह में भीड़ बढ़ने के कारण किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और पुलिस का सहयोग करें।रेल प्रशासन ने कहा कि पूरे सावन महीने भर यह विशेष निगरानी और तलाशी अभियान जारी रहेगा ताकि शिवभक्तों की यात्रा सुरक्षित और सुगम हो सके।




### आवारा कुत्तों का आतंक, 15 दिन में 312 लोगों ने लगवाया रेबीज का टीका

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इन दिनों मसौढ़ी शहर से लेकर गांव तक आवारा कुत्तों का आतंक लोगों की नाक में दम कर रहा है। सुबह-शाम स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और राहगीर कुत्तों के झुंड से सहमे हुए हैं। हर गली-मोहल्ले में काटने की घटनाएं बढ़ गई हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी से मिली जानकारी के अनुसार 17 जुलाई से 30 जुलाई तक महज 15 दिनों में कुल 312 लोगों ने रेबीज रोधी वैक्सीन लगवाई है। पीएससी प्रभारी डॉ. रामानुज ने बताया कि औसतन हर महीने 100 से 125 मरीज पूरे मसौढ़ी प्रखंड से वैक्सीन लेने आते हैं, लेकिन इस बार संख्या अचानक बढ़ गई है। डॉक्टर ने लोगों से अपील की है कि कुत्ते के काटने पर घाव को साबुन से धोकर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और टीका जरूर लगवाएं। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद और प्रखंड प्रशासन से आवारा कुत्तों के नसबंदी और पकड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।



### नाबालिग से यौन शोषण, विरोध पर चाकू मारा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल गांव में शादी का प्रलोभन देकर एक नाबालिग से दो महीने तक यौन शोषण और विरोध करने पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़िता की दादी साफिया खातून उर्फ फुद्दन ने मसौढ़ी थाना में लिखित शिकायत देकर आरोपी और उसके परिजनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार नदौल निवासी मो. जिशान मलिक पिता हसीन मलिक ने शादी का झांसा देकर उनकी नाबालिग पोती के साथ करीब दो महीने तक यौन उत्पीड़न किया। जब 28 जनवरी 2026 की रात करीब 11 बजे पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने धारदार चाकू से उस पर अनगिनत वार कर लहूलुहान कर दिया। शिकायत में बताया गया है कि बचाने आई पीड़िता की बहन रजिका खातून पर भी जिशान ने चाकू से हमला किया। इस दौरान जिशान की दो बहनें रानू और रानी तथा पिता हसीन मलिक ने भी मिलकर मारपीट की। हमले में रजिका का हाथ कट गया। जान बचाकर पीड़िता पड़ोस के घर भागी तो आरोपी वहां भी पीछा कर चाकू से हमला करने पहुंच गया। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे तब आरोपी दीवार कूदकर फरार हो गया।पीड़िता का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया है। मसौढ़ी थाना में दर्ज त्रक्षक्रसंख्या 682/26 दिनांक 29.01.2026 में ढडउरड एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी मो. जिशान मलिक समेत 4 लोगों को नामजद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

### 15 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को मसौढ़ी पुलिस ने 15 किलो गांजा के साथ एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई मसौढ़ी पुलिस और एक बाहरी पुलिस टीम के सहयोग से खरांट मोड़ के पास की गई। दरअसल एक बाहरी पुलिस की टीम उस रास्ते से गुजर रही थी जहां संदेह के आधार पर एक युवक से पूछताछ करने के लिए आगे बढी जहाँ पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, जिसे खदेड़कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 15 किलो गांजा बरामद किया गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजू कुमार के रूप में हुई है, जो गंगाचक का रहने वाला है। पूछताछ के बाद उसे मसौढ़ी पुलिस के हवाले कर दिया गया, गिरफ्तार युवक से पूछताछ में गांजा तस्करी के पूरे नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद है। उससे यह भी पूछ जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा वह कहां से ला रहा था और किसे सप्लाई करने जा रहा था।

# सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी, शव के पास मिला देसी कट्टा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल के बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरपुर गांव में गुरुवार सुबह सड़क किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर स्कूल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव के पास ही एक देसी कट्टा भी पड़ा मिला है, जिससे घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह जब ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकले तो उनकी नजर सड़क किनारे पड़े शव पर पड़ी। इसके बाद तत्काल बाढ़ थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रथम दृष्टया मृतक के सिर में गोली लगने के निशान दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, यह हत्या है, आत्महत्या है या किसी अन्य परिस्थिति में मौत हुई है, इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। लेकिन कुछ लोगों का कहना है कि युवक,बासोबगी गांव का है और इसका नाम सुजीत कुमार है लेकिन पुलिस अभी स्पष्ट नहीं कर पाई है पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। घटना के कारण पूरे इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। बाढ़ थानाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। लिखित तहरीर मिलने के बाद ही आरोप का खुलासा हो सकेगा ।जांच पड़ताल में सुजीत के मानसिक परेशानी में रहने की बात सामने आई है। वहीं दूसरी तरफ पैसे का लेनदेन का भी मामला हो सकता है।



## थार-ऑटो की टक्कर में ऑटो चालक की मौके पर मौत, 3 घायल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया डोभी एनएच-22 पर गुरुवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। केवड़ा ओपी थाना क्षेत्र के पोठही स्थित बाबा रेस्टोरेंट के सामने एक थार और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतक की पहचान हरिवंश यादव पिता नंदू यादव निवासी चिनिया बेला, थाना पुनपुन के रूप में हुई है। बताया जाता है कि ऑटो धनरुआ की ओर से पुनपुन की तरफ जा रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार थार ने उसे सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। वह इस घटना के बाद थार में सवार सभी लोग भाग निकले, सूचना मिलते ही केवड़ा ओपी पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त थार और ऑटो को सड़क किनारे हटवाकर यातायात बहाल कराया। दोनों वाहनों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।इस हादसे के बाद एनएच-22 पर कुछ देर तक जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



## सोते बेटे के सिर पर कुदाल से वार, मौत से जूझ रहा युवक

मसौढ़ी के महुआ बीघा में शराब के नशे में वारदात, आरोपी पिता फरार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संपत्ति बंटवारे का विवाद खून के रिश्ते पर भारी पड़ गया। गुरुवार सुबह मसौढ़ी थाना क्षेत्र के महुआ बीघा गांव में एक पिता ने शराब के नशे में अपने ही बेटे के सिर पर कुदाल से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के मुंह में धकेल दिया। घायल बेटा जिंदगी और मौत के बीच पीएमसीएच में संघर्ष कर रहा है।घायल की पहचान पिंटू कुमार पिता केदार यादव के रूप में हुई है। गांव वालों के मुताबिक केदार यादव के 4 बेटे हैं, जो सभी बाहर प्राइवेट नौकरी करते हैं। सबसे बड़ा बेटा पिंटू ही पिता के साथ गांव में रहकर खेती-बाड़ी देखता था। पिछले कई दिनों से बाप-बेटे के बीच जमीन और घरेलू बंटवारे को लेकर झगड़ा चल रहा था। केदार अक्सर शराब पीकर पिंटू से मारपीट करता था। गुरुवार सुबह केदार सलेमपुर से लौटा और सो रहे पिंटू को उठाकर कुदाल से सिर पर कई बार वार कर दिए। चीख-पुकार सुनकर परिजन और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। खून से लथपथ पिंटू को पहले मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। बेर्रा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार ने बताया कि पिंटू की स्थिति अभी भी चिंताजनक है। डॉक्टरों की टीम इलाज में जुटी है। वारदात के बाद आरोपी पिता केदार यादव फरार है। पुलिस मामला जांच में जुटी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। लोग इस बर्बरता से सहमे हुए हैं। वहीं थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि यह पूरा घटना बाप बेटे के बीच संपत्ति बंटवारे को लेकर हुई है पूरे मामले की तह तक जांच की जा रही है।



## बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लिमिटेड, पटना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम तिमाही की बिना जांचा के वित्तीय परिणाम घोषित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लिमिटेड ने सेबी रेगुलेशन्स, 2015 के प्रावधानों के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2026-27 के क्यू-1 की समाप्ति पर 3 माह की अवधि के लिए अपने बिना जांचा वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं।

**कुल राजस्व :** वित्तीय वर्ष 2026-27 के क्यू-1 के दौरान कंपनी का कुल राजस्व ₹608.90 करोड़ रहा, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 के क्यू-1 में यह ₹484.59 करोड़ था। इस प्रकार कंपनी ने ₹ 124.31 करोड़ की वृद्धि दर्ज की, जो वर्ष - दर वर्ष 25.65% की बढ़ोतरी को दशार्ता है।

**कर पूर्व लाभ :** कंपनी का कर पूर्व लाभ वित्तीय वर्ष 2026-27 में क्यू-1 के दौरान ₹14.15 करोड़ रहा, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह ₹ 10.54 करोड़ था । इस प्रकार PBT में ₹ 3.61 करोड़ की वृद्धि दर्ज की, जो वर्ष-दर- वर्ष 34.31% की बढ़ोतरी को दशार्ता है।

**कर पश्चात लाभ :** वित्तीय वर्ष 2026-27 में क्यू-1 के दौरान कंपनी का कर पश्चात लाभ ₹ 10.58 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष ₹ 8.03 करोड़ था। इस प्रकार PBT में ₹2.55 करोड़ की वृद्धि दर्ज की, जो वर्ष-दर- वर्ष 31.79% की बढ़ोतरी को दशार्ता है।

**फैब्रिकेशन यूनिट का प्रदर्शन :** कंपनी की फैब्रिकेशन यूनिट ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के क्यू-1 के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस अवधि में यूनिट से ₹7.10 करोड़ का व्यवसाय प्राप्त हुआ, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 के क्यू-1 के दौरान यह ₹3.83 करोड़ था। इस प्रकार यूनिट ने ₹3.27 करोड़ की वृद्धि दर्ज की, जो वर्ष दर वर्ष 85.38% की बढ़ोतरी को दशार्ता है। इसके अतिरिक्त, 1 जुलाई 2026 के दिन फैब्रिकेशन यूनिट को पहले ही ₹67.85 करोड़ से अधिक के कायार्देश प्राप्त हो चुके हैं, जो कंपनी के फैब्रिकेशन यूनिट के भविष्य के विकास को और अधिक मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

## नीट पेपर लीक आंदोलन की जीत पर मसौढ़ी, धनरुआ, पुनपुन में संकल्प मार्च

'एनटीए भंग करो' के लगे नारे

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीट पेपर लीक के खिलाफ छात्र-युवा आंदोलन की ऐतिहासिक जीत और माले विधायक संदीप सौरभ सहित आंदोलनकारियों की रिहाई के उपलक्ष्य में संकल्प दिवस के तहत राजव्यापी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी, धनरुआ और पुनपुन प्रखंडों में भाकपा माले, ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन और इंकलाबी नौजवान सभा के संयुक्त बैनर तले मार्च और सभा हुई।मसौढ़ी में शहीद-ए-आजम भगत सिंह माले कार्यालय से निकला जो मार्च थाना रोड, मेन रोड और स्टेशन रोड होते हुए डाकघर के पास सभा में तब्दील हुआ। मार्च का नेतृत्व भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व फुलवारी के पूर्व विधायक गोपाल रविदास और राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार ने किया। धनरुआ में प्रखंड सचिव अक्लू पासवान, युवा नेता बबलू चौधरी, चितरंजन पासवान और पंचायत समिति सदस्य राजकिशोर पासवान के नेतृत्व में मार्च निकला। पुनपुन में इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव मिथिलेश कुमार, हरेंद्र दास और माले नेता मुन्ना चौहान अगुवाई कर रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि नीट सहित सभी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार के लिए एनटीए को रद्द किया जाए। शिक्षा का बाजारीकरण बंद हो, प्राइवेट विश्वविद्यालय अधिनियम वापस हो और विश्वविद्यालयों में 300% फीस वृद्धि वापस ली जाए। ऑनर्स में नामांकन के लिए 7.5 सीजीपीए की अनिवार्यता खत्म की जाए। सभी रिक्त पदों पर अविलंब बहाली हो।नेताओं ने मांग की कि आंदोलन के दौरान दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं, नगर नौसा के आंदोलनकारियों को "आतंकी" बताकर जारी लुक आउट नोटिस पर सरकार माफी मांगे।मसौढ़ी में राकेश कुमार, नागेश्वर पासवान, मनीष पासवान, सत्येंद्र पासवान, संजय पासवान सहित सैकड़ों छात्र-युवा और महिला कार्यकर्ता शामिल थे। धनरुआ में राजकिशोर प्रसाद, चितरंजन प्रसाद, जितेंद्र राम मौजूद थे। पुनपुन में हरेंद्र प्रसाद, मुन्ना कुमार ने भाग लिया।





### दहेज प्रताड़ना मामले में फरार 3 वारंटी गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के देवकली गांव में 2018 के दहेज प्रताड़ना मामले में फरार चल रहे पति समेत 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। करीब 8 साल से फरार चल रहे सभी आरोपियों को विशेष टीम ने घर से दबोचा। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान मक्कू ठाकुर उर्फ बबन कुमार, राकेश ठाकुर उर्फ राकेश प्रसाद और मुन्ना ठाकुर उर्फ मुन्ना प्रसाद के रूप में हुई है। तीनों पिता सुरेश ठाकुर उर्फ सुरेश प्रसाद निवासी देवकली हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह मामला धनरुआ थाना कांड संख्या 319/18 दिनांक 04/09/2018 से जुड़ा है। वादिनी अमृता कुमारी पति उमेश ठाकुर निवासी गोपालपुर, थाना नौबतपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि 29.08.2018 को दहेज में 5 लाख रुपये की मांग पूरी नहीं करने पर ससुराल वालों ने किचन में लोहे के रोड से मारपीट की और घर से भगा दिया। घायल अवस्था में पीड़िता को इलाज के लिए एनएमसीएच पटना में भर्ती कराना पड़ा था।इस मामले में दहेज अधिनियम के तहत केस दर्ज था।

## एस.यू. कॉलेज में शुक्रवार को मुंशी प्रेमचंद जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय(एस.यू. कॉलेज, हिलसा) के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के सौजन्य से कल शुक्रवार 31 जुलाई, 2026 को कलम के सिपाही, कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती के पावन अवसर पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामयी संगोष्ठी का मुख्य विषयः 'प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता' रखा गया है। इस बात की जानकारी देते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष सह कार्यक्रम के आयोजक डॉ. घनश्याम कुमार ने बताया कि इस एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद्, प्रखर आलोचक और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) बज्रांग प्रताप 'हिंद केशरी' उपस्थित रहेंगे। प्रो. हिंद केशरी प्रेमचंद के साहित्य की समकालीन समाज में उपयोगिता और उसकी प्रासंगिकता पर अपना सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के संरक्षक और एस.यू. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शिवचन्द्र सिंह ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य भारतीय समाज, विशेषकर ग्रामीण चेतना और शोषित वर्ग का जीवंत दस्तावेज है। आज के दौर में उनके विचारों को समझना और उन पर विमर्श करना बेहद जरूरी है। कॉलेज प्रशासन इस गरिमामयी आयोजन को भव्य बनाने के लिए पूरी तरह तत्पर है। विभागाध्यक्ष डॉ. घनश्याम कुमार,मीडिया प्रभारी व नॉनटीचिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव नयन ने कॉलेज के सभी प्राध्यापकों,कर्मियों और छात्र-छात्राओं से इस ज्ञानवर्धक व्याख्यानमाला में समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। संगोष्ठी में प्रेमचंद के कृतित्व पर गंभीर विमर्श के साथ-साथ उनके कालजयी उपन्यास, कहानियों के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला जाएगा।




### कम प्रीमियम में 10 सालों तक मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** घर का लोन, बच्चों की पढ़ाई या बिजनेस लोन जैसी बड़ी जिम्मेदारियों के दौरान परिवार की आर्थिक सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। हर व्यक्ति की आर्थिक जरूरत और जिम्मेदारियां अलग होती हैं। किसी को पूरी जिंदगी के लिए सुरक्षा चाहिए, तो किसी को सिर्फ कुछ निश्चित वर्षों के लिए। इसी सोच के साथ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लेकर आया है आईप्रोटेक्ट स्मार्ट प्लस प्लान में 10 साल के लाइफ कवर का विकल्प। यह प्लान खासतौर पर उन लोगों के लिए तैयार किया गया है, जिनके सामने अगले कुछ वर्षों तक घर, बच्चों की पढ़ाई या बिजनेस लोन जैसी बड़ी आर्थिक जिम्मेदारियां होती हैं। इसके तहत, कम प्रीमियम में ज्यादा लाइफ कवर के साथ 67,100 रुपए तक की मुफ्त हेल्थ और वेलनेस सेवाएँ, 3 लाख रुपए तक का इंस्टेंट क्लेम भुगतान और लाइलाज बीमारी का पता चलने पर 100% राशि का भुगतान जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।

## एस.यू. कॉलेज हिलसा में पीजी के 3 नए विषयों को मंजूरी

रसायन विज्ञान, हिंदी और मनोविज्ञान में 2026-28 सत्र से 30-30 सीटों पर नामांकन

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छात्र शक्ति के संगठन की जीत हुई। जदयू छात्र संगठन और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 8 दिन के लगातार आंदोलन के बाद पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना ने बुधवार को जारी अधिसूचना के माध्यम से एस.यू. कॉलेज, हिलसा में स्नाकोत्तर के शैक्षणिक सत्र 2026-2028 से रसायन विज्ञान, हिंदी और मनोविज्ञान विषय में पढ़ाई शुरू करने की स्वीकृति दे दी है। प्रत्येक विषय में 30-30 सीटें निर्धारित की गई हैं। इस मांग को लेकर जदयू और एबीवीपी ने साझा आंदोलनात्मक रुख अपनाया। दोनों संगठनों ने मिलकर पिछले 08 दिनों तक धरना-प्रदर्शन और तालाबंदी की। हिलसा बाजार में जदयू और एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से आक्रोश मार्च भी निकाला और विश्वविद्यालय प्रशासन से पीजी शुरू करने की मांग की। जैसे ही आंदोलन तेज हुआ, विश्वविद्यालय ने मांगों पर गहन समीक्षा करते हुए 3 विषयों में पढ़ाई शुरू करने की स्वीकृति दे दी। जदयू नेताओं ने कहा - जदयू का संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता। परीक्षा केंद्र की स्थानीय स्थापना से लेकर अब पीजी शुरू कराने तक छात्रहित के हर मुद्दे पर जदयू ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी है। इस आंदोलन को सफल बनाने में रिशु पटेल,आशीष कुमार, साहिल पटेल, नीतीश कुमार, विकास कुमार, सत्यम, उदित नारायण, आशीष रंजन सहित कई छात्र नेताओं की मेहनत और कोशिश काफी रही।



## पुलिस पर हमले के बाद बांसडीह मुसहरी में सन्नाटा, 26 नामजद, अब तक 4 गिरफ्तार

गश्ती गाड़ी रोककर पत्थरबाजी और लाठी-डंडे से हमला, महिला समेत 4 धराए

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के बांसडीह मुसहरी में पुलिस गश्ती गाड़ी पर हुए हमले के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। घटना के बाद पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी है। अब तक 4 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। लहसुना थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुदर्शन कुमार के बयान पर 26 नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोप है कि पुलिस पर हमला, सरकारी राइफल छीनने की कोशिश, जानलेवा हमला और सरकारी गाड़ी क्षतिग्रस्त करने की धाराएं लगाई गई हैं। थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह गश्त कर लौट रही पुलिस की गाड़ी जैसे ही बांसडीह मुसहरी से गुजरी, कुछ असामाजिक तत्वों ने पहले ताड का डंपल फेंककर गाड़ी रोकने की कोशिश की। इसके बाद हमलावरों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी और लाठी-डंडे लेकर पुलिस टीम पर टूट पड़े।इस हमले में एसआई सुदर्शन कुमार के अलावा महिला पुलिस बल की पल्लवी कुमारी, खुशी कुमारी और प्रीति कुमारी घायल हो गईं। सभी का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर बांसडीह मुसहरी में छापेमारी की गई। बुधवार को 3 और गुरुवार को देवमंती देवी पति निरंजन मांझी महिला आरोपी को गिरफ्तार किया गया।गुरुवार को पूरे गांव में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई।



## सिमरिया घाट से लावारिस हालत में राइफल, मैगजीन और 2 जिंदा कारतूस बरामद, इलाके में हड़कंप

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से अति महत्वपूर्ण माने जाने वाले मोकामा के प्रसिद्ध सिमरिया घाट से गुरुवार को पुलिस ने लावारिस हालत में हथियार बरामद किया है। इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।मराँची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कसहा दियारा क्षेत्र में सिमरिया घाट के पास आपसी वर्चस्व को लेकर हथियार लाया गया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया।जांच के दौरान सिमरिया घाट परिसर में बालू में गाड़ा हुआ एक बोरा बरामद हुआ। बोरे को खोलने पर उसमें से एक राइफल, एक मैगजीन और 02 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही असामाजिक तत्व मौके से फरार हो गए, या फिर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नीयत से हथियारों को छुपाकर रखा गया था। पुलिस ने सभी बरामद सामानों को जब्त कर लिया है।इस मामले में मराँची थाना में प्राथमिकी दर्ज कर गहन छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह हथियार किसका है और इसे घाट पर किस मंशा से लाया गया था। संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।घटना के बाद गंगा तट और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सिमरिया घाट पर रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में समय रहते पुलिस की इस कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी टल गई। फिलहाल पुलिस क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है।



CMYK



# करण जौहर फिर बने 'ट्रेटर्स 2' के होस्ट

फिल्ममेकर करण जौहर 'ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन के लिए होस्ट के तौर पर वापसी कर रहे हैं। सोमवार को मेकर्स ने शो का प्रोमो जारी किया। इस प्रोमो में करण जौहर का स्टाइलिश अंदाज फैंस को नजर आया। पिछले सीजन में इस शो को उन्होंने शानदार तरीके से होस्ट किया था।

'ट्रेटर्स' इंटरनेशनल लेवल पर मशहूर रोमांचक रियलिटी फॉर्मेट का भारतीय रूपांतरण है। इसका दूसरा सीजन दर्शकों को इस बार भारत में हैरान करेगा। यह शो 13 अगस्त को प्राइम वीडियो पर आएगा। शो में कई बॉलीवुड सेलेब्स, इंफ्लुएंसर्स के शामिल होने की बात सामने आई है।

नए सीजन के बारे में बात करते हुए प्राइम वीडियो ओरिजनल, इंडिया के निदेशक और प्रमुख निखिल मधोक ने कहा, 'शो ट्रेटर्स के पहले सीजन को मिली प्रतिक्रिया ने सभी उम्मीदों को पार कर लिया। यह प्राइम वीडियो इंडिया की सबसे खास रियलिटी फ्रेंचाइजी में से एक बन गया है, जिसने समझदारी भरे गेमप्ले, मनोवैज्ञानिक रणनीति और दिलचस्प मनोरंजन के अनूठे मिश्रण के साथ इस शैली को बदल दिया है। देश भर के दर्शक इसके भावनात्मक रूप से भरे माइंड गेम्स और बिना किसी फिल्टर वाले ड्रामे से जुड़ गए थे। दूसरे सीजन के साथ, दांव ऊंचे हैं, गेमप्ले और तेज हैं, ड्रामा और भी जबरदस्त है। खिलाड़ियों की नई लाइन-अप दर्शकों को हर मोड़ पर रोमांच से भर देगी। हम करण जौहर की होस्ट और मास्टर ऑर्केस्ट्रेटर के रूप में वापसी से बहुत उत्साहित हैं।'



# करण कुंद्रा पर पुराने आरोपों को लेकर सान्वी तलवार ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई अभिनेत्री सान्वी तलवार ने अपने करियर के एक दौर में निजी विवाद को लेकर सुर्खियां बटोरी थीं। अब काफी समय बाद अभिनेत्री ने उस दौर को याद करते हुए अपनी सोच और उससे मिली सीख के बारे में बात की। सान्वी ने कहा कि किसी भी संवेदनशील मामले पर बोलने के लिए व्यक्ति का खुद मानसिक रूप से तैयार होना जरूरी है। उन्होंने महिलाओं को भी संदेश दिया कि अगर उनके साथ कुछ गलत हुआ है और वे उस समय अपनी बात नहीं रख पाईं, तो बाद में भी अपनी आवाज उठा सकती हैं। दरअसल, सान्वी ने टीवी शो ये कहां आ गए हम में अभिनेता करण कुंद्रा के साथ काम किया था। इसी शो के दौरान उन्होंने करण कुंद्रा पर कथित तौर पर गलत व्यवहार करने के आरोप लगाए थे। उनका आरोप था कि काम के दौरान करण कुंद्रा ने कथित तौर पर उनकी सहमति के बिना उन्हें किस किया और थप्पड़ भी मारा। इस मामले में शो की निर्माता एकता कपूर ने हस्तक्षेप किया था और इसके बाद शो की निर्देशन टीम में बदलाव किए गए थे। अब इस मामले पर बात करते हुए सान्वी ने कहा कि उन्होंने जिंदगी से यह सीखा है कि अपनी बात उसी समय रखनी चाहिए, जब इंसान खुद को इसके लिए पूरी तरह तैयार महसूस करे। अभिनेत्री ने कहा, पहले मैं अपनी बात सिर्फ उन्हीं लोगों से साझा करती थी, जिनके साथ बात करना मुझे जरूरी लगता था। जब कोई निजी बात कई लोगों तक पहुंचती है तो कई बार उसका मतलब बदल जाता है और कहानी अलग रूप ले लेती है। अब मैं अपनी बात खुलकर रखने में सहज महसूस करती हूं, क्योंकि यह मेरा खुद का फैसला है और मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि लोग मेरे बारे में क्या सोचेंगे। सान्वी ने कहा, अगर किसी व्यक्ति को लगता है कि कोई बात सही है और उसे सामने रखना जरूरी है, तो उसे अपनी आवाज उठानी चाहिए। हर किसी का अपनी भावनाओं और अनुभवों को साझा करने का तरीका अलग होता है। किसी पर भी यह दबाव नहीं होना चाहिए कि उसे किसी घटना के तुरंत बाद ही बोलना पड़े। सही समय वही होता है, जब व्यक्ति खुद को मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत महसूस करे। जब सान्वी से पूछा कि उन्होंने इस मुद्दे पर इतने समय बाद बात क्यों की और उन महिलाओं के लिए उनका क्या संदेश है, जो अपने साथ हुए किसी गलत अनुभव के बारे में बोलने से डरती हैं, तो सान्वी ने कहा कि हर महिला को अपनी सुविधा और तैयारी के अनुसार फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर किसी महिला के साथ कुछ गलत हुआ है और वह उस समय अपनी बात नहीं रख पाई, तो इसका मतलब यह नहीं है कि अब बहुत देर हो चुकी है। जब भी वह खुद को तैयार महसूस करे, उसे आगे आकर अपनी कहानी बतानी चाहिए। अगर लोग अपने अनुभवों के बारे में बात नहीं करेंगे, तो सच्चाई कभी सामने नहीं आ पाएगी। अभिनेत्री ने महिलाओं को हिम्मत देते हुए कहा, अपनी बात रखना बेहद जरूरी है, लेकिन इसके लिए सही समय और सही मानसिक स्थिति का होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। हर व्यक्ति को अपनी आवाज की अहमियत समझनी चाहिए और अपने अनुभवों को दबाकर नहीं रखना चाहिए।



# अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान संग काम करने की ख्वाहिश हैं

आज जाने-माने निर्देशक बन चुके अहमद खान के करियर का सफर बड़ा ही दिलचस्प रहा है। चाइल्ड आर्टिस्ट से कोरियोग्राफर बने और फिर इंडस्ट्री के तमाम बड़े स्टार्स को नचाने वाले अहमद खान इन दिनों चर्चा में हैं निर्देशक के रूप में अपनी ताजा-तरीन फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से। इस फिल्म में एक साथ 30-35 बड़े कलाकारों को हैंडल करने वाले अहमद खान अब तक अपने करियर में तकरीबन सभी बड़े सितारों के साथ काम कर चुके हैं, मगर वो शेर है न- बहुत निकले मेरे अरमान, लेकिन फिर भी कम निकले, तो इसी तर्ज पर इस खास बातचीत में वह न केवल अपने करियर के सफर पर बात करते हैं, बल्कि ट्रेजिडी किंग कहलाने वाले दिलीप कुमार, बादशाह खान और बिग बी से जुड़ी यादों को भी साझा करते हैं।

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वह कहते हैं, 'बच्चन साहब के साथ कोरियोग्राफर के रूप में काम कर चुका हूं। मगर मुझे इंतजार है एक अच्छी स्क्रिप्ट का। वैसे बिग बी इन दिनों चुनिंदा काम ही कर रहे हैं। मैं ये जरूर कहना चाहूंगा कि कई बार हमारी प्लानिंग किस्मत के आगे फेल हो जाती है। अब जैसे मैं अपने निर्देशन की शुरुआत शाहरुख खान के साथ 'सब्र' नामक फिल्म से करना चाहता था, मगर उसी दौर मैं शाहरुख खान अपने प्रोडक्शन की मैं हूं न लेकर आए। उस समय शाहरुख ने कहा था कि पहले वह अपनी फिल्म करेंगे और उसके बाद मेरी। लेकिन उनकी फिल्म में देरी होती रही और मुझे भी अपना काम शुरू करना था, इसलिए मैंने अपनी फिल्म शुरू कर दी।'

अपनी हालिया फिल्म में सितारों के मेले के साथ काम करने वाले अहमद ने कलाकारों से जुड़ी कई दिलचस्प बातें बताईं। उन्हीं के शब्दों में, 'देखिए, सबसे बड़ी बात यह थी कि सब मेरे दोस्त थे। किसी ने मुझे कोई तकलीफ नहीं दी। सबसे पहले अक्षय कुमार समय से पहले सेट पर आ जाते थे। हम सबको पता था कि कोई न कोई अगर गड़बड़ करेगा तो शूटिंग प्रभावित होगी। इसलिए हर कोई यही सोचता था कि कहीं गलती मुझसे न हो जाए। उसी वजह से काम बहुत अच्छे से हुआ। हमारे सेट पर जॉनी लीवर, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे धुरंधर कॉमेडियन भी थे, मगर मैं आपको बताना चाहूंगा कि हमारे सेट पर कोई भी कलाकार इनसिक्योर नहीं था। उल्टा सब एक-दूसरे से कहते थे, 'तू कर ले... तू कर ले। इसलिए कभी कोई दिक्कत नहीं आई।'

# समृद्धि शुक्ला ने रिश्तों में बराबरी पर रखी बात



मुंबई टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री समृद्धि शुक्ला इन दिनों अपने शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में अभिरा के किरदार को लेकर दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ वह अपनी सोच और सामाजिक मुद्दों पर खुलकर बात रखने के लिए भी जानी जाती हैं। इस बीच उन्होंने घर-परिवार, शादी और रिश्तों में जिम्मेदारियों के बंटवारे को लेकर अपनी राय साझा की है।

समृद्धि ने कहा कि आज के समय में भी कई महिलाओं से उम्मीद की जाती है कि वे घर और बाहर दोनों की जिम्मेदारियां अकेले संभालें, जबकि परिवार चलाने की जिम्मेदारी पति-पत्नी दोनों की बराबर होनी चाहिए।

समृद्धि शुक्ला ने महिलाओं पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव के बारे में बात की। उन्होंने कहा, आज भी कई महिलाएं ऐसी हैं, जिनसे हर काम को संभालने की उम्मीद की जाती है। उनसे कहा जाता है कि वे बच्चों की देखभाल करें, अगर चाहें तो नौकरी करें और फिर घर लौटकर पूरे परिवार की जिम्मेदारी भी निभाएं। कई बार महिलाएं खुद खाना नहीं बनातीं, फिर भी उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे घर की हर व्यवस्था पर नजर रखें, कुक से बात करें, घर के कामों को मैनेज करें और सुनिश्चित करें कि सब कुछ सही तरीके से चलता रहे।

उन्होंने कहा, इस तरह की सोच को बदलने की जरूरत है। जब दो लोग शादी के बंधन में बंधते हैं, तो वे मिलकर एक नई जिंदगी की शुरुआत करते हैं। दोनों एक ही घर में रहते हैं, घर की सुविधाओं का इस्तेमाल करते हैं और बच्चों की परवरिश में भी दोनों की बराबर भागीदारी होती है। ऐसे में यह सही नहीं है कि किसी एक व्यक्ति से ज्यादा जिम्मेदारी निभाने की उम्मीद की जाए। समृद्धि ने उदाहरण देते हुए कहा, अगर किसी महिला ने बच्चे को जन्म दिया है और वह कुछ समय के लिए काम पर नहीं जा सकती, तो उस दौरान पति को आगे बढ़कर जिम्मेदारियां संभालनी चाहिए। वहीं, जब महिला दोबारा अपने करियर या सपनों की ओर लौटना चाहे, तो पति घर की जिम्मेदारियों में सहयोग कर सकता है।

रिश्ते में सबसे जरूरी चीज एक-दूसरे के सपनों को समझना और उनका सम्मान करना है। अभिनेत्री ने कहा, परिवार का मतलब एक-दूसरे का साथ देना होता है, न कि पुराने नियमों के अनुसार महिला और पुरुष की भूमिकाएं तय कर देना। किसी एक व्यक्ति से हमेशा त्याग करने की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। एक अच्छे रिश्ते में दोनों लोग एक-दूसरे के लिए जगह बनाते हैं और मिलकर जीवन की चुनौतियों का सामना करते हैं।



# भावनाओं को शब्दों की जरूरत नहीं होती

अभिनेत्री सीरत कपूर ने अपनी अभिनय यात्रा में दक्षिण भारतीय सिनेमा के योगदान को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि साउथ इंडस्ट्री में काम करने के अनुभव ने उन्हें किरदारों को ज्यादा गहराई से समझना सिखाया है। जब एक कलाकार अलग-अलग जगहों और संस्कृतियों के बीच काम करता है, तो वह भावनाओं को समझने और उन्हें पर्दे पर उतारने का तरीका बेहतर तरीके से सीखता है।

दक्षिण भारतीय सिनेमा ने बदली उनकी सोच लग-अलग भाषाओं में काम करना मेरे लिए एक चुनौती भी रहा और सीखने का बड़ा मौका भी। इस अनुभव ने मुझे अभिनय में ज्यादा सहज, परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने वाला और अपने काम के प्रति ईमानदार बनाया। इसने मुझे सिखाया कि भावनाओं को शब्दों की जरूरत नहीं होती।'' अभिनेत्री ने आज के दौर में कलाकारों के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, ''किसी कलाकार के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि उसे सही कारणों से याद रखा जाए। लोकप्रियता और चर्चा कुछ समय के लिए हो सकती है, लेकिन अच्छे काम से मिलने वाला सम्मान लंबे समय तक बना रहता है।'' सीरत कपूर जल्द ही फिल्म 'जटस्या मरणम ध्रुवम' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ दिग्गज अभिनेता जेडी चक्रवर्ती भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

यह फिल्म अगले महीने पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली है। हाल ही में सीरत ने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान हुए एक मुश्किल अनुभव को भी साझा किया था। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म के आखिरी क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग के दौरान उन्हें चोट लग गई थी। उस सीन के लिए उन्होंने चूड़ियां पहनी थीं, लेकिन शूट पूरा होने के बाद हाथों में सूजन आने की वजह से उन्हें निकालना मुश्किल हो गया था। अपने इस अनुभव को याद करते हुए सीरत ने कहा, 'मुझे याद है जब हम फिल्म के आखिरी क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग कर रहे थे। मैंने उस सीन के लिए चूड़ियां पहनी थीं और शूट पूरा होने के बाद सूजे हुए हाथों की वजह से हम उन्हें निकाल नहीं पाए। टीम की मदद से जैसे-तैसे चूड़ियां निकाली गईं। '

## ऋषभ शेट्टी की फिल्म में अहम किरदार निभाएंगी भूमि पेडनेकर

साल 2022 में 'कांतारा' और 2025 में 'कांतारा चैप्टर 1' से तहलका मचाने वाले दक्षिण भारतीय अभिनेमा ऋषभ शेट्टी अपनी अगली फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। 'द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज' के नाम से रिलीज होने वाली इस फिल्म में ऋषभ, शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। अब इस फिल्म से जुड़ एक नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रसे भूमि पेडनेकर की भी एंट्री हो गई है। फिल्म में भूमि पेडनेकर वॉरियर क्वीन बेलवाडी मल्लम्मा का किरदार निभाएंगी। मल्लम्मा एक निडर योद्धा रानी थीं, जिन्हें उनकी बहादुरी और अटूट जज्बे के लिए याद किया जाता है। बेलवाड़ी मल्लम्मा ने देश की पहली महिला सैनिक टुकड़ी का गठन किया था। ऐसा करने वाली वह पहली रानी थीं। कहा जाता है कि वो अपने चार माह के बेटे को गोद में लेकर शिवाजी महाराज की सेना से युद्ध लड़ी थीं।





## अजिंक्य रहाणे ने इंटरनेशनल क्रिकेट से किया

# संंन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। रहाणे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर एक भावुक वीडियो शेयर करते हुए यह जानकारी दी। रहाणे ने वीडियो में कहा कि उन्हें लगता है कि इंटनरेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का यह सही समय है। उन्होंने कहा, 'जिंदगी की सच्चाई यह है कि हर चीज की एक शुरुआत होती है और हर चीज का एक अंत होता है। जब समय आता है, तो आपको बस उसका सम्मान करना है और आगे बढ़ना है। मैंने हमेशा अपनी बैटिंग में टाइमिंग पर भरोसा किया है और मैंने हमेशा इसकी अहमियत को समझा है। आज मुझे लगता है कि मेरे लिए आगे बढ़ने और इंटरनेशनल क्रिकेट और सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट की घोषणा करने का सही समय है।' उन्होंने वीडियो में बताया कि कैसे वह महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली से निकलकर एक क्रिकेटर के तौर पर आगे बढ़े। रहाणे ने कहा कि उन्होंने खेल के लिए सब कुछ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने हमेशा ईमानदारी से खेल खेला। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि खेल के साथ उनका सफर खत्म नहीं हुआ है। रहाणे ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन, हर आईपीएल फ्रेंचाइजी, परिवार और अपनी पत्नी राधिका समेत उन सभी का धन्यवाद किया, जो उनके समर्थन में हमेशा खड़ा रहे।

अजिंक्य रहाणे ने भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले। उन्होंने टेस्ट में 38 की औसत से 5077 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 26 अर्धशतक शामिल रहे। वहीं, वनडे में उन्होंने 35 की औसत से 2,962 रन बनाए। एकदिवसीय क्रिकेट में रहाणे ने 3 शतक और 24 अर्धशतक लगाए। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में रहाणे के बल्ले से 113 के स्ट्राइक रेट से 375 रन निकले। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में छह टीमों की तरफ से 212 मैच खेले।

## लॉर्ड्स में यादगार शतक से मेलबर्न की ऐतिहासिक जीत तक

### रहाणे के करियर की बड़ी उपलब्धियां

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। रहाणे ने अपने करियर में यूं तो कई बड़े मुकाम हासिल किए, लेकिन आइए उनके करियर से जुड़ी आपको पांच सबसे बड़ी उपलब्धियों के बारे में बताते हैं।



**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 147 रनों की यादगार पारी :** साल 2014 में मेलबर्न क्रिकेट गाउंड में ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ तेज गेंदबाजों का सामना करते हुए अजिंक्य रहाणे ने 147 रनों की शानदार पारी खेली थी। मिचेल जॉनसन, रयान हैरिस, जोश हेजलवुड और शेन वॉटसन जैसे गेंदबाजों के सामने रहाणे ने डटकर सामना किया था और यादगार शतकीय पारी खेली थी। रहाणे ने विराट कोहली संग मिलकर 262 रनों की साझेदारी निभाई थी, जिसके दम पर भारतीय टीम इस मुकाबले को ड्रॉ कराने में सफल रही थी।

**लॉर्ड्स की यादगार पारी :** इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर लहराती हुई गेंदों के खिलाफ रहाणे ने शतकीय पारी खेली थी। रहाणे की यह पारी उस समय आई थी जब भारतीय टीम 145 के स्कोर पर ही 7 विकेट गंवाकर मुश्किल में नजर आ रही थी। हालांकि, रहाणे ने एक छोर संभालकर खड़े रहे और उन्होंने 154 गेंदों में 103 रनों की शानदार पारी खेलते हुए भारतीय टीम को 295 के टोटल तक पहुंचाया था। भारतीय टीम इस टेस्ट मैच को 95 रनों से अपने नाम करने में सफल रहा था। रहाणे की यादगार पारी के बूते भारत ने लॉर्ड्स के मैदान पर 28 साल बाद जीत दर्ज की थी।

### मेलबर्न की ऐतिहासिक जीत

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में 36 रनों पर ऑलआउट होने और शर्मनाक हार झेलने के बाद भारतीय टीम का मनोबल पूरी तरह से टूटा हुआ था। नियमित कप्तान विराट कोहली इस हार के बाद अपने बच्चे के जन्म की वजह से स्वदेश लौट गए थे। सीरीज के बाकी मैचों के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी अजिंक्य रहाणे के हाथों में थी। मेलबर्न के मैदान पर सीरीज के दूसरे टेस्ट में रहाणे ने न सिर्फ बेहतरीन कप्तानी की थी, जबकि बल्ले से भी 112 रनों की शानदार पारी खेलकर भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# पैरा एथलीटों ने दिखाया दम

- दिलीप गावित ने गोल्ड तो मोहम्मद बासिल ने जीता सिल्वर

**ग्लासगो।** ग्लासगो में चल रहे 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में दिलीप महादु गावित और मोहम्मद बासिल ने पुरुषों की 100 मीटर टी47 कैटेगरी में टॉप दो स्थान हासिल किए और भारत के लिए गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। लेन 7 में दौड़ते हुए गावित ने शानदार प्रदर्शन किया और उन्होंने आखिरी 30 मीटर में अपनी रफ्तार बढ़ाई और 10.71 सेकंड का समय लेते हुए पहला स्थान हासिल किया जबकि उनके साथी बासिल ने 10.83 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया।




### दिलीप ने गोल्ड तो बासिल ने जीता सिल्वर

पैरा एथलेटिक्स में यह दूसरी बार है जब भारत ने पोडियम पर दो स्थान हासिल किए। इससे पहले महिलाओं की शॉट पुट F57 इवेंट में शर्मिला धनकर और शिल्पा ने गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। महाराष्ट्र के नासिक के रहने वाले 23 साल के गावित, 2022 एशियन पैरा गेम्स के मेडलिस्ट भी हैं, जहां उन्होंने पुरुषों की 400 मीटर एफ47 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था। एफ47 वह कैटेगरी है जिसमें ऐसे एथलीट शामिल होते हैं जिनके शरीर के ऊपरी हिस्से के एक तरफ के अंग (जैसे कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा) में कोई कमी या कटाव होता है या अंग ठीक से काम नहीं करता, लेकिन उनके पैर सामान्य रूप से काम करते हैं।


पंच साल की उम्र में आम के पेड़ से गिरने के बाद गावित का दाहिना हाथ काटना पड़ा था। उन्होंने 17 साल की उम्र में कोच वाजीनाथ काले के साथ अपना एथलेटिक्स करियर शुरू किया। कोच काले ने लगभग छह साल पहले एक लोकल इवेंट में युवा गावित को देखा था।

कोच काले ने 2021 में मीडिया को बताया था कि सच कहूं तो उस समय वह कोई बहुत अच्छा धावक नहीं था और न ही मुझे उसमें कुछ खास दिखा था। मैं बस यह चाहता था कि उस बच्चे को खेल में आगे बढ़ने का सही मौका मिले, और यह तभी हो सकता था जब उसे अच्छी और सही कोचिंग मिले।

# स्टार्क नंबर 1, सिराज चौथे पर

### टॉप 10 में सिर्फ दो भारतीय; WTC 2025-27 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शीर्ष 15 गेंदबाज

**नई दिल्ली ।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में टीम इंडिया का प्रदर्शन अभी तक कुछ खास नहीं रहा है। भारतीय टीम मौजूदा अंकतालिका में पांचवें स्थान पर है और फाइनल में पहुंचने के लिए उसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। अगर टॉप 10 बल्लेबाजों की बात करें तो शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा और केएल राहुल टॉप 10 में शामिल हैं। वहीं मौजूदा WTC संस्करण में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ दो भारतीय हैं। WTC 2025-27 में ऑस्ट्रेलिया के स्टार गेंदबाज मिचेल स्टार्क के नाम सबसे ज्यादा विकेट दर्ज हैं। जबकि भारत के लिए मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज इस लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। वहीं टॉप 10 में सिर्फ दो भारतीय खिलाड़ी ही शामिल हैं। सिराज चौथे पर हैं और एक भारतीय खिलाड़ी 9वें स्थान पर है। इंग्लैंड के सबसे ज्यादा 5 गेंदबाज शीर्ष 15 की लिस्ट में शामिल हैं। रविंद्र जडेजा इस लिस्ट में 13वें स्थान पर मौजूद हैं। मोहम्मद सिराज ने भारत के लिए इस संस्करण में अब तक सबसे ज्यादा विकेट झटके हैं। उनके नाम 9 मैचों की 17 पारियों में 39 विकेट दर्ज हैं। जबकि 13वें स्थान पर मौजूद रविंद्र जडेजा ने 9 मैचों की 17 पारियों में 25 विकेट अपने नाम किए हैं।




# 'ऋषभ पंत के चयन से मैं हैरान हूं'

### श्रीलंका दौरे के लिए चुनी गई भारतीय टीम पर एबी डिविलियर्स का बयान

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम 15 अगस्त से श्रीलंका के दौरे पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। 9 साल बाद टीम इंडिया श्रीलंका के दौरे पर गई है। यह दौरा भारत के लिए आसान नहीं होने वाला है।

पिछली कुछ सीरीज में टीम इंडिया को स्पिनर्स के आगे लड़खड़ाते देखा गया है। अब श्रीलंका में स्पिनर्स के लिए कंडीशन फायदेमंद होती हैं। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारत का स्क्वाड सामने आ चुका है और दिग्गज एबी डिविलियर्स ने ऋषभ पंत के चयन पर हैरानी जताई है।



डिविलियर्स ने साथ ही 33 वर्षीय सारांश जैन के पहली बार भारतीय टीम में चुने जाने पर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस पर भी हैरानी जरूर व्यक्त की मगर उन्हें इसे अच्छा स्टेप भी बताया। इसके अलावा साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर ने वीवीएस लक्ष्मण के जिम्बाब्वे दौरे पर बतौर कोच जाने और टीम इंडिया की सफलता पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि लक्ष्मण का अच्छा काम गौतम गंभीर पर प्रेशर बना सकता है।

### गौतम गंभीर पर बढ़ेगा दबाव!

एबी डिविलियर्स ने वीवीएस लक्ष्मण के बतौर कोच उनकी सफलता पर कहा, 'कभी-कभी ब्रेक लेना और आराम करना आपके लिए अच्छा होता है। इससे आप खुद को रिचार्ज कर सकते हैं मगर इसी दौरान आपको अचानक से यह सोचने पर विवश करता है कि टीम के खिलाड़ी किसी और की मौजूदगी में सफल हो रहे हैं और एनजॉय कर रहे हैं। इसमें ज्यादा कुछ क्या है यह मैं नहीं बता सकता, लेकिन वीवीएस लक्ष्मण जरूर गौतम गंभीर पर दबाव बना रहे हैं। अब उन्हें (गंभीर को) रिस्पॉन्ड करना होगा (रिजल्ट देने होंगे)। बाकी समय बताएगा।'



### ऋषभ पंत के चयन से डिविलियर्स क्यों हैरान?

एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'ऋषभ पंत का चयन हुआ है और मेरे विचार से यह हैरानी भरा भी है। हमें देखना होगा कि उनकी फिटनेस कैसी रहती है। आईपीएल के दौरान उनकी ऊर्जा और उनका आत्मविश्वास काफी कम नजर आ रहा था। अब वह फिर से इंडिया का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं और मुझे लगता है कि नंबर 17 (जर्सी नंबर) के इस खिलाड़ी का प्रदर्शन बेस्ट रहेगा। मैं उनका बड़ा फैन हूं और उन्हें उनकी उसी क्षमता के साथ खेलते देखना चाहता हूं।' इसके अलावा एबी डिविलियर्स ने सारांश जैन के चयन पर बयान देते हुए कहा, 'सारांश जैन एक बड़ा सरप्राइज हैं। वह 33 साल के हैं और काफी समय से फर्स्ट क्लास क्रिकेट भी खेल रहे हैं। उन्हें आखिरकार मौका मिलते देख अच्छा लग रहा है। वह राइट आर्म ऑफ स्पिनर हैं और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, ठीक वाशिंगटन सुंदर की तरह। उनके आंकड़े शानदार हैं और वह मिडिल ओवर्स में कप्तान शुभमन गिल को गेंद पुरानी होने पर गेंदबाजी का एक अतिरिक्त विकल्प प्रदान करेंगे। उनका बल्लेबाजी रिकॉर्ड भी अच्छा है।

# अरुंधति-साक्षी-सचिन के बाद अंकुश और नरेंद्र का कमाल

**ग्लासगो।** ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए 28 जुलाई और 29 जुलाई का दिन अब तक शानदार रहा है। कुल भारत के 9 पदक बॉक्सिंग में पक्के हो चुके हैं। अरुंधति चौधरी, साक्षी चौधरी और सचिन सिवाच के बाद अंकुश यादव और नरेंद्र बरवाल ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। इसी के साथ भारत के लिए कम से कम 5 ब्रॉन्ज मेडल और पक्के हो गए।



वहीं इससे पहले मंगलवार को प्रिया घंघास, प्रीति पवार और जदुमणि सिंह ने सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। लवलीना बोरगोहेन अपनी कैटेगरी में पहले से ही डायरेक्ट सेमीफाइनल में उतरने वाली हैं। यानी भारत के 9 मेडल बॉक्सिंग में पक्के हो गए हैं। अब तक भारत ने कुल 12 मेडल मौजूदा कॉमनवेल्थ गेम्स में अपने नाम किए हैं।

### 7वें दिन भारतीय बॉक्सरों का दबदबा

कॉमनवेल्थ गेम्स का 7वां दिन अभी तक भारत के लिए शानदार रहा। पांच बॉक्सरों ने अपना पदक पक्का किया है। वहीं अभी जैस्मीन लम्बोरिया का मुकाबला अभी होना बाकी है। यह मुकाबला देर रात को होगा। इसके अलावा मुरली श्रीशंकर लॉन्ग जम्प फाइनल में उतरेंगे। वहीं मनप्रीत कौर (शॉट पुट) वुमेन फाइनल, आर्यन नेहरा पुरुष फ्रीस्टाइल 1500 मीटर फाइनल, पारुल चौधरी वुमेंस 3000 मीटर स्टीपलचेस फाइनल में उतरेंगी।

### ताइपे ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

# एचएस प्रणय और उन्नति हुडा की जीत, देविका, तन्वी और अनमोल भी दूसरे दौर में

**नई दिल्ली।** ताइवान में जारी ताइपे ओपन में अनुभवी शटलर एचएस प्रणय और उन्नति हुडा ने गुरुवार को सीधे गेम में जीत दर्ज की। भारत के दोनों स्टार शटलर ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने पुरुष एकल के पहले दौर में जापान के मिनोरू कोगा को 21-11, 21-14 से हराया। अब उनका सामना हांगकांग के जेसन गुनावन से होगा, जिन्होंने एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मिथुन मंजुनाथ को 21-18, 21-4 से हराया।




पुरुष एकल में किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। जॉर्ज ने चीनी ताइपे के वांग पो-वेई को 21-10, 21-18 से जबकि मन्नेपल्ली ने कोरिया के आठवें वरीय जियोन ह्योक जिन को 21-12, 21-15 से हराया।

### हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत की 20 सदस्यीय हॉकी टीम घोषित

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक पर नजर

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान कर दिया है। ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम की कप्तानी संभालेंगे, जबकि अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह टीम को मजबूती देंगे। गत चैंपियन भारत का लक्ष्य न सिर्फ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक बरकरार रखना होगा, बल्कि खिताब जीतकर सीधे लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई करना होगा।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम चयन पर संतोष जताते हुए कहा कि इस बार चुनी गई भारतीय हॉकी टीम अनुभव और प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण है। उन्होंने कहा कि जापान में खेलना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन पूरी टीम का एकमात्र लक्ष्य एशियन गेम्स का खिताब जीतकर लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक का टिकट हासिल करना है।




- **भारत पूल A में जापान, बांग्लादेश के साथ-** भारत को पूल ए में मेजबान जापान, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और इंडोनेशिया के साथ रखा गया है।

### एशियाई खेलों के लिए चुनी गई भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**गोलकीपर :** मोहित एचएस, सूरज करकेरा।
**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, यशदीप सिवाच।
**मिडफील्डर :** राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, नीलकंठ शर्मा, विवेक सागर प्रसाद।
**फॉरवर्ड :** दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, मनदीप सिंह, अभिषेक।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर, सूरत और अयोध्या जाने वाले यात्रियों

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गर्मी की छुट्टियां समाप्त होने के बाद भी ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हो रही है। यात्रियों को टिकट लेने में परेशानी हो रही है। कई ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची है। इसे ध्यान में रखकर कई स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हजरत निजामुद्दीन–इंदौर स्पेशल ट्रेन और उधना–अयोध्या कैंट स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाने का निर्णय किया गया है। सप्ताह में दो दिन चलने वाली इंदौर–हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन (09309) 31 जुलाई तक चलनी थी। अब यह 30 अगस्त तक प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को चलेगी। वापसी दिशा में हजरत निजामुद्दीन–इंदौर स्पेशल (09310) 31 अगस्त तक प्रत्येक शनिवार व सोमवार को चलेगी। उधना (सूरत) –अयोध्या कैंट स्पेशल (09093) प्रत्येक शुक्रवार को 28 अगस्त तक चलेगी। वापसी दिशा में अयोध्या कैंट–उधना स्पेशल (09094) 29 अगस्त तक प्रत्येक शनिवार को चलेगी। वहीं, उधना–अयोध्या कैंट स्पेशल (09097) प्रत्येक मंगलवार को 25 अगस्त तक चलेगी। अयोध्या कैंट–उधना स्पेशल (09098) 26 अगस्त तक विस्तार दिया गया है। यह प्रत्येक बुधवार को रवाना होगी।

### डीयू प्रवेश: दूसरे चरण में 32 हजार से अधिक ने सीट की पक्की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीयू के स्नातक प्रवेश के दूसरे चरण के बाद बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी पसंदीदा सीट पक्की कर ली है। बुधवार शाम 6-30 बजे तक 32,233 छात्रों ने फ्रीज विकल्प चुनकर अपनी आवंटित सीट पर पक्की कर ली है, जबकि 25,088 छात्रों ने बेहतर कालेज या पाठ्यक्रम की उम्मीद में अपग्रेड का विकल्प चुना है। इससे साफ है कि दूसरे राउंड में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को उनकी पसंद के अनुरूप सीट मिली है। दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया के बाद डीयू में कुल दाखिलों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शाम 6 बजे तक कुल 71,258 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था, जो महज आधे घंटे में बढ़कर 71,342 पहुंच गया। यानी केवल 30 मिनट में 84 नए दाखिले दर्ज हुए। सबसे अहम बात यह रही कि 32,233 छात्रों ने फ्रीज विकल्प चुनकर अपनी सीट को अंतिम रूप दे दिया। इसका अर्थ है कि ये विद्यार्थी अब अगले आवंटन दौर में भाग नहीं लेंगे और इसी कालेज व कोर्स में अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे। प्रवेश डीन का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में सीट फ्रीज होना इस बात का संकेत है कि दूसरे राउंड में छात्रों को उनकी पसंद के कालेज और पाठ्यक्रम बेहतर स्तर पर मिले हैं। वहीं 25,088 विद्यार्थियों ने अपग्रेड का विकल्प चुना है। ये छात्र फिलहाल मिली सीट पर बने रहेंगे, लेकिन यदि अगले आवंटन दौर में उनकी उच्च वरीयता वाला कालेज या पाठ्यक्रम उपलब्ध होता है तो उन्हें वहां स्थानांतरित किया जा सकेगा। अब सभी की नजर तीसरे आवंटन दौर पर है। अपग्रेड का विकल्प चुनने वाले हजारों छात्रों के कारण कई कालेजों में सीटें खाली होने की संभावना है, जिससे तीसरे राउंड में अभी प्रवेश का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों को मौका मिल सकता है।

## अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के आरोपी राजीव बुधिराजा को दुबई जाने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के एक मामले में आरोपी राजीव बुधिराजा को दुबई जाने की अनुमति देने से इनकार करने वाले ट्रायल अदालत के आदेश को रद कर दिया। विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) ज्योति क्लेर ने कहा कि विदेश यात्रा का अधिकार संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत मौलिक अधिकार है और केवल आशंका के आधार पर इसे प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता। अदालत ने सात दिन के लिए दुबई जाने की अनुमति देते हुए कई कड़ी शर्तें लगाई हैं। मामला सीबीआई के इंटरनेशनल आपरेशंस डिवीजन द्वारा दर्ज उस एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें राजीव बुधिराजा पर सह-आरोपितों के साथ मिलकर वर्ष 2021-22 के दौरान जर्मनी के नागरिकों से साइबर ठगी करने का आरोप है। जांच एजेंसी के अनुसार, ठगी की रकम से बाइनेंस प्लेटफार्म पर क्रिप्टोकरेंसी खरीदी गई और 1.42 बिटकाइन राजीव के क्रिप्टो वालेट में ट्रांसफर किए गए। इस मामले में उन पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल और आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मामला दर्ज है।

# दिल्ली में सड़क धंसने से बना करीब 4 फीट गहरा गड्ढा, आउटर रिंग रोड पर हादसे का बढ़ा खतरा

**पश्चिमी दिल्ली।** दिल्ली के पश्चिम विहार में आउटर रिंग रोड पर जनकपुरी की ओर जाने वाले मार्ग पर स्टेट बैंक नगर कॉलोनी के ठीक सामने बृहस्पतिवार को सड़क का एक हिस्सा अचानक धंस गया।

सड़क धंसने से वहां बड़ा करीब 10 फीट में फैला चार फीट गहरा गड्ढा बन गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा पैदा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बैरिकेडिंग के साथ चेतावनी टेप लगाकर पूरे क्षेत्र को घेर दिया, ताकि कोई वाहन या राहगीर गड्ढे के पास न पहुंचे। सुरक्षा के लिहाज से आसपास की आवाजाही पर भी नजर रखी जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मार्ग पश्चिमी दिल्ली की व्यस्त सड़कों में शामिल है और यहां दिनभर वाहनों का भारी दबाव रहता है। ऐसे में सड़क धंसने की घटना से यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ किसी बड़े हादसे की आशंका भी बनी हुई है। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि हाल की बारिश या भूमिगत पाइपलाइन में रिसाव के



कारण सड़क के नीचे की मिट्टी कमजोर होने से यह हिस्सा धंस गया। हालांकि, वास्तविक कारण का पता तकनीकी जांच के बाद ही चल सकेगा। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से गड्ढे की जल्द मरम्मत कराने और सड़क की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### नीट-यूजी काउंसलिंग में बड़ा सुधार

# अब सिर्फ एक बार जाना होगा कॉलेज, बाकी प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीट-यूजी काउंसलिंग में सुधार के लिए केंद्र सरकार ने एक कदम और बढ़ाया है, जिससे अभ्यर्थियों को आसानी होगी। नए प्रावधान के अनुसार, अब अभ्यर्थियों को आवंटित मेडिकल कॉलेजों में बार-बार जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पहले या दूसरे राउंड में सीट अलॉट होने वाले अभ्यर्थी अब आगे की रिपोर्टिंग और दस्तावेज सत्यापन ऑनलाइन पूरा कर सकते हैं।

नए ढांचे के तहत, फ़्लोट ऑप्शन चुनने वाले अभ्यर्थी ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन पूरा कर सकते हैं और प्रोविजनल एडमिशन पा सकते हैं, और अगले राउंड के लिए अपनी अलॉटेड सीट बनाए रख सकते हैं। अगर बेहतर सीट अलॉट होती है, तो पहले वाली सीट अपने आप दूसरे उम्मीदवार को मिल जाएगी।




बता दें कि जो लोग फ्रीज ऑप्शन चुनते हैं, या तीसरे राउंड के बाद सीट बनाए रखते हैं, उन्हें मूल दस्तावेज के सत्यापन और फीस के पेमेंट सहित एडमिशन की औपचारिकता पूरी करने के लिए फिजिकल रूप से रिपोर्ट करना होगा। वहीं, नीट-यूजी काउंसलिंग शुरू होने से पहले बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने इन सुधारों का समीक्षा की। मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (मेडिकल एजुकेशन) डॉ. बी श्रीनिवास ने कहा, पहले हर अभ्यर्थी को, जिसे सीट अलॉट हुई थी, कॉलेज में खुद रिपोर्ट करना पड़ता था, भले ही वे बेहतर ऑप्शन के लिए अगले राउंड में हिस्सा लेना चाहते हों। अब, वे ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन पूरा कर सकते हैं, अलॉट की गई सीट रख सकते हैं और काउंसलिंग प्रक्रिया में आगे बढ़ सकते हैं। अगर उन्हें बेहतर सीट मिलती है, तो पहले वाली सीट दूसरे उम्मीदवार को दे दी जाएगी। अगर नहीं, तो वे अपनी मूल सीट रख लेंगे। एक और बड़ा बदलाव ऑनलाइन इस्तीफा भी शुरू किया है, जिससे एलिजिबल अभ्यर्थी कॉलेज जाने के बजाय काउंसलिंग पोर्टल के जरिए अपनी अलॉट की गई।

## यात्रा के लिए दिल्ली में ट्रैफिक प्लान तैयार, 9 से 12 अगस्त तक कई कांवड़ मार्गों पर रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए दिल्ली यातायात पुलिस के अधिकारी बुधवार को सड़कों पर उतरे। यातायात पुलिस के विशेष आयुक्त मनीष अग्रवाल व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विजयंता आर्या व पूर्वी रेंज के जिला पुलिस उपायुक्त के रमेश ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। गाजीपुर से लेकर अप्सरा बार्डर तक अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

इसके साथ ही जगह-जगह बन लग रहे कांवड़ शिविरों का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने दावा किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक सुचारू चले इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। लगे व कांवड़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए विशेष योजना बनाई गई है। इसी संबंध में नौ अगस्त से कई कांवड़ मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। विशेष आयुक्त मनीष अग्रवाल ने कहा कि 30 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलने वाली यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए राजधानी में 308 ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती की गई और 306 ट्रैफिक रेगुलेशन प्वाइंट बनाए जाएंगे। दिल्ली में कुल 1828 कांवड़ शिविर लगाए जाएंगे। यमुनापार में अधिक 640 कांवड़ शिविर व नई दिल्ली रेंज में 178 कांवड़ शिविर लगाए जाएंगे। यात्रा के दौरान



गाजीपुर, भोपुरा, महाराजपुर, सोनिया विहार, अप्सरा, लोनी और डीएलएफ बार्डर से बड़ी संख्या में कांवड़िया दिल्ली में प्रवेश करेंगे। इनके लिए अलग-अलग निर्धारित मार्ग तय किए गए हैं, जिनसे होकर वे हरियाणा, राजस्थान और अन्य राज्यों की ओर आगे बढ़ेंगे। पूर्वी रेंज के जिला पुलिस उपायुक्त के रमेश ने कहा कि नौ अगस्त सुबह सात बजे से 12 अगस्त रात आठ बजे तक कई स्थानों पर ट्रैफिक डायवर्जन और सड़क बंदी लागू रहेगी। अप्सरा बार्डर से यमुना पुल तक जीटी रोड सामान्य वाहनों के लिए पूरी तरह बंद रहेगी।

# दिल्ली में शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर बेटे ने फावड़े से हमला कर की मां की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैदानगढ़ी थाना क्षेत्र स्थित खड़क गांव में बुधवार को बेटे ने शराब के लिए पैसे देने से इनकार करने पर बुजुर्ग मां की फावड़े से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। आरोपित ने फावड़े से अपनी मां के चेहरे, गर्दन और पीठ पर कई वार किए। घर में मौजूद महिलाएं व बच्चे विरोध न कर सकें, इसके लिए उसने सभी को डराकर कमरे में बंद कर दिया। फिर मेन गेट पर ताला जड़ दिया। 60 वर्षीय बुजुर्ग चिंता देवी मदद के लिए चीखती रहीं, पर उन्हें बचाने के लिए न तो घर के सदस्य आ सके और न ही पड़ोसी। परिवार के लोगों की सूचना पर जब तक पुलिस पहुंची, आरोपित मौके से भाग निकला। हालांकि आरोपित बेटे आमोद को कुछ ही देर के भीतर पुलिस ने थाना क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक एक पीसीआर कॉल के जरिए यह सूचना मिली कि यूपी कॉलोनी, खड़क गांव, मैदान गढ़ी में एक महिला की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। घर के अंदर का नजारा बेहद भयावह था। बुजुर्ग चिंता देवी अपने घर के अंदर गंभीर रूप से घायल पड़ी थीं। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए उन्हें इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, क्राइम और फॉरेंसिक टीम ने टीमों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और हत्या से जुड़े अहम साक्ष्य जुटाए और नमूने लिए। पुलिस की शुरुआती जांच और पड़ोसियों से पूछताछ में पता चला कि चिंता देवी के छोटे बेटे आमोद ने ही इस वारदात को अंजाम दिया है। आमोद ने अपनी मां से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की थी चिंता देवी की बड़ी बहू अनीता देवी ने बताया कि वह अपने पति सोहन के साथ छतरपुर इलाके में रहती हैं। जबकि सोहन और आमोद समेत मृतका के कुल चार बेटे हैं। आरोपित आमोद चारों में सबसे छोटा है। आमोद ने अपनी मां से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की थी। जब मां ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो वह गुस्से में आगबबूला हो गया और उसने अपनी मां पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज आरोपित आमोद को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# पश्चिम विहार में इंस्टाग्राम पर हुए विवाद का बदला लेने के लिए युवक की कर दी हत्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम विहार वेस्ट थाना क्षेत्र में इंस्टाग्राम पर शुरू हुआ विवाद आखिरकार खूनी संघर्ष में बदल गया। इसमें बुधवार सुबह 18 वर्षीय कार्तिक नामक युवक की एक पिता व उसके दो बेटों ने मिलकर सरेआम पहले बेरहमी से पिटाई की गई और फिर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी।



मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित नीतीश और उसके दोनों बेटों आकाश व सूरज को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि वारदात में शामिल पांच अन्य युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच रंजिश चल रही थी, जिसने अंततः इस हत्या का रूप ले लिया।

पुलिस के अनुसार, ज्वालापुरी कैंप निवासी कार्तिक बुधवार सुबह अपने दोस्तों अनिकेत और लकी के साथ मीरा बाग झुग्गी इलाके में गया था। उसी दौरान वहां कांवड़ यात्रा पर जाने की 10 से 12 युवकों का साथ तैयारी कर रहे आरोपितों से उनका आमना सामना हो गया और वहां उनकी कहासुनी हो गई। पहले से चली आ रही रंजिश के कारण विवाद ने जल्द ही हिंसक रूप ले लिया। जांच में सामने आया कि आरोपित नीतीश अपने बेटों आकाश, सूरज और अन्य साथियों के साथ कार्तिक और उसके दोस्तों पर टूट पड़ा। कार्तिक और उसके साथी जान बचाकर भागने लगे, लेकिन हमलावरों ने उनका पीछा किया। पेट्रोल पंप के सामने कार्तिक को पकड़कर पहले उसकी बेरहमी से पिटाई की गई।

## बुलाकी दास आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बंदर का आतंक, 10 दिन में 10 लोगों को काटने का दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहदरा के छोटा बाजार स्थित बुलाकी दास आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पूर्व में बुलाकी दास टीबी अस्पताल) में बंदर का आतंक मरीजों, तीमारदारों और कर्मचारियों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। बताया जा रहा है कि 10 दिनों में बंदर के काटने की 10 घटनाएं सामने आई हैं। मंगलवार को ही दो महिलाओं और एक पुरुष सहित तीन लोगों को बंदर ने काट लिया। लगातार हो रही घटनाओं से अस्पताल आने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। अस्पताल कर्मियों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान बंदर के हमले का डर अब उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बिंदु बहल ने माना कि अस्पताल और आसपास के क्षेत्र में बंदरों की समस्या गंभीर है। उन्होंने बताया कि शाहदरा क्षेत्र में हरियाली अधिक होने के कारण बंदरों की आवाजाही बनी रहती है। इस संबंध में एमसीडी के पशु नियंत्रण विभाग को शिकायतें भेजी गई हैं और कार्रवाई भी हुई है, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने बताया कि उन्हें मंगलवार को हुई एक घटना की जानकारी है। कहा कि बंदरों का आतंक अस्पताल के लिए बड़ी चिंता का विषय बन चुका है। स्थानीय लोगों और अस्पताल आने वाले मरीजों नरेश, दीपक और सुरेश का कहना है कि परिसर में खुलेआम घूम रहे बंदरों के कारण हर समय हमले का खतरा बना रहता है। मांग की कि अस्पताल जैसे संवेदनशील परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एमसीडी को प्रभावी और स्थायी कदम उठाने चाहिए, ताकि मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

## टेलीग्राम संस्थापक पावेल ड्यूरोव की मुश्किलें बढ़ीं: रूस ने लगाया आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप

**मास्को, एजेंसी।** रूस की मुख्य आंतरिक सुरक्षा एजेंसी ने बुधवार को कहा कि मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम के संस्थापक पावेल डुरोव पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। एजेंसी ने इसी के साथ डुरोव के नाम को अंतरराष्ट्रीय वांछितों की सूची में डाल दिया है। एजेंसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि टेलीग्राम प्रशासन ने रूस में कई ऐसे चैनल, चैट और बॉट्स को नहीं हटाया है, जिनका इस्तेमाल यूक्रेन की खुफिया एजेंसियां, आतंकवादी और चरमपंथी संगठन नुकसान पहुंचाने, आतंकवाद, सामूहिक हत्या और साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं की तैयारी और उन्हें अंजाम देने के लिए सक्रिय रूप से करते हैं। रूस की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी संघीय



सुरक्षा सेवा (एफएसबी) के जिम्मे है। डुरोव पर ये आरोप ऐसे समय में लगे हैं जब रूस ने देश के सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग ऐप में से एक टेलीग्राम पर प्रतिबंध लगाए हैं। डुरोव ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि रूसी अधिकारियों ने उनके खिलाफ आपराधिक जांच शुरू की है। उन्होंने अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वे निजता और अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का दमन करने की कोशिश के तहत टेलीग्राम तक पहुंच को बाधित करने के वास्ते झूठे बहाने बना रहे हैं।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में चेकपॉइंट पर धमाका

## सात पुलिसकर्मी की मौत और 22 घायल

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में इन दिनों हालात बेहद खराब हैं। इस बीच पुलिस ने बताया है कि पाकिस्तान के उत्तरी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के हंगू जिले में आतंकवादियों के एक ग्रुप ने पुलिस चेकपॉइंट पर हमला कर दिया। इसमें कम से कम सात पुलिसकर्मी मारे गए और 22 अन्य घायल हो गए। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिसर तारिक हबीब ने बुधवार देर रात स्थानीय मीडिया को बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें आठ आतंकवादी मारे गए और छह दूसरे घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि बचे हुए आतंकवादियों को खत्म करने के लिए इलाके में क्लीयरेंस ऑपरेशन जारी है। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब पाकिस्तान में सुरक्षा बलों को आतंकियों ने लगातार निशाना बनाया है, जिसमें कई जवान मारे जा चुके हैं। इससे पहले 23 जुलाई को खैबर पख्तूनख्वा में एक सुरक्षा चौकी पर आत्मघाती हमला हुआ था। इसमें सुरक्षा कर्मियों, पुलिस और वन विभाग के एक अधिकारी समेत कम से कम 14 लोगों की मौत हुई थी। सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर न्यूज एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि यह



हमला टैंक जिले में एक सिक्योरिटी पोस्ट पर हुआ। एक गाड़ी में सवार सुसाइड बॉम्बर ने धमाका किया। इस घटना में भारी संख्या में लोगों के मारे जाने और काफी नुकसान की जानकारी सामने आई है। सूत्रों ने बताया कि मरने वालों में नौ सैनिक, चार पुलिस वाले और प्रांतीय वन विभाग का एक अधिकारी शामिल है। धमाके में 20 सैनिकों और चार पुलिसवालों समेत कम से कम 24 लोग घायल भी हुए, जिन्हें पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि धमाके के बाद पोस्ट जमीन पर गिर गई और बचाव दल ने मौके पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर लोगों को निकालने का काम जारी रखा। तीन सैनिकों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। सूत्रों ने बताया कि बाद में क्लीयरेंस ऑपरेशन के दौरान, सुरक्षा बल ने आस-पास के इलाके में तीन मिलिटेंट को मार गिराया। इसके बाद 25 जुलाई को, मिलिट्री की मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि फोर्स ने देश के उत्तर-पश्चिमी साउथ वजीरिस्तान जिले खैबर पख्तूनख्वा में एक चेक पोस्ट पर हमले को नाकाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी का इस्तेमाल करके चेक पोस्ट पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने पोस्ट के बाहर ही गाड़ी को नष्ट कर दिया, जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ।

# गोमिया में विकसित होगा ईको टूरिज्म : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने कार्यालय कक्ष में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के तहत लंबित सामुदायिक दावा पत्रों, विभिन्न विकास परियोजनाओं से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), सामुदायिक वन अधिकार (सीएफआर) एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (सीएफआरआर) से जुड़े मामलों की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**गोमिया क्षेत्र में ईको टूरिज्म का होगा विकास**

बैठक में गोमिया क्षेत्र में ईको टूरिज्म के विकास पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि इस परियोजना का विकास सांस्कृतिक विरासत एवं प्राकृतिक स्वरूप को केंद्र में रखकर किया जाए, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय की परंपरा, संस्कृति एवं धार्मिक पहचान का संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने वन विभाग को इस दिशा में समन्वित कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**वनाधिकार एवं विकास परियोजनाओं की हुई समीक्षा**

बैठक में गोमिया प्रखंड अंतर्गत सीसीएल राजरप्पा खुली खदान के लिए पूर्व में निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र को अंग्रेजी प्रपत्र में निर्गत करने के अनुरोध पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा झारखंड ऊर्जा संचारण निगम लिमिटेड की 132 केवी एवं 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन निर्माण से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों तथा नावाडीह प्रखंड में देवी महतो कॉलेज से महुआटांड़, पेंक-भाया-डेगागाढ़ा-मुंगो रंगामाटी पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की भी समीक्षा की गई। जरीडीह प्रखंड में निर्गत सामुदायिक वन अधिकार (सीएफआर) को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (सीएफआरआर) में परिवर्तित करने तथा आगामी विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पात्र लाभुकों के बीच वनाधिकार पट्टा वितरण को लेकर भी चर्चा हुई।

**रिकॉर्ड ऑफ राइट्स का सुरक्षित संधारण सुनिश्चित करें**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि वनाधिकार से संबंधित सभी रिकॉर्ड ऑफ राइट्स का सुरक्षित संधारण वन विभाग, जिला कल्याण विभाग एवं संबंधित अंचल कार्यालय में अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि अभिलेखों का संरक्षण, सत्यापन एवं भविष्य में उनकी उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

**दावा पत्रों को अस्वीकृत नहीं, पुनर्विचार के लिए ग्राम सभा को भेजें**

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि वनाधिकार से संबंधित किसी भी दावा पत्र को सीधे अस्वीकृत (रिजेक्ट) नहीं किया जाए। यदि किसी दावा पत्र में त्रुटि अथवा आवश्यक जानकारी का अभाव हो तो उसे आवश्यक सुधार एवं पुनर्विचार के लिए संबंधित ग्राम सभा को वापस भेजा जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभुक अपने अधिकार से वंचित नहीं रहे। उपायुक्त ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम से जुड़े सभी मामलों एवं विकास परियोजनाओं का निष्पादन नियमों के अनुरूप, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए, जिससे विकास कार्यों में तेजी आए और पात्र लाभुकों को समय पर उनका अधिकार मिल सके। बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, वन पदाधिकारी संदीप शींदे, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मनोज कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी सुचिता किरण, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, समिति सदस्य बबुली सोरेन, मेहीलाल मांझी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रज्वला महिला समिति द्वारा सेनेट्री पैड एवं साड़ी का वितरण

**तैतूलमारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रज्वला महिला समिति, सिजुआ क्षेत्र के तत्वाधान में नागरिकलां ग्राम में एक विशेष महिलाओं के स्वास्थ्य को मद्देनजर रखते हुए एक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान समिति की ओर से गांव के सभी महिलाओं के बीच घर घर में जाकर 200 सेनेट्री पैड, 50 साड़ी की वितरण की गई। इस अवसर पर प्रज्वला महिला समिति की अध्यक्ष शर्मिष्ठा चक्रवर्ती ने कहा, हमारी समिति आज इन ग्रामीण महिलाओं के बीच आकर हमलोगों को काफी खुशी हुई। साथ ही साथ महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का बारीकी से ख्याल रखने कहा गया। उन्होंने कहा की घर की महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तब ही अपने बच्चों का, घर का और समाज का सशक्तिकरण होगा। सामग्री प्रकार पूरे गांव की महिलाओं ने प्रज्वला महिला समिति के सदस्यों का भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर समिति की सदस्य श्रीमती बनोश्री नंदा, बबीता दास, अपर्णा चौधरी, रेखा कुमार, नूतन जोशी, कंचन मिश्रा, रोशनी अंसारी , दीपांजलि साहनी तथा नेहाल राज उपस्थित थीं।



### सीबीएसई ईस्ट जोन तीरंदाजी प्रतियोगिता में चंदनकियारी की अपूर्वा को स्वर्ण और शिवम को कांस्य पदक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खूंटी जिले के टोरियन वर्ल्ड स्कूल में 28 से 30 जुलाई 2026 तक आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन तीरंदाजी चैंपियनशिप 2026-27 में हॉली क्रॉस स्कूल, चंदनकियारी (बोकारो) के विद्यार्थियों एवं आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र, चंदनकियारी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के अंडर-17 कंपाउंड बालिका वर्ग (50 मीटर) में अपूर्वा बांडो ने शानदार और सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, अंडर-17 रिकर्व बालक वर्ग (60 मीटर) में कड़े मुकाबले के बीच शिवम कुमार भगत ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दोनों खिलाड़ी हॉली क्रॉस स्कूल, चंदनकियारी में कक्षा 10 के विद्यार्थी हैं तथा आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र, चंदनकियारी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



**उत्कृष्ट उपलब्धि पर दी गई बधाई**

दोनों खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला खेल पदाधिकारी बोकारो हेमलता बुन, हॉली क्रॉस स्कूल की विद्यालय प्रबंधन प्रतिनिधि कमला पॉल, आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र, चंदनकियारी के मुख्य प्रशिक्षक मोहन कुमार साहु तथा सहायक प्रशिक्षक महेंद्र करमाली एवं हेमंत कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों खिलाड़ी भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बोकारो, झारखंड और देश का नाम रोशन करेंगे।

### जिप सभागार में नीति तारा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला परिषद सभागार, बोकारो में गुरुवार को नीति तारा विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंडों के अधिकारियों को नीति तारा टूलकिट के प्रभावी उपयोग, डेटा विश्लेषण, समीक्षा एवं कार्ययोजना निर्माण की जानकारी देना था। प्रशिक्षण में नीति आयोग के विभिन्न संकेतकों की निगरानी, विश्लेषण एवं समीक्षा, रिपोर्ट तैयार करने तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, प्रोजेक्टर एवं लैपटॉप जैसे डिजिटल संसाधनों के समन्वित उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही डेटा आधारित निर्णय प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया। राज्य स्तर से आए प्रशिक्षक उमेश कुमार एवं सहायक प्रशिक्षक बिश्वरूप मंडल ने टूलकिट के विभिन्न मॉड्यूल का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रशिक्षण में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंडों के संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने नीति तारा टूलकिट को योजनाओं की बेहतर निगरानी, समीक्षा एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए उपयोगी पहल बताया।



### 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची व 7 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का होगा प्रकाशन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर 2026) को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने आज पत्रकार वार्ता का आयोजन कर मीडिया को बताया कि एसआइआर प्रक्रिया में निर्धारित समय सीमा के अंदर सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा विधानसभा के 21 लाख 15 हजार 997 मतदाताओं के ईएफ का डिजिटाइजेशन 100% पूरा हो गया है। उन्होंने मीडिया को बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान 173347 एब्सेंट, 184292 शिफ्टेड, 61000 मृत, 24382 डुप्लीकेट व 20773 गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने से मना करने व विदेश में रहने वाले सहित 463794 मतदाताओं का नाम ए.एस.डी.डी.एफ. सूची में शामिल हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया को बताया कि 29 जुलाई तक मतदान केंद्रों का राशनलाइजेशन पूरा कर लिया गया है। पहले जिले में 2372 मतदान केंद्र थे। कुछ विधानसभा में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ी है जबकि कुछ विधानसभा में मतदान केंद्रों की संख्या कम हुई है। राशनलाइजेशन में 112 मतदान केंद्र बढ़े हैं। अब जिले में कुल 2484 मतदान केंद्र है। पहले सिंदरी विधानसभा में 426, निरसा में 424, धनबाद में 458, झरिया में 340, टुंडी में 369 तथा बाघमारा में 355 मतदान केंद्र थे। राशनलाइजेशन के बाद सिंदरी में 457, निरसा में 422, धनबाद में 485, झरिया में 331, टुंडी में 401 एवं बाघमारा विधानसभा में 388 सहित 2484 मतदान केंद्र हो गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्ति करने के लिए समय निर्धारित है। उन्होंने मतदाताओं को समय पर अपने दस्तावेज के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है। कहा कि किसी भी प्रभावित व्यक्ति के लिए दो लेवल की अपील का प्रावधान है।



# उपायुक्त ने की पंचायती राज विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

**लक्ष्य एवं समय-सीमा के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने कार्यालय कक्ष में पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी (डीपीआरओ) मो. सफीक आलम, कार्यपालक अभियंता जिला परिषद सहित अन्य उपस्थित थे।

**विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की। इस क्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने सबकी योजना-सबका विकास अभियान, ग्राम पंचायत विकास योजना, बीआरजीएफ, 13वें, 14वें एवं 15वें वित्त आयोग, ऑनलाइन ऑडिट, ई-ट्रेजरी ऑनबोर्डिंग, पंचायत सचिव रोस्टर, पंचायत ज्ञान केन्द्र स्थापना तथा ईईएसएल भुगतान सहित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया।

**प्रशिक्षण एवं अभियान की स्थिति की समीक्षा**

बैठक में डीपीआरओ ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों द्वारा चयनित एलएसडीजी थीम की प्रविष्टि निर्णय पोर्टल पर शत-प्रतिशत कर दी गई है। ई-ग्राम स्वराज, जीपीडीपी एवं निर्णय पोर्टल के संचालन हेतु वीएलई का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। वहीं, ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित किया जा रहा है।

**वित्त आयोग एवं अन्य मदों की समीक्षा**

जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बीआरजीएफ, 13वें, 14वें एवं 15वें वित्त आयोग मद में उपलब्ध राशि, व्यय एवं अवशेष राशि की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। साथ ही विभिन्न प्रखंडों में वित्त आयोग मद के तहत हुए व्यय की समीक्षा भी की गई। उपायुक्त ने उपलब्ध राशि का समयबद्ध एवं नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित करने तथा लंबित कार्यों में अपेक्षित गति लाने का निर्देश दिया।

**ऑनलाइन ऑडिट एवं पंचायत ज्ञान केन्द्र की समीक्षा**

बैठक में बताया कि जिले की सभी 09 पंचायत समितियों एवं 249 ग्राम पंचायतों का ऑनलाइन ऑडिट कार्य पूर्ण हो चुका है। ई-ट्रेजरी ऑनबोर्डिंग तथा पंचायत सचिवों के रोस्टर की अद्यतन स्थिति से भी उपायुक्त को अवगत कराया गया। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 में चयनित 56 पंचायतों में से 54 पंचायतों में पंचायत ज्ञान केन्द्र स्थापित किए जाने तथा शेष दो पंचायतों में कार्य प्रगति पर होने की जानकारी दी गई। ईईएसएल द्वारा स्थापित एलईडी लाइट से संबंधित लंबित भुगतान की स्थिति पर भी चर्चा हुई।

**लक्ष्य अनुरूप कार्य करने का निर्देश**

उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन निर्धारित लक्ष्य एवं समय-सीमा के अनुरूप सुनिश्चित करें। उन्होंने उपलब्ध वित्तीय संसाधनों का प्रभावी एवं पारदर्शी उपयोग करने, लंबित कार्यों एवं भुगतान का शीघ्र निष्पादन करने तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा।

## रोटरी इंटरनेशनल फाउंडेशन के ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट 'उम्मीद की किरण' का आयोजन 1 से 3 अगस्त तक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के एक निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में रोटरी इंटरनेशनल फाउंडेशन के ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट 'उम्मीद की किरण' निःशुल्क कृत्रिम अंग शिविर की विस्तृत जानकारी मीडिया के साथ साझा की गई। शिविर का आयोजन 1 से 3 अगस्त 2026 तक जैन मिलन, जोड़ाफाटक रोड, धनबाद में किया जाएगा। शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। इस परियोजना का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ द्वारा किया जा रहा है। इसमें रोटरी क्लब ऑफ धनबाद साउथ, इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद, रोटरैक्ट क्लब ऑफ बीआईटी सिंदरी तथा श्री धनबाद श्वेतांबर स्थानकवासी जैन संघ सहयोगी संस्थाओं के रूप में जुड़े हैं। यह इस परियोजना का पाँचवाँ वर्ष है। इसके अंतर्गत झारखंड और बिहार के विभिन्न शहरों में निःशुल्क कृत्रिम अंग शिविर आयोजित किए जाएंगे। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250, जोन-6 के असिस्टेंट गवर्नर श्री विकास शर्मा ने मीडिया को बताया कि आगामी दिनों के लिए चार और शिविर निश्चित हो चुके हैं, जबकि आठ अन्य शिविर प्रक्रिया में हैं।

## 05 अगस्त को प्रकाशित होगी प्रारूप मतदाता सूची, 04 सितम्बर तक किया जा सकेगा दावा एवं आपत्ति

**एसआईआर-2026 के प्रथम चरण का कार्य हुआ पूर्ण, 2,65,804 मतदाता फॉर्म-6 के माध्यम से कर सकेंगे दावा**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के प्रथम चरण, अर्थात फॉर्म वितरण, संग्रह एवं डिजिटाइजेशन का कार्य 29 जुलाई 2026 को सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। आगामी 05 अगस्त 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों, पंचायत सचिवालयों तथा निर्वाचन कार्यालयों में किया जाएगा। जिनका नाम सूची में ना हो या किसी तरह की त्रुटि एवं गड़बड़ी हो तो वे आप्ति व दावा कर सकते हैं। ऐसे मतदाता, जो यह दावा करेंगे कि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल रहना चाहिए, वे 05 अगस्त से 04 सितम्बर 2026 तक फॉर्म-6 भरकर अपने संबंधित बी एल ओ के पास जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, voters.eci.gov.in के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर अपना नाम अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं।

**जिले में विधानसभावार स्थिति**

**34-गोमिया** विधानसभा क्षेत्र : 23,670 **35-बेरमो** विधानसभा क्षेत्र : 44,483 **36-बोकारो** विधानसभा क्षेत्र : 1,78,770 **37-चंदनकियारी** विधानसभा क्षेत्र : 18,881 **कुल :** 2,65,804 मतदाता

05 अगस्त से 04 सितम्बर तक मिलेगा दावा प्रस्तुत करने का अवसर उपरोक्त 2,65,804 मतदाताओं में से जो भी मतदाता यह दावा करेंगे कि उनका नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल रहना चाहिए, वे 05 अगस्त से 04 सितम्बर 2026 तक फॉर्म-6 भरकर संबंधित बी एल ओ के पास जमा कर सकते हैं। साथ ही, voters.eci.gov.in के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त वैसे मतदाता जिनका किसी भी कारण से ड्राफ्ट सूची में नाम छूट गया है, वह भी इस अवधि में अपना दावा आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। दावा प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार जांच एवं कार्रवाई करते हुए पात्र मतदाताओं का नाम अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा।

## जैनामोड़-फुसरो मार्ग की दुर्दशा के विरोध में 3 अगस्त को भाजपा का धरना



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जैनामोड़-फुसरो मार्ग की जर्जर एवं बदहाल स्थिति को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने 3 अगस्त 2026 को धरना देने का निर्णय लिया है। पार्टी का कहना है कि इस महत्वपूर्ण मार्ग की खराब हालत के कारण प्रतिदिन हजारों लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बने गड्ढों एवं जलजमाव के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई है। भाजपा ने कहा कि जैनामोड़-फुसरो मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है, लेकिन लंबे समय से इसकी अनदेखी की जा रही है। इससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों, मरीजों, किसानों, व्यापारियों तथा दैनिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार संबंधित विभाग का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं होने के कारण जनहित में आंदोलन का निर्णय लिया गया है। पार्टी ने बताया कि 3 अगस्त को आयोजित होने वाला धरना पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक होगा। धरने के माध्यम से सरकार एवं संबंधित विभाग से जैनामोड़-फुसरो मार्ग का शीघ्र निर्माण एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में धरना कार्यक्रम में शामिल होकर जनहित की इस आवाज को मजबूत बनाने की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र राज ,जगत्पति सिंह ,अर्जुन सिंह, विक्रम गोस्वामी ,मनोज ठाकुर, ओम प्रकाश सिंह (टीनू सिंह), यदुनंदन जायसवाल, जयनारायण मरांडी ,सतीश राय, शंकर रजक, सुनील मंडल, दिनेश महतो, जितेन्द्र गोस्वामी, सुनील सिंह, बंटी मिश्रा, केदार महतो उपस्थित रहे।

## नीट पास कर होसिर की दीपा कुमारी ने बढ़ाया स्कूल का मान



**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय, होसिर की पूर्व छात्रा दीपा कुमारी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में सफलता प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दीपा की इस उपलब्धि पर गुरुवार को विद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नारायण पंडित व शिक्षकों ने दीपा कुमारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में शिक्षकों ने कहा कि दीपा की मेहनत और लगन आज के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। सीमित संसाधनों के बावजूद उसने कठिन परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया है। सम्मानित होने के बाद दीपा कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, माता-पिता और अपनी कड़ी मेहनत को दिया। उसने कहा कि वह आगे चलकर एक अच्छी डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। वहीं दीपा के पिता तारमेश्वर प्रजापति ने कहा कि वे पेशे से किसान हैं। दिनभर खेतों में कड़ी मेहनत करते हैं, और सीमित संसाधन होने के बावजूद उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने कहा कि घर से कोई डॉक्टर बने,यह उनके पूरे परिवार का सपना था। और इस सपने को साकार करने का प्रयास उनकी पुत्री दीपा ने किया है। उन्होंने विद्यालय के बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि मन मे अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो, बड़े से बड़ा मुकाम भी हासिल किया जा सकता है। इसलिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर खूब मेहनत करें। मौके पर ग्रामीण कमलेश प्रसाद सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर स्कूल और बोकारो रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहयोगिनी संस्था द्वारा 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन' पहल के तहत बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड स्थित बालिका उच्च विद्यालय जैनामोड़ और बोकारो रेलवे स्टेशन पर अंतर्राष्ट्रीय मानव दुव्यार्पार विरोधी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी के समन्वयक रवि कुमार राय ने मानव तस्करी जैसी गंभीर समस्या पर प्रकाश डालते हुए कहा, "विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस हर साल 30 जुलाई को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2013 में इसकी शुरूआत मानव तस्करी के पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करने और इस अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी।" उन्होंने सरकारों और संगठनों से इस आधुनिक गुलामी को समाप्त करने के लिए कड़े व ठोस कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश भर में मानव तस्करी एवं मानव दुर्व्यपार के खिलाफ लगातार जनजागरण तथा पीड़ितों की सहायता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बोकारो जिला में सहयोगिनी के द्वारा सघन रूप से मानव तस्करी के खिलाफ अभियान जारी है। इस अवसर पर सहयोगिनी की एनिमेटर सोनी कुमारी ने उपस्थित लोगों और बच्चों को बाल तस्करी, बाल विवाह और बाल मजदूरी के दुष्परिणामों व रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेमलता, सहायक चंद्रशेखर लीलन, सहयोगिनी की ओर से अनिल कुमार, सूर्यमणि देवी, विकास कुमार तथा बोकारो रेलवे स्टेशन सुनील कुमार, राकेश कुमार, मनोज कुमार, अशोक राम अरुण सिंहा चाइल्ड लाइन से मुकेश कुमार अन्य लोगों उपस्थिति थे।

# शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में होगा स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में होने वाले मुख्य समारोह को लेकर बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने मुख्य समारोह की सारी तैयारियां 13 अगस्त तक पूरी कर लेने, साफ सफाई, शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में अग्निशमन वाहन के साथ एंबुलेंस व चिकित्सक की टीम रखने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र, सरकारी विद्यालय सहित जिले के सभी सरकारी भवनों में झंडोत्तोलन करने तथा स्वतंत्रता दिवस से पूर्व जिला व प्रखंड के सभी सरकारी भवन व परिसर की अच्छे से साफ सफाई व रंग रोगन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश पर इस बार बेलगड़िसा स्थित जेआरडीए के प्रशासनिक भवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। समारोह में बेलगड़िया कॉलोनी के सभी निवासियों को आमंत्रित किया जाएगा। शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में डीएपी व एनसीसी के दो - दो प्लाटून तथा सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, जेएपी, होमगार्ड, भारतीय स्काउट एंड गाइड, ग्रामीण पुलिस के एक - एक प्लाटून परेड में हिस्सा लेंगे। 9 अगस्त से 13 अगस्त तक परेड का पूर्वाभ्यास शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में किया जाएगा। 13 अगस्त को उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में परेड के पूर्वाभ्यास व समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे।मुख्य समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों के साथ साथ विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। 14 अगस्त व 15 अगस्त की संध्या शहर के श्रमिक चौक, स्टील गेट, रणधीर वर्मा चौक, अंबेडकर चौक सहित अन्य प्रमुख चौक चौराहों तथा समाहरणालय भवन, मिश्रीत भवन, अनुमंडल कार्यालय भवन, वाणीज्य कर कार्यालय व अन्य प्रमुख भवनों को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा। जिला एवं प्रखंड के सभी चौक चौराहे पर स्थापित प्रतिमा की साफ सफाई भी की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे जिले में ड्राई डे रहेगा। वहीं 14 अगस्त की संध्या न्यू टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मंच संचालन, गोल्फ ग्राउंड का समतलीकरण, साज सज्जा, साफ सफाई, परेड, सुरक्षा, आगंतुकों के स्वागत तथा उन्हें निर्धारित स्थान पर बैठाने, विधि व्यवस्था, सोशल मीडिया में कार्यक्रम के लाइव प्रसारण इत्यादि पर उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, नगर आयुक्त आशिष गंगवार, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) अरविन्द कुमार ओझा, अपर समाहर्ता प्रदीप कुमार शुक्ला, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एएनएम एंटरेंस कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन 2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का प्रेझा फाऊंडेशन एक विशेष परियोजना वाहन (एसपीवी) है इसके अंतर्गत राज्य की गरीब वंचित एवं सामाजिक रूप से पिछड़े छात्रों के लिए एएनएम नर्सिंग कौशल कॉलेज संचालित किया जा रहे हैं। इस फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं एवं कारपोरेट अस्पतालों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी किया गया है ताकि उत्तीर्ण छात्राओं को स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर से बेहतर रोजगार के अवसर सुनिश्चित हो सके। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) द्वारा एएनएम एंटरेंस कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन 2026 का ऑनलाइन आवेदन 16 जुलाई 2026 से प्रारंभ हो चुका है। आवेदन की अंतिम तिथि 09 अगस्त 2026 तथा प्रवेश परीक्षा आगामी 23 अगस्त 2026 को आयोजित की जाएगी।

**आवेदन के लिए पात्रता निम्न है**

परीक्षा हेतु पात्रता झारखंड की निवासी छात्राएं होनी चाहिए। इंटरमीडिएट (कला/ विज्ञान/ वाणिज्य) उत्तीर्ण होनी चाहिए। अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी), पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एवं अल्पसंख्यक (माइनारिटी) वर्ग की छात्राएं ही आवेदन के लिए पात्र हैं। आवेदन पत्र की उपलब्धता एवं अन्य जानकारी के लिए वेबसाइट पर देखा जा सकता है- निःशुल्क आवासीय कोचिंग का नया बैच प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक छात्राएं शीघ्र अपना पंजीकरण कर अपने निकटतम नर्सिंग कौशल कॉलेज में रिपोर्ट करें तथा निःशुल्क आवासीय कोचिंग का लाभ उठाएं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

C M Y K